सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:46
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-231 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 31 जनवरी 2024
19 रजब, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### आठ नई फ्लाइट मिलीं

**अयोध्या।** राम मंदिर दर्शन को सुगम बनाने के लिए अयोध्या के लिए देश के आठ नए शहरों से विमान सेवाएं घोषित की गई हैं। इन आठ शहरों में मुंबई, पटना, बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर और दरभंगा शामिल है। एक फरवरी 2024 से इन विमानों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके पहले भी कई शहरों से विमान संचालित हो रहे हैं। राम मंदिर दर्शन को सुगम बनाने के लिए अयोध्या के लिए देश के आठ नए शहरों से विमान सेवाएं घोषित की गई हैं। इन आठ शहरों में मुंबई, पटना, बेंगलुरु, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर और दरभंगा शामिल है। एक फरवरी 2024 से इन विमानों का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके पहले भी कई शहरों से विमान संचालित हो रहे हैं।

### योगी मंत्रिमंडल का अयोध्या दर्शन स्थगित

**लखनऊ।** अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने योगी मंत्रिमंडल का 1 फरवरी को प्रस्तावित रामलला दर्शन कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 फरवरी को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या में रामलला का दर्शन करने की घोषणा की थी। पीएम नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते केंद्रीय कैबिनेट के मंत्रियों से फरवरी में रामलला के दर्शन करने नहीं जाने को कहा है। उनका मानना है कि अयोध्या में प्रतिदिन दो से तीन लाख रामभक्त रामलला के दर्शन कर रहे हैं।

### तीन जवान शहीद

**बीजापुर।** बीजापुर-सुकमा सीमा पर जोनागुड़ा और अलीगुड़ा के पास नक्सलियों के साथ गोलीबारी में तीन जवान बलिदान हो गए। वहीं, 15 जवान घायल हैं। घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह वही जगह है, जहां 2021 में 23 जवानों की जान गई थी। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने टेकुलगुडम कैंप पर मंगलवार सुबह अचानक से हमला कर दिया। इस घटना में कुल 18 जवान घायल हुए, जिसमें से तीन जवान बलिदान हो गए। घायल जवानों को चोपर से जगदलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### ईडी के रडार पर सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुसार 30 घंटे से अधिक समय तक अपताजनक थे, मंगलवार को रांची पहुंचे। सोरेन, जिन्होंने अपने आधिकारिक आवास पर झामुमो विधायकों से मुलाकात की, कथित भूमि धोखाधड़ी मामले में जांच एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कगार पर हैं। ईडी ने कम से कम तीन मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की अपनी जांच में कथित तौर पर सोरेन के खिलाफ ठोस सबूत जुटाए हैं।

# 15 दोषियों को सजा-ए-मौत

## केरल में भाजपा नेता की हत्या के मामले में बड़ा फैसला

**दोषी**

- मां और पत्नी के सामने की थी बीजेपी नेता की हत्या
- 15 दोषी पीएफआई से जुड़े



**अलप्पुझा।** केरल की एक अदालत ने अलप्पुझा में दो साल पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की हत्या के मामले में प्रतिबंधित इस्लामिक कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 15 दोषियों को मौत की सजा सुनाई है।

भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के नेता के मर्डर केस में कोर्ट ने इन्हें एक हफ्ते पहले ही दोषी करार दिया था। मामले में मावेलिक्कारा की अतिरिक्त जिला सत्र अदालत ने अब सजा का एलान किया है। सजा का एलान अतिरिक्त जिला जज वीजी. श्रीदेवी की तरफ से किया गया। अभियोजन पक्ष ने मामले में दोषियों के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी और कहा था कि सभी दोषी प्रशिक्षित हत्यारे हैं। जिस क्रूर तरह से इन लोगों ने पीड़ित को उसकी मां-पत्नी और बच्चों के सामने मारा, वह दुर्लभतम अपराध की श्रेणी में आता है। आरोप था कि 19 दिसंबर 2021 में भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रंजीत श्रीनिवासन पर पीएफआई और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) से जुड़े कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया था। इस दौरान उनके घर में उन्हें परिवार के सामने ही बुरी तरह पीटा गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना से कुछ पहले ही 18 दिसंबर की रात को एक गिरोह ने एसडीपीआई नेता केएस. शान की हत्या कर दी थी। घटना के समय वह अलप्पुझा में अपने घर लौट रहे थे।

### फैसले का किया स्वागत

मावेलिककरा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जी.श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया और 22 जनवरी को सजा सुनाने का फैसला किया था। हालांकि, आज मावेलिककरा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश वी.जी.श्रीदेवी ने मामले पर दोषियों को सजा सुनाई है। इस फैसले से परिवार काफी खुश है और उनका मानना है कि उन्हें न्याय मिल गया है।

# ईडी ने आठ घंटे में तेजस्वी यादव पर दागे 50 सवाल

**घोटाला**

- बाप-बेटे के जवाबों का किया मिलान
- दिल्ली के आवास, कमाई के दूसरे स्रोतों पर ईडी ने तेजस्वी से किए सवाल

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय के तीन-तीन समन के बाद आखिरकार मंगलवार को राजद के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने हाजिर हुए।

तेजस्वी यादव से आठ घंटे तक लगातार पूछताछ हुई। ईडी के अधिकारियों ने लगभग 50 सवालों की एक लिस्ट तैयार की थी, जिन्हें आधार बनाकर पूछताछ लगातार आगे बढ़ती रही। तेजस्वी यादव को जमीन के बदले नौकरी मामले में 19 दिसंबर को पहला समन दिया गया था। समन के अनुसार, उन्हें 22 दिसंबर को इस मामले में पूछताछ के लिए हाजिर होना था, लेकिन राजनीतिक व्यस्तता की वजह से तेजस्वी पूछताछ को नहीं पहुंचे। इसके बाद दूसरा समन देकर तेजस्वी को पांच जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया, लेकिन दूसरे समन में भी तेजस्वी हाजिर नहीं हुए। तीसरे समन के बाद तेजस्वी ईडी दफ्तर पहुंचे। वे सुबह करीब 11.15 बजे अपने आवास से निकले और बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। बैंक रोड में तेजस्वी के पहुंचने के पहले ही राजद नेताओं का हुजूम उमड़ पड़ा था। अपने नेता के समर्थन में पार्टी-नेता-कार्यकर्ता प्रदर्शन करते दिखे।



# सीएम योगी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



- दीपदान व भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित हुआ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजधानी लखनऊ में बापू की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में वीरगति प्राप्त करने वाले ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि-पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। सीएम योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों सहित गणमान्य लोगों ने इसमें शिरकत की। आपको बता दें, इससे पहले आज अपने एक्स पोस्ट में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, बापू के विचार एक भारत-श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी शिक्षाओं में रामराज्य और विश्व शांति की कामना का भाव अंतर्निहित है।

# निलंबित सांसदों की सदस्यता होगी बहाल

## संसद के बजट सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक, धनखड़ ने 11 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द किया

**सहमति**

- सस्पेंड किए गए थे 146 सांसद
- मोदी सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार
- कांग्रेस ने ईडी-सीबीआई का मुद्दा उठाया





सभी का निलंबन वापस लिया जाएगा। हमने सरकार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति से अनुरोध किया है और वे सहमत हो गए हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले विभिन्न दलों के नेताओं से कहा गया था कि सांसदों को सत्र के दौरान कक्ष के अंदर कोई तख्तियां या इसी तरह की सामग्री लाने की अनुमति नहीं होगी। उन्हें इस निर्णय का पालन करना चाहिए था। नियमों के उल्लंघन की वजह से ही कार्रवाई की गई। बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा।

**प्रल्हाद जोशी, संसदीय कार्य मंत्री**

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निलंबित किए गए 14 विपक्षी सांसद बजट सत्र में भाग लेने के लिए वापस आएंगे। इन सभी का मामला विशेषाधिकार समितियों को भेजा गया था।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि इसे लेकर सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा से अनुरोध किया था, जिस पर दोनों सदनों के अध्यक्ष सहमत हो गए हैं। दरअसल, लोकसभा और राज्यसभा दोनों समितियों ने सिफारिश की थी कि शीतकालीन सत्र के दौरान सांसदों द्वारा आचरण के लिए खेद व्यक्त करने के बाद उनका निलंबन वापस लिया जाए। सांसदों के लगातार विरोध प्रदर्शन के बाद लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ा था। इस बीच राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने 11 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया है। इन 11 सांसदों को पैनल ने विशेषाधिकार हनन का दोषी ठहराया था। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषाधिकार समिति ने कथित तौर पर राज्यसभा के सभापति को सिफारिश की है कि सदस्यों द्वारा पहले ही झेली गई निलंबन की अवधि को अपराध के लिए पर्याप्त सजा के रूप में माना जाए। 146 सांसदों में से 132 को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। परिणामस्वरूप, सत्र के अंत में उनका निलंबन हटा लिया गया। शेष 14 सांसदों, 11 राज्यसभा से और 3 लोकसभा से, के लिए मामला दोनों सदनों की विशेषाधिकार समितियों को भेजा गया था। बता दें कि संसद के पिछले सत्र के दौरान कुल 146 विपक्षी सांसदों को सदन में तख्तियां लाने और बार-बार संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित कर दिया गया था। इनमें 100 लोकसभा और बाकी राज्यसभा से थे।

# राम दरबार में पहुंचे 350 मुस्लिम

**आस्था**

- आंखों में आंसू और जुबां पर श्री राम का नाम
- लखनऊ से पैदल चल पहुंचे अयोध्या



**अयोध्या।** मंगलवार का दिन विश्व इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के 350 श्रद्धालु छह दिन की पदयात्रा कर के लखनऊ से अयोध्या श्री राम मंदिर, राम लला के दर्शन करने पहुंचे। इस दल का नेतृत्व मंच के संयोजक राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान ने किया। दर्शन के बाद सभी श्रद्धालुओं की आंखों में गर्व के आंसू और जुबान पर श्री राम का नाम था।

राजा रईस और प्रांत संयोजक शेर अली खान लखनऊ से छह दिन की पदयात्रा करके 350 मुस्लिम श्रद्धालुओं के साथ दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचे थे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुस्लिम श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में मंच की सीता रसोई भी चल रही थी जो श्रद्धालुगण के जलपान और भोजन की सात्विक व्यवस्था कर रही थी। इस तरह लखनऊ से अयोध्या के बीच के लगभग 150 किलोमीटर की दूरी को यह भरी लाव लश्कर ने छह दिनों में पूरा किया। इस दौरान हर 25 किलोमीटर के बाद यात्रा एक पूर्व निर्धारित स्थान पर रात्रि विश्राम के लिए रुकती थी और फिर अगली सुबह निकल पड़ती थी अपने नए पड़ाव की ओर। इस तरह छह दिनों के अथक परिश्रम के बाद फटे जूते, जख्मी और छालों से भरे पैरों के साथ श्रद्धालों ने आखिरकार श्री राम को पा लिया, अपने आराध्य के दर्शन कर। मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह दल 25 जनवरी को लखनऊ से चला था और रोजाना 25 किलोमीटर पदयात्रा कर के दर्शन करने पहुंचा था। शाहिद ने बताया कि इस मौके पर श्रद्धालुओं ने कहा कि इमाम ए हिंद राम के गरिमाई दर्शन का यह पल उनके पूरे जीवनकाल के लिए सुखद स्मृति के रूप में रहेगा। मुस्लिम श्रद्धालुओं ने श्री राम मंदिर परिसर से एकता अखंडता संप्रभुता और सौहार्द का संदेश दिया।

### सुपर-6 में टीम इंडिया का जीत के साथ आगाज

**ब्लोमफोंटेन।** भारत ने सुपर सिक्स ग्रुप-1 के अपने मुकाबले में न्यूजीलैंड को 214 रन से हराया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 295 रन बनाए थे। मुशीर खान ने 131 रन की पारी खेली थी। वहीं, आदर्श सिंह ने 52 रन बनाए थे। जवाब में कीवी टीम 28.1 ओवर में 81 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा रन कप्तान ऑस्कर जैक्सन (19) ने बनाए। भारत के लिए सौमी पांडे ने चार विकेट लिए। वहीं, मुशीर खान और राज लिम्बानी को दो-दो विकेट मिले। भारत ने ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मैच जीते थे। भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन, दूसरे मैच में आयरलैंड को 201 रन और तीसरे मैच में अमेरिका को 201 रन से हराया था। ग्रुप-ए में टीम इंडिया शीर्ष पर रही थी।

# मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू की बढ़ी मुसीबत

- पीएम मोदी और भारत से माफी मांगें मोइज्जू



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों लक्षद्वीप की यात्रा की थी और इसे मालदीव जैसा बताया था। इसके बाद मालदीव में मोइज्जू की सरकार के मंत्रियों ने पीएम मोदी की आलोचना की।

इस पर उन्हें पद से हटा दिया गया। वैसे मोइज्जू जब से राष्ट्रपति बने हैं, वे भारत विरोधी कदम उठा रहे हैं। लेकिन इस कारण मालदीव का भारतीय पर्यटकों ने बायकॉट कर दिया। इसका खामियाजा मालदीव का उठाना पड़ा है। इसी बीच मालदीव में विपक्ष पूरी तरह मोइज्जू का विरोध कर रहा है। यहां तक कि मोइज्जू के खिलाफ विपक्ष महाभियोग लाने की तैयारी में है। इसी बीच विपक्ष के एक बड़े नेता ने मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू से कहा है कि वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत से माफी मांगें। मालदीव जम्हूरी पार्टी (जेपी) के नेता कासिम इब्राहिम ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के लोगों से औपचारिक रूप से माफी मांगने की बात कही है। कासिम इब्राहिम ने कहा कि पड़ोसी देश के बारे में हमें इस तरह से बात नहीं करनी चाहिए, जो दोनों देशों के रिश्ते को प्रभावित करती है।






**लोकसभा चुनाव**

## सपा ने जारी की 16 उम्मीदवारों की पहली सूची

# मैनपुरी से डिम्पल यादव लड़ेंगी चुनाव

**प्रत्याशी**

- लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फिरोजाबाद से अक्षय यादव को टिकट



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर दी है। मैनपुरी से डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

बीते विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बसपा छोड़कर वे सपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें कटेहरी विधानसभा सीट से टिकट दिया था। वे चुनाव जीतकर विधायक भी बने। विधायक रहते अब सपा ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी अधिकृत तौर पर घोषित किया है। बसपा सरकारों में कैबिनेट मंत्री रह चुके लालजी टांडा सीट से भी विधायक रह चुके हैं। लोकसभा चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी पिछले कुछ समय से काफी सक्रिय नजर आ रही है। अभी कुछ दिन पहले ही पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा था कि उत्तर प्रदेश में इंडिया में सीट बंटवारे को लेकर सहमति गई है। लोकसभा की 11 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। हालांकि इसके बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि सपा को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। सूत्रों की माने तो कांग्रेस 20 सीटों की मांग कर रही है। पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) सरकार का नारा बुलंद करने वाली सपा अगड़ों को भी जोड़ने की मुहिम शुरू करने जा रही है। समाजवादियों की रणनीति है कि पीडीए को उनके अधिकार दिलाएंगे, पर किसी का भी साथ लेने से कोई परहेज नहीं है।

### प्रत्याशियों की सूची

संभल से शफिकुर्रहमान बर्क, फिरोजबाद से अक्षय यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव, एटा से देवेश शाक्य, बंदायू से धर्मेंद्र यादव, खीरी से उत्कर्ष वर्मा, धौरहरा से आनंद भदौरिया, उन्नाव से अन्नु टंडन, लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा, फर्रुखाबाद से डॉ नवल किशोर शाक्य, अकबरपुर से राजाराम पाल, बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल, फैजाबाद से अवधेश प्रसाद, अंबेडकरनगर से लालजी वर्मा, बस्ती राम प्रसाद चौधरी गोरखपुर से काजल निषाद को सपा ने प्रत्याशी बनाया है।

# पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना हैदराबाद का किया गया औचक निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना हैदराबाद का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए। साथ ही द्वारा माल सम्बन्धी वाहनो को तरकीब से खडा कराते हुए उनके निस्तारण व गैराज मे रखे माल को गैराज से हटवाकर खाली करवाने थाना परिसर मे बने तालाब की फेंसिंग व सौन्दर्गीकरण हेतु निर्देशित किया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर डीएम ने की बैठक

**लखीमपुर खीरी।** जिले में 01 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।डीएम ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा, पोषण में सुधार व उन्हें गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का सफल संचालन महत्वपूर्ण है। एक फरवरी को 1-19 साल के सभी बच्चों,किशोर-किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजॉल) सभी स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क खिलाई जाएगी।गैर-पंजीकृत और स्कूल ना जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई नज़दीकी आंगनवाड़ी केन्द्र में खिलवाएं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दिन छूट गए बच्चों को मॉप अप दिवस 05 फरवरी को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बच्चों एवं किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, शैक्षणिक स्तर में वृद्धि के लिए स्कूलों और आंगनबाड़ियों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।

## नकब लगाकर चोरो ने की लाखो के सामान की चोरी

**लखीमपुर खीरी।** सुंदरवल कस्बे मे एक टेंट, डीजे की दुकान मे नकब लगाकर चोरो ने लाखो का सामान चोरी कर भाग निकले। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नही की है। सुंदरवल निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि बाजार मे उसकी टेंट हाउस और डीजे की दुकान है। रात चोरो ने पीछे के गेट साइड दीवार मे सेंध लगा दी। चोरो ने अंदर दुकान, गोदाम से सिलिंग, कई पर्दे, पाइप, तार के 6 बंडल, एलइडी बलव पेटी और जनरेटर का अल्टर समेत करीब ढाई लाख कीमत का सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित दुकानदार ने बताया सोमवार को सहालग की बुकिंग थी।

# बदनाम भूरा की शूटिंग हुई पूरीः बी एल द्विवेदी

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** निर्माता बी एल द्विवेदी इन दिनों अपनी भोजपुरी फिल्म बदनाम भूरा, को लेकर सुर्खियों मे बने हुऐ हैं। उन्होंने एक्शन कामेडी और रोमांश से भरपूर फिल्म बदनाम भूरा की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फ़िल्म मे श्री द्विवेदी ने खुद भूरा का निगेटिव करिदार निभाया है। उन्होंने स्वयं अपने लुक की तस्वीर को साझा करते हुऐ यह जानकारी मीडिया को दी। श्री द्विवेदी के मुताबिक़ फिल्म बदनाम भूरा उनके लिए अच्छा अनुभव है। फिल्म में अभिनेता संजय वर्मा, शैलेष राय,सत्येंद्र सिंह और अभिनेता इंद्रसेन यादव आदि के अभिनय और सहजता के बारे मे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। यह फिल्म स्वयं निर्माता बी एल द्विवेदी द्वारा लिखित और सत्येंद्र सिंह द्वारा निर्देशित है। फिल्म को रोमांस के सात गानों से सजाया गया है। अभिनेत्री मेघा सक्सेना और करिश्मा फिल्म में मुख्य हीरोइन की भूमिका में हैं। वहीं सत्येंद्र सिंह हीरो विक्रम की भूमिका में हैं। अभिनेत्री वंदना बाजपेयी मां की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री डाली सिंह पुलिस



इंस्पेक्टर और सिकंदर साहनी निगेटिव पुलिस सब इंस्पेक्टर की भूमिका में हैं। फिल्म में अभिनेत्री प्रियंका चौधरी और दिव्या मिश्रा मनमोहक भूमिका में नज़र आयेंगी। वहीं अभिनेता संजय वर्मा एक मंत्री और अभिनेता इंद्रसेन यादव फिल्म में डीएसपी की भूमिका मे हैं। अभिनेता शैलेश राय मुख्य विलेन गंगास्वमी और स्वयं श्री द्विवेदी फिल्म में विलेन भूरा की भूमिका में नज़र आएंगे। चुन्नू - मुन्नू के नाम से मशहूर कमेडियन राजेश और आशीष फिल्म में अपनी कमेड़ी से दर्शकों को गुदगुदाते नज़र आयेंगे। श्री द्विवेदी ने मीडिया के माध्यम से फिल्म की इस आनंदमय यात्रा के लिए फिल्म की पूरी टीम का धन्यवाद। प्यार और प्रार्थनाएं हमेशा रहें। जब तक हम लोग दोबारा नये प्रोजेक्ट के लिए न मिलें।

# निर्माण सम्बंधी शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करें



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज संभव जनसुनवाई आयोजन में अपर नगरायुक्त ने लोगों की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। उनके आदेशों के अनुपालन में आज आयी 15 शिकायतों में से सात शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया गया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने आज जनसुनवाई संभव में शिकायतों को सुनते हुए अधिकारियों को साफ सफाई, सीवर व जलकल आदि शिकायतों पर तुरंत टीम भेजकर उनका निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिस पर सफाई, सीवर, आदि की सात शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया तथा सड़क व नाला निर्माण आदि शिकायतों के सम्बंध में सम्बंधित विभाग के अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत पर अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। आज कुल 15 संदर्भ प्राप्त हुए, इनमें से सात संदर्भों का तत्काल निस्तारण कराया गया। संभव के दौरान आज आई शिकायतों में स्वास्थय विभाग से सम्बंधित 2, जलकल से सम्बंधित 3, निर्माण सम्बंधी 8, उद्यान व अतिक्रमण सम्बंधी एक-एक शिकायत प्राप्त हुई।

## तालाबों की साफ-सफाई के साथ ही किया जाए सौन्दर्यीकरणः हाजी फज्लुर्रहमान

# वुडन क्षेत्र खाताखेडी का किया जाए सौन्दर्यीकरण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सांसद हाजी फज्लुर्रहमान ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के आपसी समन्वय से ही विकास परियोजनाओं एवं जनहितकारी योजनाओं का धरातल पर सफल संचालन संभव है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि अद्यतन शासनादेश के अनुसार कार्य करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम शिलापट्ट पर अंकित कराते हुए उन्हें समय से शिलान्यास एवं लोकार्पण की सूचना देकर आमंत्रित किया जाए। उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझावों एवं अनुभवों का लाभ प्राप्त करें।

सांसद हाजी फज्लुर्रहमान विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, राष्ट्रीय



सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, अटल मिशन फोर रैजुवेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफेरमेशन, स्मार्ट सिटी मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना कार्यक्रम आदि योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। हाजी फज्लुर्रहमान सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर निगम में शामिल जनपद के 32 गांवों को 24 घण्टे विद्युत मिलने, देश में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाने एवं आपातकालीन लैण्डलाईन नम्बर के निरंतर संचालन पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। सांसद हाजी फज्लुर्रहमान ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के तहत पाईपलाइन बिछाने के लिए जो सडकें तोडी गयी है उन्हें शीघ्रता के साथ एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पुनर्स्थिति में लाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि विभागों को सौंपी गयी जिम्मदारियों का समय से निर्वहन सुनिश्चित किया जाए जिससे आमजन की आवागमन में होने वाली समस्याएं दूर हो सके। उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि जर्जर एवं लटकी हुई विद्युत तारों को विद्युत विभाग तुरन्त सही कराए। खाताखेडी जो कि लकडी का बडा मार्किट है को सडक, विद्युत एवं विकास की अन्य योजनाओं से जोडते हुए उसका सौन्दर्यीकरण किया जाए जिससे की ओडीओपी के तहत हो रहे कार्यो को और अधिक बढावा मिल सके। उन्होने कहा कि जनहित के कार्यों में देरी और लापरवाही न बरती जाए। विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता से कार्य करें साथ ही सभी जनप्रतिनधियों को सरकारी कार्यों की समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

## समाजवादी पार्टी ने लोकसभा 2024 के लिए किया प्रत्याशी घोषित



**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा 2024 के लिए खीरी लोकसभा से उत्कर्ष वर्मा को और धौरहरा लोकसभा से आनंद भदौरिया को प्रत्याशी घोषित किया।

## जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** मझगई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपियों के पास फड़ से पुलिस को 3950 व तलाशी में बारह सौ रुपए बरामद हुए। आरोपियों के पास से पुलिस को ताश के 52 पत्ते भी बरामद हुए। आरोपियों पर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई दिलीप कुमार, आरक्षी रविन्द्र कुमार शुक्ला व सुभाष शामिल रहे।

## विदेशी छात्र की संदिग्ध हालात में मौत



**सहारनपुर।** मिर्जापुर स्थित ग्लोकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने आए एक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव किराए पर लिए गए एक कमरे में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आपको बता दे की मिर्जापुर स्थित ग्लोकल यूनिवर्सिटी में जिम्बाब्वे का एक छात्र केशरी सिंबराशे पढ़ने आया था और बादशाहीबाग में ही किराए के कमरे में रह रहा था। छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई उसका शव कमरे में पड़ा मिला। घटना की खबर मिलते ही थाना मिर्जापुर कार्यवाहक प्रभारी मनोज चौधरी और बादशाहीबाग पुलिस चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों और उसके साथियों को दे दी है। बताया जाता है कि मृतक केशरी सिंबराशे निजेल ग्लोकल यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए आया था। जिसकी पढ़ाई डेढ वर्ष पहले पूरी हो चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद भी मृतक मिर्जापुर व बादशाहीबाग में ही जगह बदल बदल कर रहे रहा था। स्थानीय पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## नगर विधायक राजीव ने किया सड़कों का लोकार्पण

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि नगर का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में आज सड़कों का लोकार्पण किया गया, जिससे कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें और सरकार की जनकल्याणरी योजनाओं से हर कोई लाभान्वित हो सकें।

नगर विधायक राजीव गुम्बर आज निगम के वार्ड 13 में विधायक निधि से निर्मित सड़कों के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने सड़को का लोकार्पण किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद मे विकास कार्यो को कराया जा रहा है। जिससे कि लोगो को काफी लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे पूरा प्रदेश विकास कर रहा है।

# भारत महोत्सव का आलमी मुशायरा व कवि सम्मेलन दुबई में आपनी अदबी शान और शौकत के साथ संपन्न हुआ




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** आलमी सतह पर पिछले 22 वर्षों से भारत से हजारों मील दूर अदबी तंजीम साहित्यिक संध्या की नींव 2003 में रखी गई थी जिस की कड़ी के तौर पर भारत महोत्सव का मुशायरा कवि सम्मिलन 27 जनवरी 2024 को रात्रि 8 बजे दुबई के शेख राशिद ऑडिटोरियम में अपनी पुरानी परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पहले हिस्से का संचालन जेद्दा सऊदी अरब से आए श्री अज़ीज़ुर रब ने किया।समारोह की शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय गीत से हुई।

इस वर्ष भारत के कवि सम्मेलन मुशायरे में जिन कवियों और शायरों ने शिरकत की उनमें पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, अमेरिका से आए डॉक्टर अब्दुल्लाह,अंजुम रहबर, ताहिर फ़राज़, प्रो. नय्यर जलालपुरी, डॉ. माजिद देवबंदी, अलताफ ज़िया,राधिका गुप्ता, विभा शुक्लाऔर दमदार बनारसी का नाम शामिल है. अध्यक्षता श्री उदय प्रताप सिंह ने की जबकि निज़ामत प्रो. नय्यर जलालपुरी ने की। विशेष अतिथि के तौर पर एम एल ए तथा महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी और समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता डॉक्टर अज़ीज़ अहमद खान उपस्थित रहे। मुशायरा कवि सम्मेलन में 175 पेज की एक पत्रिका भी प्रकाशित की गई जिस का विमोचन भी किया गया जिसमें शायरों के कलाम के अलावा कई ज्ञानवर्धक लेख लिखे गए हैं जो अपने आप में एक मिसाल हैं भारतीय लोकतंत्र का जश्न मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में दुबई में रह रहे दुनिया भर के जाने-माने लोगों ने भी इस समारोह में बड़े उल्लास के साथ हिस्सा लिया।

## आशा मार्डन इंटर नेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**सहारनपुर।** 11वीं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आशा मार्डन इंटर नेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने रजत व कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। आज विद्यालय पहुंचे पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

गौरतलब रहे कि राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित 11वीं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जो 26 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए आशा मॉडर्न इंटरनेशनल के खिलाड़ी राघव मिधा ने 50 किलो भार वर्ग में रजत पदक एवं कनिष्क ने 90 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा निखिल चौधरी एवं कृष्ण ने भी प्रतिभागी किया। ज्ञात हो की विभिन्न राज्यों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभाग किया था।

## गांधी जी की पुण्य तिथि पर ध्यान सभा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने कहा कि योग के बुनियादी गुणों को आत्मसात करने वाले महात्मा गांधी के जीवन का आधार गीता दर्शन और भगवान राम ही रहे। सच्चे कर्मयोगी और घोर तपस्वी रहे महात्मा गांधी का निधन भी बिरला मंदिर से प्रार्थना सभा से निकलते हुए हुआ और उनके मुंह पर मरते समय भी राम शब्द ही रहा।

भारत भूषण नेशन बिल्डर्स अकादमी में गांधी जी की पुण्य तिथि पर आयोजित चिंतन एवं ध्यान सभा में बोल रहे थे। स्वामी भारत भूषण ने कहा कि राम, कृष्ण, नानक, कबीर, रैदास, बुद्ध, महावीर, दयानंद, पटेल और सुभाष सरीखी दिव्य विभूतियों की तरह महात्मा गांधी भी भारत राष्ट्र की अमर संतान हैं, इनमें से एक भी इस देवभूमि भारत राष्ट्र का पिता नहीं हो सका। योग गुरु बोले कि अक्सर प्रशंसा में हम कई बार सारी हदें लांघ जाते हैं। न जाने किसने गांधी जी की प्रशंसा करते हुए कभी उन्हें राष्ट्रपिता कहने की भूल कर दी होगी, संविधान में भी गांधी जी के राष्ट्रपिता होने का कहीं जिक्र नहीं है और हो भी नहीं सकता क्योंकि पिता तो जन्म देने वाला होता है जैसे कुछ नए देश बनाने वाले लोगों को उन देशों में फादर ऑफ नेशन कहा गया है।

## दूषित जल के दुष्परिणामों से कराया अवगत

**सहारनपुर।** जल संरक्षण को विकास खंड के ग्रामों में स्लोगन, लेखन, वॉल पेन्टिंग के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया तथा जल ही जीवन का संदेश दिया गया। विकास खण्ड रामपुर मनिहारान में राज्य पेय जल तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल जीवन मिशन हर घर जल संस्था मेसर्स फ्ल्कॉन द्वारा विकास खण्ड के समस्त ग्राम पंचायतो में स्लोगन लेखन, दीवारों पर कर लोगो को जागरूक किया गया। ग्राम सभा महेशपुर, सवीरपुर, बडौली, बड़गाँव, कचराई, कटला, चिरो, बरसा के निवासियों ने सरकार के इस कदम को बेहद लाभप्रद बताया। दीवारो पर लेखन कर संस्था फ्ल्कॉन ने सरकार के इस उद्देश्य को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रही है। दूषित जल से निपटारा और पेयजल का सही प्रयोग कैसे किया जाए, सभी तरह के स्लोगन से गाँव की दीवारो पर लिखे जा रहे है।

# अनियंत्रित डंपर खाई में पलटा, बड़ा हादसा टला



*अवधनामा संवाददाता*

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास एक अनियंत्रित डंपर मंगलवार को तड़के सुबह तकरीबन 4:00 बजे के आसपास खाई में पलट गयाद्य जिसके कारण घंटों मार्ग पर जाम की समस्या बनी रही। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की डंपर गाड़ी संख्या यूपी 51 बी टी 7138 बस्ती से कानपुर जा रहा था, जब वह बछरावां मौरावा मार्ग पर मदाखेड़ा गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने क्रेन के माध्यम से डंपर को बाहर निकालाद्य फिलहाल किसी प्रकार की कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, चालक और खलासी दोनों ही सुरक्षित हैं, प्रत्यक्ष दर्शियो की मानी जाए तो उनका कहना है कि शायद ड्राइवर नींद में आ गया था, इसीलिए यह गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।

## महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिकः शत्रोहन सोनकर

# निर्वाण दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों ने दी श्रद्धाँजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** महात्मा गाँधी के निर्वाण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी के



नेतृत्व में समाज के विभिन्न संगठनों ने महात्मा गांधी इण्टर कालेज रायबरेली के परिसर में स्थापित महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाँजलि अर्पित की।इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक है, उनके बताये गये रास्ते पर चलकर हम राष्ट्रीय कार्यो को अन्जाम दे सकते हैं। वरिष्ठ व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वतन्त्रता की लड़ाई में सभी गुटों को एक कर लड़ाई लड़ी और स्वदेशी आन्दोलन के जरिए राष्ट्रीय भावनाओं को मजबूत किया। सेवारत स्वर्णकार संस्थान के संरक्षक भौमेश कुमार स्वर्णकार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपनी वकालत छोड़कर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। पूर्व डीजीसी ओपी यादव ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को साम्प्रदायिक शक्तियों ने गोली मारकर गांधी जी की हत्या कर दी,जिससे पूरे देश स्तब्ध रह गया।संत गाडगे सेवक कमलेश चौधरी ने कहा कि महात्मा गाँधी स्वच्छता अभियान के प्रबल समर्थक थे। महात्मा गांधी स्वच्छता को लेकर ज्यादा संजीदा थे,संत गाडगे की प्रेरणा से ही स्वच्छता अभियान के जनक बने।मौर्य कुशवाहा समाज के जिला महामंत्री सुशील मौर्य ने कहा कि गांधी जी के पास अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी।गांधी जी से प्रभावित होकर लोग आजादी की लड़ाई से जुड़ते रहे, उन्होनें अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व व विचारों से स्वतन्त्रता आन्दोलन को धार दी थी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से ई. दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार, गोविन्द सोनी, अनिल गुप्ता, ओरीलाल वर्मा, शिवशरण लाल वर्मा, प्रमोद वर्मा, सतीश सोनी, दिनेश त्रिवेदी, मो0 शाकिब कुरैशी, अखिल त्रिपाठी आदि लोगों ने महात्मा गाँधी के चित्र पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सैनिक बन्धु सदस्यों तथा पूर्व सैनिकों द्वारा शहीद स्मारक बनवाने एवं विद्यालयों के नामों को शहीदों के नाम पर कराये जाने, गन लाइसेंस नवीनीकरण, ई0सी0एच0एस0 एवं कैंटीन में आ रही समस्याओं आदि विषयों पर चर्चा की गयी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को उनके कार्यों/समस्याओं के समाधान हेतु वरीयता के साथ नियमानुसार निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि महिला कल्याण, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण, प्रतिनिधि महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, प्रतिनिधि कमांडिंग आफिसर एनसीसी व सैनिक बन्धु समिति उपाध्यक्ष ऑनर कैप्टन राजपाल सिह, एवं विभिन्न ब्लाकों के सैनिक बंधु तथा अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों, सैनिक बंधु सदस्यों एवं पूर्व सैनिकों/आश्रितो का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली, कैप्टन (नी सेना) अतुल्य दयाल (अ0 प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया।

# आचार संहिता लगे उससे पहले ही भाजपा ने खोल दिया लोकसभा चुनाव कार्यालय

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को भाजपा जिला मुख्यालय पर आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला और लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय का उद्घाटन पूरे विधि विधान हवन पूजन एवं मंत्रोचार के साथ संपन्न हुआ।

बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कार्यालय उद्घाटन पर उपस्थित रहे इसके बाद भाजपा जिला कार्यालय के सामने स्थित प्रांगण में सभा का आयोजन हुआ जिसमें सांसद मुकेश राजपूत जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता सहित भाजपा नेताओं ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सभा के बाद पार्टी के मीटिंग हॉल में जिला कार्यशाला संपन्न हुई। लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन



के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पार्टी का संगठन 24 घंटे कार्य करने वाला संगठन है आचार संहिता लगने से पूर्व ही भाजपा ने चुनावी तैयारी के लिए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया है भाजपा विचारधारा पर आधारित राजनीतिक दल है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है।जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिला और गरीब वर्ग के लिए कार्य किया है। राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन-रात एक किए हुए हैं। देश की सांस्कृतिक धरोहरों को विस्तृत रूप दिया जा रहा है। शाहजहांपुर की महापौर अर्चना वर्मा ने कहा एक समय था जब महिला को अपने घर से निकलने में सोचना पड़ता था लेकिन केंद्र व प्रदेश में सरकार बनने के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मजबूत कानून बने योगी सरकार ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

**कार्यशाला में गांव चलो अभियान पर हुई चर्चा**

की। प्रदेश की महिलाएं सुरक्षित महसूस कर रही है। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा देश में पहली बार किसी एक सरकार के प्रति जनता को विश्वास हुआ है जिसने जनता की बुनियादी सुविधाओं को ध्यान में रखकर रोटी कपड़ा मकान और रोजगार देने का कार्य किया है। सरकार ने गांव गांव जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाया है। लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने कहा लोकसभा का पूरा चुनाव केंद्रीय चुनाव कार्यालय से संचालित होगा जहां से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारी दी जाएगी। फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी तैयारी के साथ जुट जाएं।भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा युवा राष्ट्र की रीड है जिस ओर युवा चलता है उस ओर देश चलने लगता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर युवाओं से संवाद करते हैं। आज का भारत युवा भारत है। नरेंद्र मोदी के साथ युवाओं की ताकत जुड़ी हुई है। दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह लोकसभा संयोजक दिनेश कटियार ने विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला कार्यालय के मीटिंग हॉल में जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में आगामी अभियान गांव चलो की जिला कार्यशाला आयोजित हुई जिसमें जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने विस्तार से इस अभियान की जानकारी दी। भाजपा जिला संगठन प्रभारी ने कहा संगठन के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को सफल बनाने का कार्य किया इस अभियान के बाद पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में गांव चलो अभियान कार्यक्रम को चलने का निर्णय लिया है।

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का मंत्री दानिश आजाद ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में लखनऊ जोन की तीन दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ आज मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रथम दिवस एथलेटिक्स, वालीबाल एवं कुश्ती तथा द्वितीय दिवस बैडमिंटन एवं कबड्डी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

राज्य मंत्री का स्वागत युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम बार ÷उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग÷ के अंतर्गत किया जा रहा है। ÷उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग÷ का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर में किया गया था। युवा कल्याण विभाग ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय



प्राप्त किया गया तथा पुरस्कार वितरण कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। इसके अंतर्गत विकास खंड, जनपद, जोन व राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया जाता है। कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय श्रीमती शिल्पी पांडेय, उप निदेशक, लखनऊ जोन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा अयोध्या व लखनऊ मंडल के 11 जनपदों से आए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा गया है कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन व पुरस्कार वितरण केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा यह कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए युवा कल्याण विभाग का सराहनीय योगदान है।

## नेशनल ऑर्गेनाईजेशन के डॉक्टर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन दिया

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** नेशनल ऑर्गेनाइजेशन के डॉक्टर राहुल यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर 4 सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह को दिया है जिसमें कहा है कि सामान्य परामर्श काउंसलिंग और प्रक्रिया नीट पीजी मेडिकल परीक्षा के बाद शुरू हो सकती है इसलिए 4 महीने पहले नीट एमडीएस आयोजित करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य परामर्श काउंसलिंग और प्रक्रिया मीट पीजी मेडिकल परीक्षा के बाद शुरू हो सकती है इसलिए नीट पीजी से 4 महीने पहले नीत एमडीएस आयोजित करने के कोई मतलब नहीं है आयोग प्रशिक्षु कोविड के कारण देर से इंटर्नशिप पूरा करने वाले छात्रों को समायोजित करने के लिए सीट पग मार्क से जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया था लेकिन हमारे मामले में पात्रता के में केवल 31 मार्च तक है जिससे हजारों प्रशिक्षु इंटर्नशिप आयुक्त हैं हो जाएंगे नीट पीजी अभी छात्रों को अपनी इंटर्नशिप पूरी होने की तारीखें जमा करने के लिए कहा गया था इन छात्रों से किसी ने इसकी मांग नहीं की आयोजित करने वाली समस्या संस्थाओं की क्षमता नीत एमडीएस फरवरी में आयोजित होने वाली थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए 20 दिन से कम समय शेष होने के कारण आवेदन पत्र के लिए अधिसूचना नहीं थी ना ही स्थगन के संबंध को कोई सूचना दी। दंत चिकित्सा अभ्यर्थियों के साथ अनुचित व्यवहार नीट पीजी की तारीखों की घोषणा में 10 दिन से अधिक समय बाद नीट एमडीएस की तारीखों की घोषणा की गई। इस के बावजूद हमारी परीक्षा उनसे एक महीने पहले होनी थी बस नीट पीजी 4 महीने और नीट एमडीएस को पांच सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया स्पष्ट की कमी और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण छात्र इस दौरान तैयारी पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाए हैं। संगठन की मांग है कि 18 मार्च को प्रस्तावित नीट एमडीएस 24 की परीक्षा को तत्काल स्थगित किया जाए।

## जालंधर वध की लीला का मंचन देख हुए मंत्रमुग्ध

**अमृतपुर फर्रुखबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बलीपट्टी रानीगांव के भट्ठा पर बृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। सोमवार की रात मे जालंधर वध की लीला का मंचन किया गया। जिसमे दिखाया गया किस प्रकार भगवान शंकर ने दैत्य जालंधर का वध किया। लीला मे दर्शाया गया कि भगवान शंकर जालंधर का वध करने की भगवान शंकर को आवश्यकता क्यों पड़ी। कलाकारों द्वारा निधिवन मे भगवान श्री कृष्ण द्वारा राधारानी और उनकी सखी गोपीकाओं संग की गई रहस लीला का सजीव चित्रण किया गया। जिसे देखकर दर्शक दीर्घा मे बैठे भक्तगण अपने राधा कृष्ण की भक्ति मे भाव विभोर हो गए। दर्शक दीर्घा मे बैठे भक्त गणों का कहना है कि ऐसे आयोजन ग्राम मे होते रहना चाहिए जिससे लोगों की ईश्वर के प्रति आस्था बनी रहे। वृंदावन से आए पूरन दास एंड पार्टी द्वारा रहस लीला दिखाई जा रही है। इस मौके पर ग्रीश चंद्र अग्निहोत्री,प्रमोद अग्निहोत्री,श्यामबिहारी अवस्थी, डा पीडी शुक्ला, डा अविनाश पांडेय, प्रिंस चौहान, राममोहन मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिला पत्रकार की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे दबंगों पर पुलिस इतनी मेहरबान क्यों

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद मुख्यालय के भगवतीगंज पुलिस चौकी से महज 200 मी 0 की दूरी पर बेसहारा विधवा और उसकी पत्रकार बेटी अपने वर्षो पुराने अपने जमीन से बिल्कुल सटे नक्शे में धर्मशाला व मौके पर आबादी की जमीन पर कुछ लोग जो न तो उसके अगल बगल के निवासी हैं न नक्शा है न बैनामा उसके बावजूद दिनांक 28 जनवरी से जिले के सभी पुलिस व राजस्व अधिकारी उपजिलाधिकारी लेखपाल सभी एक स्वर से कब्जा कर निर्माण कर रहे लोगों के पक्ष में ही बयान दे रहे थे और दूसरी तरफ बेसहारा महिला अधिकारियों से अवैध निर्माण रुकवाने के बावत अपने जमीन के जो मौजूदा कागजात थे दिखा रही थी पर जिले के इन आला अधिकारियों पर किसका दबाव था यह तो पता नहीं पर वहां जाने पर इतना जरूर देखने



को मिला कि मौजूदा यहां सरकार कानून नहीं बल्कि बुलडोजर की शैली पर चल रही है यहां नियम कानून की जगह मौखिक आदेश ज्यादा महत्वपूर्ण था जिले की यह कोई पहली घटना नहीं है।

अभी कुछ दिन ही पहले एक अधिवक्ता की जमीन को यही राजस्व और पुलिस दोनों के अधिकारी मिलकर कब्जा कर रहे थे जिससे अधिवक्ताओं द्वारा धरना आंदोलन के बाद इन्हें सद्बुद्धि आई इसी तरह फुलवरिया बाईपास पर एक कैंसर पीड़ित दलित समाज के व्यक्त की जमीन पर पुलिस संरक्षण में कब्ज कर निर्माण कर लिया गया जिसे मुकदमा दायर कर उसे कब्जे के ध्वस्तीकरण का आदेश न्यायालय से लेकर आया जिसे वर्तमान उपजिलाअधिकारी ने कहा कि जब तक मैं हूं ध्वस्तीकरण नहीं होगा इसके बाद पीड़ित 6 माह से माननीय उच्च न्यायालय का आदेश लेकर दर-दर भटक रहा है। उक्त मामले की शिकायत समाधान दिवस के साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर अपनी स्थिति से अवगत कराया अपनी पीड़ा बताई परंतु कोई कार्यवाही न होने पर पुनः हाई कोर्ट में न्यायालय की अवमानना संबंधी याचिका दायर करने पर मजबूर है उक्त मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता घनश्याम मिश्र ने कहा कि उपरोक्त मामले में जिला प्रशासन का रवैया बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इसके साथ ही पीड़िता गुड्डी शर्मा ने कहा कि अगर हमें न्याय नहीं मिला तो हम आमरण अनशन भूख हड़ताल करके अपनी लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ेंगे।

## डॉ अमिता दुबे को अनागत शब्द साक्षी सम्मान



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अनागत साहित्य संस्थान, लखनऊ द्वारा आहूत पुस्तक लोकार्पण समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ की डॉ अमिता दुबे राजकीय कार्य में व्यस्त होने के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सकीं अतः संस्था के महामंत्री पण्डित बेअदब लखनवी, उपाध्यक्ष राम राज भारती व प्रवीण पाण्डेय आवारा ने उनके कार्यालय में उपस्थित होकर उन्हें अनागत शब्द साक्षी सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर पण्डित बेअदब लखनवी ने अपनी लोकार्पित पुस्तक यारों हम बेअदब हो गए (गज़ल संग्रह) भी प्रदान किया।

## रामलला के दर्शन के लिये दिये गये प्रवेशिका पास



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शनो की उमड रही भीड़ में कार सेवा के दौरान शहीद हुये राम भक्त के परिजनों को विश्व हिंदू परिषद ने प्रवेशिका पास दिया जिससे शहीद के परिजनो को दर्शन करने तथा उनके खाने पीने रुकने के लिये परेशानी न उठानी पड़े। शहीद कार सेवकों के परिजनो ने प्रवेशिका पास पाकर खुशी जाहिर की।22 जनवरी श्री राम जन्म भूमि में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपरान्त अब अयोध्या में दर्शन करने लिये भक्तो की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रीराम लला के मंदिर निर्माण में अपने प्राणों की आहूति देने ग्रामीण क्षेत्र के गिधौसा एवं धंतौली के कार सेवको के परिजनों को विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने प्रवेशिका पास देकर उन्हें मंदिर में दर्शन करने के लिये कहा।इस प्रवेशिका पास से शहीदो के परिजनों को रामलला के दर्शन में सहूलियत मिलेगी तथा उनके खाने पीने तथा रुकने की भी व्यवस्था की जायेगी।बताते चलें कि जालौन के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम गिधौसा के बाबा तुला राम प्रजापति ने 1990 में कार सेवा के दौरान सीने पर गोली खाकर अपने प्राणो की आहूति दी थी।वहीं धन्तौली के भक्त ने भी ढांचा ढहाए जाने के दौरान एक शिला में दब कर अपने प्राण गंवाये थे। प्रवेशिका पास देने के लिये आचार्य तेजस जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद, कौशलेंद्र सिंह (रानू सिकरी)प्रखंड अध्यक्ष, यश पटेल युवा समाजसेवी, अनुराग तिवारी नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद,गौरक्षा जिला अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, मानवेन्द्र परिहार नगर संयोजक बजरंग दल, सागर सोनी, अंशू, लला,राजकुमार पाण्डेय चौकी इंचार्ज छिरिया सलेमपुर पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# देवकीनंदन ठाकुर की डीएवी कॉलेज ऐशबाग में लखनऊ में राम कथा

**निःस्वार्थ सेवाभाव सीखना है तो गुरूद्वारे जाइए: देवकीनंदन ठाकुर**

**लखनऊ।** अयोध्या में भगवान श्री राम के आगमन के उपलक्ष्य में पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के पावन सानिध्य में भव्य दिव्य श्री राम कथा और श्री सीताराम यज्ञ का दिव्य आयोजन स्थान डी.ए.वी कॉलेज, ऐशबाग रोड नियर नाका थाना लखनऊ में 24 जनवरी से 1 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है।

आज कथा में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य श्री बालयोगी अरुण पुरी चैतन्य जी महाराज पधारे जिन्होंने व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के मुख्य यजमान और उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी, श्रीमती नम्रता पाठक जी, डी.ए.वी कॉलेज प्रबंधक श्री मनमोहन



तिवारी जी एवं कथा में प्रमुख यजमान - श्री सर्वेश पाण्डेय जी, श्री मुरलीधर आहूजा जी, श्री अंशु गुप्ता जी, श्री अरविन्द सिंह जी, श्री सुरेश मिश्रा जी, श्री नितिन गुप्ता जी पधारे एवं आरती पूजन किया। श्री राम कथा के सप्तम दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। जिसके बाद पूज्य महाराज जी ने भक्तों को ÷श्री रामचंद्र कृपाल भजमन÷ भजन का श्रवण कराया। पूज्य श्री बालयोगी अरुण पुरी चैतन्य जी महाराज ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान हो जाएँ इसके लिए पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कितने बड़े-बड़े आयोजन, कथाएं और कितने ही पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया है। राम लला विराजमान हो जाएँ इसके लिए पूज्य महाराज श्री ने देश के कोने कोने में जाकर सनातन यात्राएं निकाली। युवाओं के अंतःकरण में रामलला के प्रति भक्ति कैसे जाग्रत की जाएँ इसके लिए महाराज श्री के प्रयत्न प्रसंशनीय है। रामायण हमें जीना सिखाती है और भागवत हमें मरना सिखाती है। मनुष्य के जीवन में दो पल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं एक जीवन कैसे जिया और अंतिम समय कैसा रहा। तुम कितना जिए ये महत्वपूर्ण नहीं तुम कैसे जिये ये महत्वपूर्ण है। तुम 150 साल जिए और अपना कल्याण नहीं कर सके तो तुम्हारा जीना व्यर्थ है और अगर तुम कम जिए और अपना और समाज का कल्याण कर गए तो तुम्हारा जीवन सुधर जायेगा। गुरुद्वारों से आज भी सकारात्मक वाइब्स आती हैं। वहां हर व्यक्ति सेवाभाव से आता है। जो किसी के मारने से नहीं मरता अगर उसे साधु श्राप दे देते हैं तो वह वहीं नष्ट हो जाता है और हमारे साधु-संत केवल भोजन करने से प्रसन्न हो जाते हैं।

## सपा मजदूर सभा ने पंचायत लगाकर किया आगाज बनेगी पीडीए सरकार



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी मजदूर सभा जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में पनकी स्थित अहिल्याबाई होलकर नगर भाटिया चौराहे पर पीडीए पंचायत का कार्यक्रम का आयोजन किया। पंचायत में नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला, मिंटू यादव, बंटी सेंगर, प्रदेश सचिव नीलम रोमिला सिंह, महिला सभा अध्यक्ष सुलेखा यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूजा यादव, सैनिक प्रकोष्ठ रमेश यादव, सुनील यादव पहुंचकर पंचायत में पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक को एकत्रित करके आगामी 2024 के चुनाव में लोकसभा प्रत्याशी को जिताने की बात की। जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लोकसभा प्रत्याशी को ताकत देने का काम करेगी पीडीए पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें पिछड़ा दलित एवं अल्पसंख्यक समुदाय के पुरुष-महिलाओं एवं युवाओं ने बड़ा चढ़कर हिस्सा लिया ! आम जनता भाजपा सरकार की नाकामी और झूठे वादों से त्रस्त है ! युवा बड़ी संख्या में बेरोजगार है, महंगाई चरम पर है इस बार जनता पूर्ण रूप से बदलाव चाहती है ! पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार में मिलने वाले आम जनता को लाभ और योजनाएं भी भाजपा सरकार ने बंद कर दी है आज इंटर पास छात्राएं अखिलेश यादव की सरकार में 20,000 रुपए कन्या विद्या धन से भी महरूम है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ ने की अपील

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने लगा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में गतिविधियों पर पैनी नजर रखना शुरू कर दिया है और लोगों से संदिग्ध गतिविधि दिखने पर इसकी जानकारी देने की अपील की है। सीओ रामसिंह व कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने नगर व क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। चुनाव में



किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाए इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। पूर्व के चुनावों में गड़बड़ी फैलाने वालो को चिन्हित किया जा रहा है और उन पर नजर रखी जाएगी। कोई भी व्यक्ति चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न करने पाए, इसके लिए प्रयास चल रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर लिया गया है साथ ही संदिग्धों की भी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अगर उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधियां चल रही है तो इसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दें। इसकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी साथ ही संदिग्धों की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चुनाव को लेकर अनावश्यक वाद विवाद न करें। चुनावों में अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करें और आसपास के लोगों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

# सामूहिक चरखा कताई की निरन्तरता में सर्वधर्म प्रार्थना का मनोरम कार्यक्रम आयोजित हुआ

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर उत्तर द्वारा अपनी गौरवमयी परम्परा को अच्क्षुण रखते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वें निर्वाण दिवस पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण के पश्चात गांधी के प्रिय भजन ''रघुपति राघव राजाराम एवं वैष्णव जन ते तेने कहिए जो पीर पराई जाने रे' ' की स्वर लहरी के साथ सामूहिक चरखा कताई की निरन्तरता में सर्वधर्म प्रार्थना का मनोरम कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये शहर कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने महात्मा गांधी जी के सत्य-अहिंसा, सह-आस्तित्व, सहिष्णुता के सिद्धांतो को उत्कृष्ट बताते हुये उनके द्वारा प्रतिपादित स्वच्छ चरित्र के मूल को जीवन मे उतारने का आवाहन भी किया, वहीं देश में फैल रही अलगाववादी धार्मिक उन्माद के साथ नफरत, अहिसुष्णता एवं अस्थिरता के खिलाफ



कांग्रेस के महानायक राहुल गांधी द्वारा प्रतिपादित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को देश का ऐतिहासिक आयाम कहा जो आने वाले समय में भारत के सुखद भविष्य का मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना में जहां पवित्र धार्मिक ग्रन्थ श्रीमद् भगवत गीता, कुरआन, बाईबिल व गुरूग्रन्थ साहिब के सामायिक अंशों का पाठ क्रमशः आचार्य सन्तोष शुक्ल, हाफिज नोमान रजा, पादरी जितेन्द्र सिंह व सरदार जसप्रीत सिंह ने किया, वहीं सामूहिक चरखा कताई में डा0 हलीम उल्लाह खां, उमाशंकर तिवारी, अमिताभ दत्त मिश्रा व सजल तिवारी सहित खादी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भी तकली से सूत कातकर महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धानवत हो, समर्पित किये। कार्यक्रम का संयोजन व सभा संचालन वरिष्ठ नेता शंकर दत्त मिश्र ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्र, मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, अतहर नईम,करिश्मा ठाकुर, दिलीप शुक्ला ,महिला नेत्री पुष्पा, नमिता मूलचंद सेठ, श्याम देव सिंह, लल्लन अवस्थी, सैमुअल लकी सिंह, शकील मंसूरी ,राजेश गौतम आदि ने भी महात्मा गांधी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये अपने श्रद्धासुमन समर्पित किये।

# कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव करें दूर

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने मंगलवार को सीएमओ सीएमओ कार्यालय परिसर से किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारियों सहित स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता अभियान की सफलता के लिए शपथ भी दिलाया। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को एडीएल कीट, सेल्फ केयर कीट, एमसीआर चप्पल सहित कम्बल और मिठाई वितरित किया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले में आज से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के प्रति हो रहे भेदभाव, अंधविश्वास और अज्ञानता को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग बैक्टेरिया से होने वाली बीमारी है जो उपचार से बिलकुल ठीक हो जाता है



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेश झा ने कहा कि अभियान के संबंध में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों का संवेदीकरण किया गया है । स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के जरिये विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को संदेश दिया जाएगा कि जिस प्रकार देश को पोलियो और चेचक जैसी बीमारियों से मुक्ति मिली है, उसी प्रकार कुष्ठ से भी मुक्त करना है । कुष्ठ रोग की दवा सभी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है अगर किसी व्यक्ति के त्वचा पर हल्के रंग के दाग धब्बे हैं जो कि सुन्न हैं तो यह कुष्ठ भी हो सकता है।

## सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरा नाम राजकुमार भारती पुत्र सीताराम उम्र 51 वर्ष निवासी कालीथान बलरामपुर तहसील व जनपद बलरामपुर का हूं। सूचित करता हूं कि मेरे लड़के अंकित गौतम पुत्र राजकुमार भारती की जगह राजकुमार गौतम विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवस लिख गया है जिसे भविष्य में अंकित गौतम पुत्र राजकुमार भारती के नाम से ही जाना जाये।

## लम्बे संघर्ष के बाद देश आजाद कराया गया

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** शहीद दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलैक्ट्रेट स्थित शहीद स्मारक पर 02 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुये कहा कि हमारे अनेक वीर-बलिदानियों के कारण हमें आजादी मिली, लम्बे संघर्ष के बाद आजाद कराया, देश को आजादी दिलाने के लिए सभी ने भेद-भाव, ऊॅच-नीच, जाति-पांति भुलाकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया, काफी संघर्ष के बाद देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्ति दिलाई, हम आज जिस स्वतंत्र वातावरण में जी रहे हैं वह हमारे वीर-शहीदों की देन है, यह देश उनकी सेवा और बलिदान के प्रति सदा आभारी रहेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, राजस्व अधिकारी ध्रुव शुक्ला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सनिल द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी हरेन्द्र कुमार, नाजिर रोहित दुबे, वीरेश पाठक, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अनुज कुमार सहित कलक्ट्रेट के अनुभाग प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीसीपी ने ट्रैफिक व्यवस्था सुधार हेतु किया निरीक्षण

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह व जिलास्तरीय लोकल टास्क फोर्स के द्वारा फजलगंज चौराहा व विजय नगर चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधार हेतु निरीक्षण किया गया व यातायात सुगम व सुचारू बनाने हेतु रणनीति तैयार की गई।

# बाबरी विध्वंस के मुख्य आरोपी संतोष दुबे ने कार सेवकों के साथ किया राम मंदिर के दर्शन

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** बाबरी विधानसभा के मुख्य आरोपी संतोष दुबे ने सैकड़ो कर सेवकों के साथ राम मंदिर का दर्शन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 40 वर्ष की साधना सफल हुई, अयोध्या में बंद रहे भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए बलिदान हो गए लाखों कर सेवकों की आत्माएं निश्चित रूप से आज प्रसन्न होंगी, राम मंदिर निर्माण की साधना चुकी अब पूर्ण हुई है इसलिए अब अगला संकल्प जो पूर्ण करना है वह कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ का है इसके लिए जल्दी ही अभियान प्रारंभ किया जाएगा, श्री दुबे ने कहा कि तो कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने हेतु 5 लाख की टीम बनाई जाएगी हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है जिस प्रकार उन्होंने राम जन्म भूमि में अपना ऐतिहासिक निर्णय दिया हम आशा करते हैं कि इस तरह कृष्ण जन्म भूमि पर भी न्यायालय अपना ऐतिहासिक निर्णय प्रदान



करेगा,इस अवसर पर कारसेवक राधा रमण त्रिपाठी 1992 के कार सेवक रविशंकर पांडेय, 1992 के कारसेवक मनीष पांडेय, विनोद पांडेय, प्रज्ञा श्रीवास्तव, अनु शर्मा अंकुर शर्मा विपल्व द्विवेदी रवि शंकर पांडे दिग्विजय नाथ चौबे ए विजय तिवारी अमरेश प्रताप सिंह, वशिष्ठ गोयल, संजय प्रधान कन्हैयालाल सुनीता श्रीवास्तव, अजय गुप्ता वेद राम प्रकाश पांडेय, बृजेश दुबे, चंद्र पांडे राजेंद्र पांडे लखनदार त्रिपाठी, प्रयाग दत्त तिवारी सूर्यनारायण दुबे, एस एन सिंह, नीरज पाठक, डॉक्टर एस आर शर्मा एडवोकेट प्रदीप पांडेय, सहित सैकड़ो की संख्या में कर सेवक उपस्थित रहे।

## पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायत,लगाई न्याय की गुहार

**अयोध्या ।** चौरे बाजार पुलिस चौकी के अंतर्गत पीड़ित मुकेश मौर्य पुत्र जुग्गी लाल निवासी कूरेभार बीकापुर की मोबाइल किसी ने फोन करके अप शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी पीड़ित द्वारा रात में ही डायल 112 की जानकारी दी अगले दिन सुबह स्थानीय चौकी चौरे बाजार में लिखित शिकायत की गई पीड़ित द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# सांसद लल्लू सिंह ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने हाजीपुर सिंहपुर में गुरूप्रसाद के घर से इण्डो अमेरिकन विद्यालय तक रबर मोल्ड इंटरलाकिंग सड़क का शिलान्यास किया। 182 मी सड़क की लागत 10.90 लाख रूपये है। उन्हांने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों को समाहित करते हुए सर्वांगीण विकास की अवधारणा को धरातल पर उतार रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को हर पात्र को योजनाओं का लाभ देकर सार्थक किया है। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर उनका स्वागत स्थानीय कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। बेहतर आवागमन की सुविधा होने से गांवों में समृद्धि का द्वार खुलेगा। किसानों को अपनी फसल एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में सुविधा होगा।

इससे रोजगार सृजन भी होगा। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्हांने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या को विश्व की सर्वोत्तम नगरी बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाएं प्रदान की गई है। अयोध्या में वैश्विक मानकों के अनुसार रेलवे स्टेशन व एयर पोर्ट का निर्माण हो चुका है। वंदेभारत ट्रेन के संचालन इन शहरों के बीच दूरी



कम हो गयी है। जिसका लाभ यहां के निवासियों को मिल रहा है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश सिंह, लवलेश दूबे, मनोज वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बार काउंसिल के जांच समिति सदस्य ने मृत्युपरांत दी जाने वाली धनराशि पर रोक हटाई

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश बार के सदस्य का पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी ने फैजाबाद बार एसोसिएशन को पत्र भेज कर पत्र भेज कर अधिवक्ता की मृत्यु होने पर उसके अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली धनराशि को निर्गत किए जाने की छूट दिए जाने का आदेश निर्गत किया है साथ ही इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार के खर्च पर पत्रावली के निस्तारण तक रोक लगा दिया है। वहीं दूसरी तरफ फैजाबाद बार एसोसिएशन के मंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष व सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी का पत्र आया है।

## असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर मान बढ़ाया

**पूरा बाजार- अयोध्या।** राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली में संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षिका डॉ सौम्या रघुवंशी का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर रिपर्टरी विभाग के लिए चयन हुआ है होमियो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विजय पुष्कर ने डॉ सौम्या रघुवंशी को बधाई देते हुए कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का मान बढ़ाया है। डॉ सौम्या रघुवंशी के चयन पर डा उपेंद्र सिंह डॉ माधुरी गौतम डॉ पीएस त्रिपाठी डॉ तुलसीराम डॉ केशव गोस्वामी डॉ नेमा डॉ अवनीश राय डॉ पवन डॉ अनुपम सक्सैना डॉ आर एस पांडे डॉ अंजू सिंह डॉ सुशीला सिंह सहित सभी चिकित्सा शिक्षकों ने डॉ सौम्या को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है

## पहले बताया सड़क हादसा, अब दर्ज की लूटपाट की रिपोर्ट

**बाराबंकी।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र में देर रात सोने चांदी आभूषण के व्यापारी के साथ हुई वारदात आखिरकार पुलिस ने लूटपाट में दर्ज कर ली है। पहले पुलिस इसे सड़क हादसा बता रही थी। हालांकि लूट की इस घटना में अब तक पुलिस खाली हाथ है। बड्डूपुर थाना पुलिस ने घायल व्यापारी नरेंद्र सिंह के पुत्र प्रान्जुल सिंह जो कि मौहल्ला बेलदारी टोला थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के रहने वाले हैं ने दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पिता की सोने-चाँदी की दुकान बड्डूपुर कस्बे में है। वह लगभग 20 वर्षों से बड्डूपुर मे इस दुकान को करते चले आ रहे हैं। सोमवार को देर रात करीब साढ़े 9 बजे वह दुकान बंद कर अपनी मोटर साइकिल ग्लैमर से झोले में सोने-चाँदी के जेवरात लेकर घर वापस जा रहे थे।

# मुर्गी लदी पिकअप सड़क पर खड़े खराब ट्रक में पीछे से टकराई पिकअप चालक की मौत, पिकअप सवार दो युवक घायल

अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तेन्धा बाजार के पास अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मूंगफली लोड खड़े खराब ट्रक में पीछे से मुर्गी लोड पिकअप चालक तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित होकर जा घुसा। जिसमें पिकअप चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक वीरेंद्र प्रताप उम्र करीब 30 वर्ष को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर पिकअप पर सवार दो अन्य युवक स्थानीय चिकित्सालय कुमारगंज ले जाए गए। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद



महाराजगंज अंतर्गत नौतनवा जमुहरा कला निवासी पिकअप चालक वीरेंद्र प्रताप पुत्र रामनिवास पिकअप संख्या यूपी 56 एटी 4627 पर अमेठी जनपद के वारिसगंज स्थित एक मुर्गी फार्म से मुर्गी लोड कर महाराजगंज के लिए निकला था। वह पिकअप लेकर मंगलवार की भोर करीब 4 बजे अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय मार्ग स्थित तेन्धा बाजार के करीब पहुंचा ही था कि सड़क के किनारे मूंगफली लोड खड़े खराब ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में पिकअप चालक वीरेंद्र प्रताप एवं पिकअप पर सवार सुरेंद्र कुमार व गुरचरन निवासी बेलवाही थाना कुल्ही बाजार जनपद महाराजगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी कुमारगंज पुलिस को दी। सूचना पाकर कुमारगंज थाने से उपनिरीक्षक कमलेश साहनी, अर्जुन यादव व अभिषेक यादव सिपाहियों की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कॉल कर एन एच ए आई की एंबुलेंस बुलाया और गंभीर रूप से घायल पिकअप चालक को जिला अस्पताल तथा अन्य दोनों युवकों को संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। हादसे के बाद दोनों वाहनों को कुमारगंज पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। हालांकि टक्कर में परखच्चे उड़े पिकअप पर लोड मुर्गियां दूसरे पिकअप से लोड कर ले जाई गईं। मूंगफली से लगा ट्रक बंगाल जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि मामले में भी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर प्राप्त होते ही विधिक कार्रवाई कर दी जाएगी।

# जिलाधिकारी ने होटल व्यवसाईयों व धर्मशाला के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या । जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में होटल व्यवसाइयों व धर्मशाला के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक एवं अध्यात्मिक पर्यटन नगरी के रूप में विश्व पटल पर प्रसिद्धि पा रही है और यह सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उभरा है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं पर्यटकों की आवक में तीव्र वृद्धि भी हुई है यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को ठहरने एवं आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य है। अतः यह सुनिश्चित किया जाये कि अयोध्या धाम आने वाले किसी भी पर्यटक श्रद्धालु से किसी भी होटल व्यवसाय द्वारा रेट बढ़ाकर न लिया जाये। उन्होंने सभी होटलों व धर्मशालाओं के मालिकों को अपने अपने होटल धर्मशाला का रेट



लिस्ट प्राइस बैण्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने पर्यटकों श्रद्धालुओं को होटलों धर्मशालाओं में ठहरने हेतु रूम के दिये जाने वाली सुविधाओं यथा-वाहन, भोजन आदि अर्थात पैकेज में सम्मिलित समस्त सुविधाओं का स्पष्ट उल्लेख करने हेतु होटल धर्मशालाओं के प्रतिनिधियों मालिकों को निर्देशित किया।बैठक में सभी होटल व्यवसाइयों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त निर्देशों का बेहतर ढंग से अनुपालन किया जायेगा और अयोध्या की गरिमा के अनुरूप आगुन्तकों से बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध करायी जायेगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, सिटी मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार सहित विभिन्न होटलों एवं धर्मशालाओं के मालिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कमल खिलाने को मील का पत्थर साबित होगा गांव चलो अभियानः अवनीश सिंह

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** केंद्र में लगातार तीसरी बार कमल खिलाने के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। हर




गांव में 51 फीसदी से अधिक वोट पाने के लिए भाजपा ने 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए चौतरफा घेराबंदी करने की रणनीति बनाने के लिए मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश पटेल ने कहा कि हर बूथ, हर क्षेत्र में पार्टी की मजबूती के लिए गांव चलो अभियान मील का पत्थर साबित होगा जो मिशन 2024 में बड़ी विजय का आधार बनेगा। कहा कि अभियान के तहत सांसद, विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करके ग्रामीणों से व्यापक जनसंवाद करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव में चौपालों और बूथों पर चर्चा करेंगे। पार्टी ने जिले में दो हजार से अधिक जगहों पर कार्यक्रम तय करने की रूपरेखा बनाई है। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को इस अभियान के लिए प्रशिक्षित करने हेतु एक और 2 फरवरी को सभी मंडल की कार्यशालाएं सम्पन्न होगी।संचालन जिला महामंत्री शीलरत्न मिहिर ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश रावत, संदीप गुप्ता, रामेश्वरी त्रिवेदी, पवन सिंह रिंकू, अलका मिश्रा, रोहित सिंह, सुशील जायसवाल सहित सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में अधेड़ व्यक्ति की मौत

**बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जरहरा निवासी लालजी वर्मा 50 पुत्र स्व. सूर्य बख्श सोमवार की रात 8 बजे डीजल लेने घर से एक किमी दूर ईनामी पुर पेट्रोल पम्प बाइक से गया था। डीजल लेकर वह वापस लौट ही रहा था कि सड़क पर विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल ही गया। घायलावस्था में उसे जिला अस्पताल लाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन, प्रस्तुत की रामधुन

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और संविधान खतरे में है इसे बचाने के लिए जननायक राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉ पी एल पुनिया ने आज स्थानीय गांधी भवन में प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर रामधुन गाने के पश्चात न्याय यात्रियों के बीच व्यक्त किए। न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मंडलीय प्रभारी प्रदेशीय उपाध्यक्ष सुशील पासी, प्रदेशीय महासचिव तनुज पूनिया एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी विशेष रूप से मौजूद थे। विकास खंड बंकी की प्रादेशिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ आज देवा चिनहट मार्ग पर पासिनपुरवा



मोड पर स्थित फार्म हाउस से प्रदेशीय महासचिव तनुज पुनिया, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश वर्मा तथा जिला पंचायत सदस्य शिव बहादुर वर्मा की अगुवाई में सैकड़ो मोटरसाइकिलों के साथ एक रथ पर राम धुन बजाते हुए मुबारकपुर, गदिया से होते हुए देवा रोड स्थित गांधी भवन पहुंची।

## किसान की बेटी बनी डिप्टी जेलर पहले ही प्रयास में हुआ चयन, आईएएस बनने का है सपना

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हमारी बेटियां किसी से कम नहीं है। बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नये आयाम रच रही है। कुछ इसी तरह का उदाहरण अयोध्या के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र स्थित कौराह पूरे गुलाम गांव में भी देखने को मिल रहा है। यूपी लोक सेवा आयोग ने हाल ही पीसीएस परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी किया है। जहां अमानीगंज की प्रगति उपाध्याय ने यूपीपीसीएस परीक्षा 2023 में 41वीं रैंक हासिल की है । बेटी प्रगति उपाध्याय का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है यूपीपीसीएस में चयन होने के बाद उनके परिवार में खुशी की लहर है रिश्तेदार, पड़ोसी आदि उन्हे बधाइयां देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।बेटी प्रगति उपाध्याय कड़ी मेहनत और लगन से पहले ही प्रयास में यूपीपीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा साबित की है। इसके साथ ही उन्होंने धर्मनगरी अयोध्या को भी गौरवान्वित किया है और क्षेत्र का मान बढ़ाया है।यूपी पीसीएस वर्ष 2023 में डिप्टी जेलर के पद पर चयनित 23 वर्षीय प्रगति शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। इन्होंने हाई स्कूल तक की पढ़ाई हौसिला प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज सिधारी बाजार से की है। इसके बाद संत भीखा दास रामजस महाविद्यालय मोहाली खण्डासा से इंटर एमएससी की पढ़ाई पूर्ण कर ली है। पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने पैतृक गांव तथा लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। इनका सपना आईएएस अधिकारी बनना है। प्रगति के पिता पवन कुमार उपाध्याय एक किसान तथा प्राइवेट शिक्षक है, इनकी माता रीता उपाध्याय गृहणी है। प्रगति सबसे बड़ी है इनका सेलेक्शन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है तथा इनसे छोटे भाई शिवेंद्र उपाध्याय, उज्जल उपाध्याय, अविरल उपाध्याय 3 भाई तथा छोटी बहन साक्षी अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।कुमारगंज बाजार मालिक एवं भाजपा नेता विजय उपाध्याय ने प्रगति उपाध्याय के घर पहुंच कर प्रगति का मुंह मीठा कराते हुए सम्मानित किया। तथा लोगों से बताया कि प्रगति मेरी नातिन भी है। बहुत खुशी की बात है कि पहले ही प्रयास में डिप्टी जेलर के पद को हासिल कर लिया।

# कार्य बिलंबन पर सहायक अभियंता सीएनडीएस को चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों की समीक्षा



संबंधित कार्यदायी संस्थाओं और विभागों के साथ की गई।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में पूरा बजट प्राप्त हो चुका है और प्रगति 75 प्रतिशत या अधिक है, उनको 15 फरवरी तक पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने 2019 की दो परियोजनाओं में विलंब पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता सीएनडीएस को चेतावनी निर्गत करते हुए परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएनडीएस को आसरा आवासों को भी हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा भगाटार में स्वास्थ्य उपकेंद्र हेतु स्थल परिवर्तन का निर्देश जिलाधिकारी महोदय ने दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को 18 पूर्ण स्वास्थ्य उपकेंद्रों को तत्काल स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम लि. कुशीनगर को पूल्ड हाउसिंग और अधिकारी हॉस्टल हेतु धन प्रेषण के लिए उनके माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदाई संस्थाएं समयसीमा में कार्य को पूर्ण करें। साथ ही सभी संस्थाएं सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। बैठक में सीएमओ डॉ नीना वर्मा, डीएसटीओ अजय कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का मठिया में हुआ स्वागत




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** मिठौरा विकास खण्ड मिठौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत मठिया में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया । इसके साथ ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना सकारात्मक योगदान देने हेतु उपस्थित लोगों को मंच के माध्यम से शपथ भी दिलाई गई । ताकि पूरे विश्व में भारत का डंका बजे और भारत विश्वगुरू के रूप में अपना प्रभुत्व स्थापित करे ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हर गरीब के जीवन को खुशहाल बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं और उसी दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं । क्योंकि उनका मानना है कि जब तक गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा नहीं उठेगा । तब तक देश खुशहाल नहीं हो सकता । ऐसे में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी वंचितों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की लाभपरक योजनाओं से जोड़ने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। ताकि उन्हें योजना का भरपूर लाभ मिल सके।

# अधिशासी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद के पड़ोसी जनपद कुशीनगर के तमकुही नगरपंचायत में अधिशासी अधिकारी के रूप में तैनात अमित सिंह पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार को जनपद के कई अधिशासी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। जिसमें दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

अधिशाषी अधिकारी सदर ने ज्ञापन देते हुए कहा कहा कि अधिशासी अधिकारी को धमकाते हुए प्राण घातक हमला किया गया जिसके कारण अमित सिंह को नाक, मुँह और शरीर के अन्य भागो पर गंभीर चोटे आयी, जिसका चिकित्सीय परीक्षण के पश्चात् अभियोग पंजीकृत करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना-तमकुहीराज को प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन उनके द्वारा प्राण घातक हमले में भी सामान्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया और अभी तक



किसी भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के सभी अधिशासी अधिकारी भयभीत हैं और अपने कार्यालय में कार्य करने में असहज महसूस कर रहे हैं। इस कृत्य से अधिशासी अधिकारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जिससे उनके द्वारा अपने उत्तरदायित्वो का सम्यक निर्वहन करने में कठीनाई उत्पन्न हो रही है। मुख्यमंत्री से मांग किया गया है कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नामजद आरोपियो के विरूद्ध सरकारी कार्य स्थल पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने और सरकारी सेवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने एवं तत्काल उनके विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु मांग किया गया है।

# सपा ने हमेशा की विकास की राजनीतिः चमन आरा राइनी

## देश में गरीबी, बेरोजगारी चरम परः इदरीस पटवारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी।** समाजवादी पार्टी द्वारा मंगलवार को बांसी सपा कार्यालय पर सपा जिलाउपाध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी के नेतृत्व में पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों, बेरोजगारी, जातिगत जनगणना पीडीए पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव में गरीबों, पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यक साथियों को बराबरी का हक, रोजगार दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी को भारी मतों से जिताने का आवाहन किया गया।

पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पुर्व नपाध्यक्ष व सपा जिलाउपाध्यक्ष मोहम्मद ईदरीश पटवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव देश के इकलौते नेता हैं, जो समाज के उपेक्षित वर्गो, गरीबों, किसानों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं की लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। जबकि सत्ताधारी भाजपा संविधान और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बीजेपी देश को गुलामी की ओर ले जाना चाहती है। बिहार में मुख्यमंत्री रहते कर्पूरी ठाकुर ने जिस प्रकार पिछड़े वर्गो को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया। उसी तरह से अखिलेश यादव आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

पीडीए के दबाव में ही भारत सरकार को जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न देना पड़ा। जनहित में सपा का संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। राष्ट्रीय महासचिव महिला सभा व नपाध्यक्ष बांसी चमन आरा रायनी ने कहा कि सपा सदैव विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। पीडीए सम्मेलन के माध्यम से सपा समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ेगी। उन्होने उपस्थित लोगों का आवाहन किया कि वे सपा की नीति, कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाये जिससे सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन का लक्ष्य पूरा हो। इस दौरान सपा नगर अध्यक्ष कपिल देव, गणेश दत्ता, अरुन गुप्ता, धुर्व, साकिर, केशी त्रिपाठी, मून्ना पांडे, राजू, मनोज यादव, मनोज कुमार, बूधिराम, मोहम्मद रिजवान, पवन यादव, सन्नू सहित तमाम सपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस कमिश्नर से अपनी टीम के साथ मिले शहर काजी

**कानपुर।** दिनांक 30 जनवरी 2024 को शहर काजी कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही ने अपनी टीम के साथ पुलिस कमिश्नर कानपुर श्री अखिल कुमार से शिष्टाचार भेंट कर शहर के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही आने वाले महत्वपूर्ण त्योहारों को लेकर भी बात हुई पुलिस कमिश्नर ने शबे बरात रमजान जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को लेकर भी जानकारी मांगी जिस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई शहर काजी ने कहा कि यह शहर हमेशा से तालमेल से चलने वाला शहर है और यही इसकी खूबसूरती है जिस पर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा कि आपका सहयोग हमेशा प्रशासन को मिलता रहा है और उम्मीद करता हूं आगे भी मिलेगा आपसी तालमेल से शहर की कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान की जाएगी जो पहली प्राथमिकता है इस मौके पर मुख्य रूप से अपर पुलिस उपायुक्त प्रज्ञान राजेश श्रीवास्तव नायब शहर काजी कारी सगीर आलम हबीबी महामंत्री महबूब आलम खान इस्लाम खान आजाद कारी अब्दुल मुत्तलिब मौलाना गुलाम मुस्तफा आदि मौजूद है।

# अभियान की सफलता को लेकर सभी का सहयोग आवश्यक : डॉक्टर हरिकेश

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान को लेकर आयोजित हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की सफलता को लेकर एक बैठक का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों से अभियान की सफलता को लेकर सहयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा के चिकित्सक डॉक्टर हरिकेश यादव ने बताया कि यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है।

लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 1 फरवरी से अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद 5 फरवरी को माप अप दिवस का आयोजन होगा। तत्पश्चात 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक नियमित टीकाकरण में भी गांव स्तर पर सहयोग करते हुए अभिभावकों को जागरूक करें। जिससे टीकाकरण कार्यक्रम सफल हो सके। इस मौके पर कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इसकी शुरुआत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2015 में की गई थी अब तक 24 प्रतिशत आबादी मिट्टी से संबंधित कीड़ों से संक्रमित हैं।

सभी हेड मास्टर सभी वर्गों के आंकड़ों को स्कूल रिपोर्टिंग फार्म पर भरकर जमा करें। दवा खिलाने के बाद रजिस्टर पर बच्चों के नाम के सामने टिक का निशान दर्ज करें। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों में कीड़े पाए जाने के कई लक्षण होते हैं जैसे पेट में दर्द, गैस, दस्त उल्टी, थकान के साथ वजन घटने लगता है। इसलिए दवा खिलाया जाना काफी आवश्यक है। इस मौके पर फार्मासिस्ट अवधेश कुमार, मुस्ताक अहमद, तिलक राम, गणेश गौड़, फजलुर्रहमान, गिरधर पांडे, साजिद अली, निखिल राय, आशा, गीता वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## जिन विद्यालयों की यू डाइस की फीडिंग पूरी नहीं हुई है वह शीघ्र ही फीडिंग का कार्य पूर्ण करें



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विकास खंड के न्याय पंचायत वासाचक के कंपोजिट विद्यालय वासा दरगाह में मंगलवार को शिक्षण संकुल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें तमाम विभागीय जानकारी शिक्षकों को दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षण संकुल अहमद सईद ने बताया कि जिन विद्यालयों की यू डाइस की फीडिंग पूरी नहीं हुई है वह शीघ्र ही फीडिंग का कार्य पूर्ण करें। इसके अलावा डीबीटी में जिन बच्चों का आधार पेंडिंग है उसे भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि समस्त शिक्षक नियमित निपुण ऐप के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का आकलन माह में एक बार करें तथा बच्चों को प्रोत्साहित करें। बैठक में शिक्षण संकुल राम सजीवन, रज्जाक अहमद व रामकुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए डोर टू डोर सभी शिक्षक कार्य करें। जिससे उपस्थित विद्यालय में ज्यादा हो पाए। बैठक में समावेशी शिक्षा पर भी चर्चा की गई। अंत में दीक्षा और यूट्यूब के माध्यम से साझा किया जा रहे वीडियो का अवलोकन कर उसका शत प्रतिशत उपयोग करने पर बल दिया गया। इस मौके पर नंदलाल, जसवंत कुमार, राजेश कुमार, नितिन कुमार, अजीज असगरी, शहनाज बानो, दिलीप कुमार, आनंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवास का निर्माण न करने वालों पर विभाग हुआ सख्त

**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 42 लाभार्थी जो योजना का प्रथम व दूसरी किश्त पाने के बाद भी आवास का निर्माण नही कर रहे है के खिलाफ विभाग सख्त कार्यवाही करने की तैयारी मे है। मंगलवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने ऐसे 42 लाभार्थियों की सूची चस्पा किया है। नोटिस मे लिखा गया है कि इनमें से जिन लाभार्थियों ने काम शुरू कर दिया है वह एक सप्ताह के भीतर नगर पालिका को सूचित कर दे अन्यथा विभाग कार्यवाही करने को विवश होगा। इस संबंध मे परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा सुनीता सिंह ने बताया कि नगर पालिका बांसी के 42 लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रथम व दूसरी किश्त पाने के बाद निर्माण नही कर रहे है। इन्हे बार बार काम शुरू करने के लिए सूचना देने के बाद भी काम शुरू नही कर रहे ऐसे मे इन्हे एक सप्ताह का समय और दिया गया है। इसके बाद भी काम शुरू न करने पर रिकवरी की कार्यवाही किया जायेगा।

# मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव को जागरूक करेंगी कठपुतलियां

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कठपुतलियां सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि स्वस्थ रहने को जागरूकता भी फैला सकती हैं। भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद तथा इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में पांच दिवसीय ऐसी ही कार्यशाला का आरंभ हुआ।

वेक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, एंसेफलाइटिस, स्क्रब टायफस आदि से बचाव के लिए लोक माध्यमों से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार तथा गांव आउटरीच कार्यक्रम में 30 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सभी प्रतिभागी पटकथा लेखन, उसका नाट्य रूपांतरण, कठपुतली निर्माण और उसका संचालन सीखेंगे। बाद में सभी आउटरीच कार्यक्रम के तहत विज्ञान कठपुतली नाटकों का ग्रामीण क्षेत्रों में मंचन करेंगे। विज्ञान संचारक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि विभा वाणी के राज्य समन्वयक डा. वीपी सिंह, इंडियन साइंस राइटर्स एसोसिएशन के डा. तारिक बदर, कठपुतली कलाकार श्रीनारायण श्रीवास्तव व सोनाली मौर्य सही कई विशेषज्ञ प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। पहले दिन सभी प्रतिभागियों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि वेक्टर जनित रोगों पर पटकथा लिखकर लाने को कहा गया, जिसे बाद में पुतुल नाटक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में डाइट के वरिष्ठ शिक्षक फुरकान अहमद, मोहम्मद यूनुस, धर्मेंद्र कुमार, हरिओम सिंह, अनिल कुमार बिंद, महेंद्र कुमार यादव, मंजुला यादव, सरोज सिंह और श्रवण कुमार उपस्थित थे।

## बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र के प्रशिक्षण हाल में निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हो गया।

इस प्रशिक्षण में अंतिम दिन शिक्षक गतिविधियों पर आधारित कार्य कराया गया तथा आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका व शिक्षक डायरी पर चर्चा की गई। अंतिम दिन प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए ट्रेनर मुस्ताक अहमद ने कहा कि सभी शिक्षक आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका व शिक्षक डायरी का प्रयोग प्रतिदिन करें। बुनियादी भाषा व गणित पर आधारित शिक्षण कार्य तभी सफल हो पाएगा। ट्रेनर तिलकराम ने कहा कि सभी शिक्षक इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर विद्यालयों में कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि सप्ताह में तीन दिन शिक्षण योजना पर कार्य करें इसके बाद खेल पर आधारित शिक्षण कार्य व आकलन का कार्य करते हुए पुनरावृत्ति का कार्य अंतिम दिवस में करें। एक से 4 सप्ताह तक मौखिक भाषा का विकास व 5 से 9 सप्ताह तक पुस्तक से मौखिक भाषा का विकास कहानी व पोस्ट पर आधारित कार्य शिक्षक करें। इस मौके पर गणेश गौड़, गुलाम हुसैन, हिना बानो, जसवंत यादव, कुलदीप कुमार, संतोष पाठक, संजय कुमार मिश्रा, रामपाल सिंह, बसंत, ओमप्रकाश, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## रोज का जाम अब कुदरहा की बन चुका है पहचान



**कुदरहा बस्ती अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय बाजार में राम जानकी मार्ग पर ऑटो चालकों और डग्गामार टैक्सियों के खड़े होने की वजह से आने जाने वालों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है, और बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है और बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद ऑटो चालक अपने ऑटो को इधर उधर कर लेते हैं लिखित जैसे ही पुलिस वहां से हटती है सड़क के किनारे टैक्सी स्टैंड लग जाता है। रोज का जाम अब कुदरहा की पहचान बन चुका है। एक तो लालगंज की रास्ते से टोल टैक्स बचाने वाली लम्बी लम्बी गाड़ियां निकलती है तो दूसरी ओर ऑटो रिक्शा वाले सड़क की दोनों पटरियों पर बेतरकीब ऑटो खड़ा कर देते हैं, जिसकी वजह से इस छोटी सी बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, कभी-कभी तो घंटे तक चलने वाला जाम लग जाता है। बाजार में लगने वाले इस जाम से ब्लॉक मुख्यालय पर और स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले लोगों को रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## कुष्ठ रोग समाप्ति के लिये निकाली जागरूकता रैली




**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए सीएचसी अस्पताल नगपुर जलालपुर परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली नगपुर आदि बाजारों का भ्रमण किया। इसके पहले अस्पताल परिसर में चिकित्सको के साथ ही सभी कर्मचारियों को अधीक्षक ने शपथ दिलाई। मंगलवार को अधीक्षक डा जयप्रकाश के नेतृत्व में कुष्ठ रोग मुक्त अभियान का कार्यक्रम किया गया। अधीक्षक ने कुष्ठ रोग को जड़ से समाप्त कराने की सौगंध खिलाते हुए कहा कि गांव से लेकर बाजार तक कुष्ठ रोग से ग्रस्त मरीजों की पहचान की जा चुकी है।इन मरीजों को नियमित रूप से दवा खिलानी है। दवा खिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना है। टेबलेट खिलाने में एक दिन चूक रोग तथा रोगी पर भारी है। दवा के नियमित सेवन और परहेज से कुष्ठ मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। इसीलिए आज से ही चिन्हित रोगियों को नियमित रूप से किट खिलाने का आह्वान किया गया। इसके पश्चात अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों से डरने की जरूरत नहीं है उन्हें सहानभूति की जरूरत है। इस अवसर पर डॉ विनोद सिंह डॉ अनिल कुमार डॉ वेद प्रकाश फार्मासिस्ट मनोज यादव सुरेंद्र शर्मा विनोद मिश्रा, अजीत कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय धवरुआ में हुई शिक्षको की बैठक

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड जलालपुर के प्राथमिक विद्यालय धौरूआ प्रथम में मंगलवार को शिक्षक संकुल के शिक्षकों के साथ बैठक हुई। नोडल शिक्षक सत्य प्रकाश गुप्ता ने शिक्षकों को छात्रों से आत्मीय संबंध बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूलों की दशा व दिशा बदल गई है। निजी स्कूलों से भी बेहतर शिक्षा व सुविधा की व्यवस्था परिषदीय विद्यालयों में की जा रही है। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है, जिससे बच्चे पहले से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**बलरामपुर।** जनपद के समस्त ब्लाकों में चलाई जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन जिला मुख्यालय पर की गई तत्पश्चात वैश्विक नेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 76वें पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी बलरामपुर द्वारा प्रार्थना/ श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया जिसमें बापू के सिद्धांतों पर चलने की बात की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने कहा कि जब देश पर विदेशी ताकतों का शासन था और आजादी की लड़ाई अलग-अलग गुटों में बंटकर लड़ी जा रही थी तब महात्मा गांधी जी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर सभी गुटों को एकत्र करके आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी जी ने पदयात्रा करके जनजागरण किया आज बापू के आदर्शों को पूरी दुनिया मानती है विश्व के लगभग देशों में बापू की प्रतिमा स्थापित है महात्मा गांधी जी ने छुवा-छूत देश को ग़रीबी भुखमरी जैसे भीभत्स मुद्दों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया नमक आंदोलन, अंग्रेजों भारत छोड़ो जैसे आंदोलन चला कर अंग्रेजों की नींद हराम कर दी आज़ बापू के मूल्यों पर चलने की आवश्यकता है देश में वर्तमान सरकार है वह ना तो अहिंसा वादी है ना सत्यवादी है और ना त्याग है इनके अंदर यह सरकार देश की आत्मा को मारने पर उतारू है और आज देश में नफ़रत का माहौल क़ायम हो गया है जिसे केवल बापू के आदर्शों द्वारा मिटाया जा सकता है।

प्रदेश सचिव जिला प्रभारी मेज़र राना शिवम् सिंह ने कहा कि यह सरकार केवल बापू के सामने झुकने का नाटक करती है बाक़ी रास्ता गोडसे के हिसाब से चलती है मजबूरी में विदेशी सरजमीं पर जाकर बापू के सत्य अहिंसा त्याग की बात करने वाले लोग कभी हिन्दुस्तान का भला नहीं सोच सकते हैं। महासचिव विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि हिन्दुस्तान की गरीबी को देखकर महात्मा गांधी जी ने अपने पश्चिमी पोशाक को छोड़ दिया और एक धोती में पूरा जीवन बिता दिया गोडसे कायर था जिसने संत रुपी महात्मा गांधी जी पर 1948 में 30 जनवरी को गोलियां चला दी बापू के अंतिम बोल हे राम आज़ भी हमें राम के आदर्शों और बापू के मूल्यों को कायम रखने के लिए बल देते हैं आज का युवा वाट्सएप ज्ञान के माध्यम से बापू को भला बुरा कहता है लेकिन हिन्दुस्तान ही नहीं पूरे विश्व में बापू के आदर्शों को पढ़ाया जाता है।

# राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में होगा भव्य राम-राम दंगल का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सोमवार को देर रात शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की आवश्यक बैठक बुलाई गई।

बैठक में धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने राप्ती नदी तट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर लगने वाले मेले में कुश्ती दंगल की तैयारी पर चर्चा किया और जिम्मेदारों को आवश्यक जिम्मेदारी दिया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन 8 व 9 फरवरी को दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया हैं, जिसमें देश विदेश के मशहूर पहलवान सम्मलित होंगे और अपने दांव-पेच के कौशल से अपना दम-खम दिखाएंगे। उन्होंने आयोजक मंडल के लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तैयारी के जुट जाने का आवाहन किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक तिलक साहू उर्फ तिलक बाबा, लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, पप्पू श्रीवास्तव, शैलेश सिंह, मधुसूदन अग्रहरि, लालजी शुक्ला, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, राजन अग्रहरि, रामचंद्र, राजेश सभासद, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, हरीशंकर मिश्रा, तिहुल, सूरज सोनी आदि उपस्थित रहें।

## ट्रक व बस की भीषण टक्कर में दर्जनों घायल



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** टांडा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौवरारा के निकट प्राइवेट बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर का मामला सामने आया है। नेशनल हाइवे पर भीषण दुर्घटना हुई। बस छात्रों से भी भरी हुई थी। कट के पास यूटर्न लेने के दौरान दूसरी तरफ से आ रही ट्रक ने बस में टक्कर मारी। इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक छात्र घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी डॉक्टर कौस्तुभ भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि परीक्षा दिलाने के लिए प्राइवेट से बच्चों को ले जाया जा रहा था। इसी दौरान टांडा कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा गांव के पास यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के बाद अफरातफरी मच गई थी। पुलिस और प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंच कर हाइवे को खाली कराया। बस में सवार बच्चे पीजी की परीक्षा देने जा रहे थे। उनकी परीक्षा का केंद्र यहां बना हुआ था। दुर्घटना में घायल बच्चों को तत्काल टांडा सीएचसी और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दुर्घटना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी। एसपी ने कहा कि ट्रक हाइवे पर डिवाइडर को बनाए गए कट को पार कर रही थी। दूसरी तरफ से बस काफी तेजी से आ रही थी। कट से अचानक ट्रक के यूटर्न लेने से बस चालक कुछ समझ नहीं पाया। इसी दौरान ट्रक ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक छात्र घायल हुए। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायल छात्रों की स्थिति का जायजा लिया।

# सीएचसी खेसरहा में गांधी जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेसरहा मे मंगलवार को सीएचसी अधिक्षक डा.सुजीत पान्डेय की अध्यक्षता मे महात्मा गांधी जी चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी की अंतिम यात्रा 30 जनवरी 1948 को, उनके उपर बम फेंके जाने के दस दिन बाद, गांधी को जब वे बिरला भवन में एक प्रार्थना सभा को संबोधित करने मंच पर जा रहे थे, गोली मार दी गई। गांधी जी गिर गये और उनके होठों से हे राम! हे राम! शब्द निकले। 1919 से 1948 में उनकी मृत्यु तक, वे भारत के केंद्र में रहे और उस महान ऐतिहासिक नाटक के मुख्य नायक रहे जिसकी परिणति उनके देश की आजादी के रुप में हुई। उन्होंने भारत के राजनैतिक परिदृश्य का पूरा चरित्र बदल दिया। जो कभी अछूत माने जाते थे उनके लिए भी उन्होंने जो किया वो कम महत्व का नहीं था। उन्होंने लाखों लोगों को जाति अत्याचार और सामाजिक अपमान के बंधनों से मुक्त कर दिया। उनके व्यक्तित्व के नैतिक प्रभाव और अहिंसा की तकनीक की तुलना नहीं की जा सकती। और ना ही इसकी कीमत किसी देश या पीढ़ी तक सीमित है। यह मानवता के लिए उनका अविनाशी उपहार है। इस दौरान श्रद्धांजलि देने वालों में डा.मनीष बैश, डा. केपी यादव, अरुन मिश्र, बालकृष्ण ओझा, इंद्रप्रकाश मिश्र, विद्या नंद चौधरी, निरंकार पान्डेय, सर्वेन्द्र पान्डेय, मैनूद्दीन, गीरज शंकर तिवारी मौजूद रहे।

**लाखों लोगों को जाति अत्याचार और सामाजिक अपमान के बंधनों से मुक्त कर दियाः डा. सुजीत**

## ग्रामीण क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा वशिष्ठ ग्रंथालय

**बस्ती।** बनकटी विकास क्षेत्र के लगुनही में स्थित वशिष्ठ ग्रंथालय की ओर से 'रीडिंग मैराथन सामूहिक कदम किताबों की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थापक माही यादव 'मनीष' की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम गणमान्य उपस्थित हुये। इस ग्रन्थलालय से ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 400 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल साइटों की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाते हुए वास्तविक पुस्तकों के अध्ययन से उन्हे जोड़ना है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अष्टभुजा शुक्ल ने कहा कि पुस्तकों से अध्ययन करना जनचेतना का आंदोलन है। कुलदीप नाथ ने अपने संबोधन में कहा की ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अंचलों में आयोजित करना सराहनीय है। नेशनल हैंड बॉल प्लेयर हिना खातून कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं। उन्होने छात्र छात्राओं से संवाद कर पुस्तकों का महत्व बताया।

## बिहार की उथल-पुथल

गठबन्धन के प्रमुख शिल्पकार बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने इन्डिया की लुटिया डुबाते हुये भाजपा का दामन थाम लिया। शातिर लालू की पार्टी आरजेडी को जोर का झटका दे दिया। तेजस्वी जो डिप्टी सीएम थे। नितीश को केन्द्र में भेजने की पुरजोर कोशिश कर रहे थे कि वह बिहार का सीएम बन जाये। उनका भी सपना नितीश ने तोड़ दिया। भाजपा का भगवा ऊंचा ही उठता जा रहा है। मोदी है तो सब मुमकिन है उनके पार्टी की नारा है। कयास था नितीश विधान सभा को भंग कर नया चुनाव करायेगे और शपथ ग्रहण करेगे। पर संविधान के विद्वानो ने कहा विधानसभा भंग करने की कोई जरूरत नहीं है एक पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी का साथ पकड़ मंत्री मन्डल गठन में कोई संवैधानिक रूकावट नही है। मुख्यमंत्री की हैसियत से वह सब कुछ कर सकते है। नितीश भाजपा की बिहार में यह व्यवस्था पुरानी है। नितीश मुख्यमंत्री बने रहने के लिये तरह तरह का मेल मिलाप करते रहते है। मुख्यमंत्री की सीट उनको बहुत प्यारी है। उसे बनाये रखने के लिये हमेशा तत्पर रहते है विभिन्न पार्टियों में आते जाते रहते है। अभी तक नौ लोगों ने शपथ ली है मुख्यमंत्री नितीश कुमार सहित इसमें दो भाजपा के डिप्टी सीएम और एक मन्त्री है। दो निर्दलीय है। तीन जेडीयू के है। आगे का परिदृश्य शायद कल साफहो। नितीश ने ही गठबन्धन की पार्टी बनाने में पहल की थी। उनको दर किनार कर कांग्रेस के खरगे को संयोजक बनाये जाने से नाराज थे वह अपना अवमानना मान रहे थे। वह खुद को पोस्ट करना चाहते थे। उन्होंने एक कमेटी की राय रक्खी जो समिलित रूप से गठबन्धन के सारे मसलों को तय करें। पर गठबन्धन में उनको दर किनार कर दिया। तभी से यह सोचा जाने लगा था आगे नितीश क्या करते है। हालाकि गबन्धन के नेता बार बार कह रहे सब ठीक चल रहा है। पर लोग देख रहे है क्या हो रहा है गठबन्धन चुनाव के लिये अभी सीट बटवारे पर कुछ स्पष्ट नही है। चुनाव करीब आता जा रहा है। भाजपा पूरे इन्तजाम के साथ उतर कर मतदाताओं से सम्बन्ध बनाने में मशरूफहै। गठबन्धन का कहना है प्रधानमंत्री का निर्णय चुनाव के बाद तय होगा। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को 11 सीट देने का एलान किया है अधिकारिक निर्णय आना बाकी है। कांग्रेस की क्या प्रक्रिया आती है। कहते है बातचीत चल रही है। बाकी की पार्टियां भी अपने पार्टनरों से बातचीत कर रही है। अभी आखिरी तस्वीर सामने आनी बाकी है। लोग गठबन्धन पर सवाल उठा रहे है। मतदाता सब देख और परख रहा है। तस्वीर भाजपा की ही दिखाती है। राहुल न्याय यात्रा में मशगूल है। कहते है हर भारतवासी के दिल में रहते है। जब सबके दिल में है तब कांग्रेस की यह हालत है। एक मन्दिर छोड़ दूसरे मन्दिर में जाने को धरना देते है। खरगे परिपक्व नेता है पर परिवारवाद के बोझ में दब गये है। आम चुनाव नज़दीक आता जा रहा है गठबन्धन गांठ खोलने में लगा हुआ है। विरोधी पार्टियों का रवैया कुछ इस तरह का है। आता है तूफा तो आने दें कश्ती का खुदा खुद हाफिज़ है मुमकिन है कि इन मौजो में कहीं बहता हुआ साहिल आ जाये।

मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है। भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80 फीसदी आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं।

# मेडटेक मित्र : भारत निर्मित मेडटेक उत्पादों का हाईवे

केंद्र सरकार ने मेडटेक मित्र नाम से इनोवेटर्स की मदद के लिए एक पहल शुरू की है जिसका लक्ष्य क्लिनिकल मूल्यांकन, विनियामक सुविधा और नए मेडटेक उत्पादों को बढ़ावा देना है। नए मेडटेक उत्पाद (जैसे चिकित्सा उपकरण या डायग्नोस्टिक) की यात्रा एक आविष्कारक के विचार से शुरू होती है जो एक प्रयोगशाला में इसकी प्रमाण अवधारणा (पीओसी) का प्रदर्शन करता है। फिर आविष्कारक को आगे के परीक्षण के लिए प्रोटोटाइप के निर्माण हेतु एक भागीदार की आवश्यकता भी होती है। उत्पाद के लिए पशु अध्ययन की आवश्यकता और आखिर में मानव अध्ययन को सख्त नियामक और नैतिक दिशानिर्देशों का पालन करते हुए और मजबूत अनुसंधान विधियों को नियोजित करने की आवश्यकता भी होती है। एक अनुमोदित और लाइसेंस प्राप्त उत्पाद बड़े पैमाने पर उत्पादन और बाजार में प्रवेश के अवसर की प्रतीक्षा करता है।


विनोद के पॉल

इनोवेटर्स और स्टार्टअप अपने तकनीकी काम में बहुत अच्छे हो सकते हैं, लेकिन विचार-विमर्श से लेकर क्लिनिकल सेटिंग में उपयोग के लिए तैयार उत्पाद तक की जटिल यात्रा को पूरा करना उनके लिए कठिन होता है; और अक्सर समय पर व्यापक मार्गदर्शन और सुविधा नहीं मिल पाती है। ज्यादातर इनोवेटर्स विनियामक आवश्यकताओं, परीक्षण और सत्यापन, उद्योग ग्रेड उत्पादन, पशु अध्ययन, मूल्यांकन/परीक्षण, प्रौद्योगिकी मूल्यांकन अनिवार्यताओं, आदि के बारे में समझ और अवसरों की कमी से संबंधित कठिनाइयाँ का सामना करते हैं। परिणामस्वरूप, बड़ी संख्या में संभावित प्रभावी मेडटेक उत्पाद विकास पाइपलाइन के विभिन्न चरणों में अटके रहते हैं, और कभी भी मुख्यधारा में नहीं आ पाते हैं। निराशा हाथ लगती है और कई इनोवेटर्स हार मान जाते हैं। यह अस्वीकार्य स्थिति युवाओं की नवीन और उद्यमशीलता की भावना और प्रतिभा को दबा देती है; और देश के नवोन्मेषी, आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हितों को कमजोर करती है। केंद्र सरकार ने वैज्ञानिकों, इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली इन समस्याओं का समाधान करने के लिए मेडटेक उत्पाद विकास की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए एक हैंडहोल्डिंग हाईवे बनाया है। सुशासन दिवस के अवसर पर (25 दिसंबर 2023), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने नीति आयोग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय औषधि मानक और नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के साथ साझेदारी में मेडटेक मित्र पहल शुरू की।

आईसीएमआर के मेडिकल डिवाइस एंड डायग्नोस्टिक्स मिशन सचिवालय द्वारा आईसीएमआर वेबसाइट पर एक पोर्टल (https://medtechmitra.icmr.org.in/) चालू किया गया है। इसपर एक आवेदक इनोवेटर/स्टार्टअप उत्पाद और उसके विकास के




चरण का ऑनलाइन विवरण भरकर मार्गदर्शन का अनुरोध करता है। आईसीएमआर-सीडीएससीओ टीम मामले की जांच करती है और आवश्यक मदद के लिए कठिनाई की पहचान कर व्यक्तिगत बातचीत करती है और विशिष्ट सुविधात्मक कदमों के लिए आवेदक की मदद करती है।

प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन एक बड़ी चुनौती हैं इसमें सहयोगी टीम और फंड की आवश्यकता होती है। मेडटेक मित्र टीम इनोवेटर्स को आईसीएमआर के प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क और अन्य शोध संस्थानों के शोधकर्ताओं से जोड़ेगी। वैज्ञानिक समीक्षा प्रक्रिया द्वारा चयनित नवीन चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर प्री-क्लिनिकल और क्लिनिकल अध्ययन करने वाले संस्थानों को फंडिंग की पेशकश की जाएगी।

भारत में निर्मित मेडटेक उत्पादों के विकास, सत्यापन, प्राधिकरण के इस राजमार्ग में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), फार्मास्यूटिकल्स विभाग, अनुसंधान संस्थानों का इंटेंट नेटवर्क और कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ टेक्नोलॉजी और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के दो कार्यक्रम (भारत में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन और दिशानिर्देश केंद्र) के मुख्य भागीदार हैं। इस पहल के लॉन्च के कुछ ही दिनों के अंदर, 80 से अधिक इन्नोवेटर्स मेडटेक मित्र से जुड़े हैं जो इस तरह की हैंडहोल्डिंग प्रणाली की आवश्यकता को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रणाली की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं। मेडटेक उद्योग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका मूल्य वर्तमान में 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, और 2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की ओर अग्रसर है। भारत का नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तेजी से चमक रहा है। देश में 1 लाख (कुछ साल पहले के 500 की तुलना में) से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से एक महत्वपूर्ण अनुपात चिकित्सा प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित है।

भारत में डायग्नोस्टिक्स जैसे चिकित्सा उपकरणों की भारी मांग है, लेकिन हम उनमें से 80 फीसदी आयात करते हैं। स्वदेशी मेडटेक उत्पाद अक्सर निम्न स्तर की तकनीक वाले होते हैं। देश की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों और वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए भी हमे इसे बदलना होगा। चिकित्सा प्रौद्योगिकियों का सुपर हब बनना भारत की नियति है। इसके लिए हमारे नवाचार और अनुसंधान एवं विकास प्रणाली को उत्कृष्टता हासिल करनी होगी। और हमारे उद्योग को खुद को दुनिया भर में उच्च-स्तरीय और नवीन मेडटेक उत्पादों के आपूर्तिकर्ता के रूप में बदलना होगा। सरकार ने हाल ही में मेडटेक सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। चिकित्सा उपकरण पार्क विकसित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति लॉन्च की गई है। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति जारी की गई। फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक योजना (पीआरआईपी) भी हाल ही में शुरू की गई है ताकि फार्मा-मेडटेक उद्योग में वृद्धिशील नवाचार के पारंपरिक दृष्टिकोण से विघटनकारी नवाचार तक एक आदर्श बदलाव प्रदान किया जा सके।

मेडटेक मित्र पहल को प्रधानमंत्री के जय विज्ञान, जय अनुसंधान और मेक-इन-इंडिया के आह्वान को मूर्त रूप देते हुए मेडटेक क्षेत्र के लिए नवाचार और अनुसंधान एवं विकास परिवेश को प्रेरित करने के उपरोक्त प्रयासों की निरंतरता के रूप में देखा जाना चाहिए। विकसित भारत की प्रगति में मेडटेक उत्पाद हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो का एक प्रमुख हिस्सा बनकर उभरेंगे। मेडटेक मित्र एक पोर्टल नहीं है, बल्कि विशेषज्ञ सहायता, सुविधा, तकनीकी सहायता और नियामक मार्गदर्शन की एक पूरी प्रणाली है। सरकार मेडटेक मित्र विंडो तक पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों, इन्नोवेटर्स, स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों को आमंत्रित करती है। हम इनोवेटर्स इनेबलर के मित्र को लगातार सीखने और सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेडटेक मित्र में भारत के मेडटेक इनोवेशन इकोसिस्टम और मेक-इन-इंडिया मिशन के लिए गेम-चेंजर बनने की क्षमता है। यह मंच किफायती, स्वदेशी, उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरणों और निदान के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के भारत के प्रयासों को भी मजबूत करेगा।

## अमेरिका सहित 9 यूरोपीय देशों ने की संयुक्त राष्ट्र राहत और यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग बंद

वैश्विक स्तर पर आदि अनादि काल से देखा गया है कि जब भी राजाओं महाराजाओं किन्हीं दो देशों राज्यों में दाल की विरोध या, युद्ध होता है तो इसका नतीजा किसी न किसी रूप में नागरिकों को ही भुगतना पड़ता है। चाहे वह जीव आत्मा जीवन उपयोगी वस्तुओं की कमी महंगाई या फिर अपने जान माल की हानि परंतु इससे उनका उभरने के लिए अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एजेंसियों और मंच ऑन को आगे जाकर उनकी मदद करना सेवा भारी कार्य हो जाता है परंतु उनमें भी कुछ किसी न किसी स्तर पर खेल हो जाता है तो उसका अंजाम भी आम नागरिकों को ही भुगतना पड़ता है जिसका ताजा उदाहरण हम अभी हमास इजरायल युद्ध में देखने को मिला है चार महीना से हम यह युद्ध के विकराल होते मंजर को देख रहे हैं जिसमें विस्थापितों की मदद करने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी सेवा भाई कार्य कर रही है परंतु उसे पर भीइजरायल द्वारा हमास को सहायता करने व कुछ सदस्यों द्वारा हमास के समर्थ होने के इसराइल के आरोप के बाद अमेरिका सहित दो देशों ने उस यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग बंद करने की घोषणा की और आज 18 दिन 28 जनवरी 2024 को शहर और देश ने फंडिंग देना बंद करने दिया है बता दें इस एजेंसी को भारत ने भी 2023 24 में 50 लाख डॉलर का चंदा दिया है।अब इन 9 पश्चिमी देशों द्वारा फंडिंग बंद करने से यूएनआरडब्ल्यूए पर समस्या बन आई हैमहज कुछ दिनों की सहायता की बाकी है, फिर पीड़ितों पर भुखमरी की नौबत आने की संभावना को देखते हुए संयुक्त राष्ट महासचिव ने अरब देशों से कहा है कि आप सभी हर दिन हर बॉन्ड ऑर्डर तेल सब्सिडी पर काम रहे हैं उसे राजस्व के एक छोटे से हिस्से से उन रवा की मदद करने से इसकी वित्तीय समस्या रातों-रात गायब हो जाएगी क्योंकि मिडल ईस्ट के कुछ संभवत हताश लोग अब भुखमरी का सामना कर रहे हैं जिसमें अब अब राज्यों को आगे आने की जरूरत है जो के मेरा मानना है की जायज भी है। चूंकि अनेक यूरोपीय देशों द्वारा यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे संयुक्त राष्ट महासचिव की अरब दुनियां विशेषकर खाड़ी देशों से भुखमरी का सामना कर रहे युद्ध पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील जायज है।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम सबसे पहले यूएनआरडब्ल्यूए को समझने की करें तो, यूएनआरडब्ल्यूए की स्थापना 1948 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद विस्थापित फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट ने की थी। यह संगठन फिलिस्तीनी शरणार्थियों को ऐसे व्यक्ति के रूप में चित्रित करता है,जिनका सामान्य निवास स्थान 1जून 1946 से 15 मई 1948 की अवधि के दौरान फिलिस्तीन था, और जिन्होंने 1948 के युद्ध के परिणामस्वरूप घर और आजीविका के साधन खो दिए थे। जो लोग उस परिभाषा में फिट बैठते हैं उनकी संख्या अब 5.9 मिलियन है, जो बड़े पैमाने पर मूल शरणार्थियों के वंशज हैं। यूएनआरडब्ल्यूए को गाजा में लगभग 20 लाख लोगों के लिए जीवन रेखा माना जाता है। इसकी स्थापना 1949 में उन हजारों फ़िलिस्तीनियों की सेवा के लिए की गई थी, जिन्हें यहूदी लड़ाकों ने उन क्षेत्रों से जातीय रूप से उनके घरों से निकाल दिया था, जो वर्तमान में इज़राइल का हिस्सा हैं। संयुक्त राष्ट्र एजेंसीउन आरडब्ल्यूएनआरडब्ल्यूए इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक, पूर्वी येरुशलम और गाजा के साथ-साथ जॉर्डन, लेबनान और सीरिया में भी काम करती है। ऐसे में ये संस्थान लगभग 60 लाख लोगों से प्रत्यक्ष जुड़ी हुई है। ऐसे में संस्था ने गाजा में मानवीय आपदा के बीच कई पश्चिमी देशों द्वारा फंडिंग में कटौती पर हैरानी जताई है।

साथियों बात अगर हम पश्चिमी देशों द्वारा यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग बंद करने की करें तो, अमेरिका समेत कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थियों के लिए काम करने वाली एजेंसी की फंडिंग रोक दी है। दरअसल इस्राइल ने दावा किया है कि हमास द्वारा उनके देश पर 7 अक्तूबर को किए गए हमले में यूएन एजेंसी के स्टाफ ने भी मदद की थी। जिन देशों ने फंडिंग रोकी है, उनमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्विट्जरलैंड और फिनलैंड शामिल हैं।इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए के कुछ कर्मचारियों पर 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया है। इसके बाद से गाजा पट्टी में काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी में उथल-पुथल मची है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# हवा हवाई साबित हुए विपक्षी एकता के दावे

शहर बदल-बदल कर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष की पांच बैठकें कीं मगर नतीजा सिफर ही रहा। न सीटें बंटीं और न ही साझा घोषणा पत्र पर काम आगे बढ़ा। नीतीश कुमार की एक बात नहीं मानी गई। विपक्षी गठबंधन का उन्होंने इंडिया के बदले भारत नाम सुझाया मगर उसे खारिज कर दिया गया। बिहार की तरह राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार गणना कराने का जिक्र तक करना भी जरूरी नहीं समझा गया। दरअसल, विपक्षी एकता के प्रथम प्रयास के साथ-साथ बिखराव का प्लॉट भी तैयार होता गया।

लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सत्तारूढ़ दल के साथ ही विपक्षी पार्टियां भी अपने-अपने स्तर पर रणनीतियां बनाने में जुट गई हैं। चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की कवायद के तहत इंडिया गठबंधन का गठन किया गया। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन उड़ान भर पाता, उसकी हवा निकाल दी गई। बड़ा सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों का गठजोड़ चुनाव से पहले ही क्यों धराशायी होता दिख रहा है?


राजेश माहेश्वरी

इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा जब जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल का दामन तोड़ते हुए भाजपा के साथ हाथ मिला ली। बिहार में नीतीश कुमार की नई सरकार बन चुकी है। इंडिया गठबंधन में मुख्य सूत्रधार रहे नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन को यूं ही अलविदा नहीं कहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन इंडिया के बिहार में बिखराव के लिए राष्ट्रीय जनता दल से ज्यादा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है। बदले हालात में कांग्रेस ने नीतीश को खलनायक के रूप में परिभाषित किया है, लेकिन इसके लिए अंदर की राजनीति भी कम जिम्मेदार नहीं है। विपक्षी एकता की पहल नीतीश ने ही की थी और अंत का प्रारंभ भी उन्होंने ही किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चाहे जो आरोप लगाएं, मगर सच्चाई यह भी है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के बिहार में बिखराव के लिए राजद से ज्यादा कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है। उसने प्रत्येक कदम पर जदयू समेत तमाम क्षेत्रीय दलों की अनदेखी की।

आजादी के बाद से देश की राजनीति में गठबंधन बनने और टूटने का लंबा इतिहास रहा है। इस बार 'इंडिया' का प्रयोग कुछ भिन्न और व्यापक लग रहा था, लेकिन दो अलगाव ऐसे घोषित किए गए हैं कि विपक्षी गठबंधन की संभावनाएं प्रभावहीन लगती हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने 'इंडिया' का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं 'अंतिम' हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है। विपक्षी गठजोड़ में कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सही मायने में राष्ट्रीय है। इंडिया गठबंधन में शामिल दल का अस्तित्व एक प्रदेश के बाद दूसरे में कहीं नहीं दिखता है, लेकिन कांग्रेस की मौजूदगी कई प्रदेशों में है। इसे देखते हुए गठबंधन में शामिल दल कांग्रेस पर सीट बंटवारे को लेकर लगातार दबाव बना रहे थे। इसके बावजूद कांग्रेस की ओर से कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया जा रहा है।


अब इंडिया में बिखराव देखने को मिल रहा है।

शहर बदल-बदल कर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष की पांच बैठकें कीं मगर नतीजा सिफर ही रहा। न सीटें बंटीं और न ही साझा घोषणा पत्र पर काम आगे बढ़ा। नीतीश कुमार की एक बात नहीं मानी गई। विपक्षी गठबंधन का उन्होंने इंडिया के बदले भारत नाम सुझाया मगर उसे खारिज कर दिया गया। बिहार की तरह राष्ट्रीय स्तर पर जातिवार गणना कराने का जिक्र तक करना भी जरूरी नहीं समझा गया। दरअसल, विपक्षी एकता के प्रथम प्रयास के साथ-साथ बिखराव का प्लॉट भी तैयार होता गया। जनता दल यूनाइटेड का आरोप है कि कांग्रेस की नीयत में प्रारंभ से ही खोट था। तभी तो पटना में गत वर्ष 13 जून को प्रस्तावित संयुक्त विपक्ष की पहली बैठक में राहुल गांधी एवं खरगे ने जाने से आनाकानी की तो इसे 23 जून करना पड़ा।

बिहार में भाजपा का साथ छोड़कर नीतीश ने 10 अगस्त 2022 को राजद व कांग्रेस समेत सात दलों की सरकार बनाई थी और उसी दिन संकेत दिया था कि कांग्रेस को साथ लेकर विरोधी दलों का मोर्चा बनाएंगे। कांग्रेस को अलग करके तीसरे मोर्चे की तैयारी में जुटे क्षेत्रीय दलों से नीतीश ने देवीलाल की जयंती पर हरियाणा के फतेहाबाद में 25 सितंबर 2022 को हाथ जोड़कर आग्रह किया था कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं। उसी दिन उन्होंने लालू के साथ दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की और विपक्षी एकता का सूत्रपात किया।

इसके बाद उन्होंने घूम-घूम कर क्षेत्रीय दलों को एक करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया। उन्होंने केसीआर के तीसरे मोर्चे के प्रयासों पर पानी फेर दिया परंतु कांग्रेस ने नीतीश को इस लायक भी नहीं समझा कि उन्हें संयोजक बना दे या कोई जिम्मेदारी सौंप दे। राहुल का वह बयान भी नीतीश को चुभता रहा, जिसे उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम चरण में क्षेत्रीय दलों के बारे में दिया था। राहुल ने कहा था कि क्षेत्रीय दलों के पास कोई विचारधारा नहीं है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता 'इंडिया' की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ ज़हर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच ज़हरीला अलगाव इस हद तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना 'इंडिया' गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर 'शून्य' ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इंडिया गठबंधन को झटका देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। अखिलेश ने पिछले दिनों यह घोषणा कर दी कि वह उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को 11 सीटें देने को तैयार हैं। दूसरी तरफ, देश की सबसे पुरानी पार्टी सबसे ज्यादा लोकसभा सीट वाले प्रदेश में ज्यादा सीटें मिलने की उम्मीद लगा रखी थी। सपा के रवैये से मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई है। सपा और रालोद के बीच सात सीटों को लेकर समझौता हो चुका है। बसपा एनडीए और इंडिया किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है।

# शहीद दिवस : गांधी जी ने अहिंसा के रास्ते पर चलना सिखाया

21 जनवरी को गाँधी जी ने कहा कि अगर कोई मुझ पर बहुत पास से गोली चलाता है, और मैं मुस्कुराते हुये, दिल में राम का नाम लेकर, इन गोलियों का सामना करता हूँ तो मैं बधाई का पात्र हूँ। उनकी यह सोंच उनके अन्दर निहित साहस, बलिदान और शौर्य की भावना को दर्शाती है। दरअसल ऐसी ही भावना के साथ महत्मा गाँधी ने बिना किसी हिंसा और टकराव के, अग्रेजों का सामना किया। गांधी जी एक शांतिप्रिय व्यक्ति थे, वह सदैव मौन रहते थे।

देश और दुनिया कों अहिंसा के रास्ते पर चलना सिखाने वाले भारत के 'राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी' की आज पचहत्तरवीं पुण्यतिथि है। यह हमारे देशवासियों का दुर्भाग्य है कि वर्ष 1948 में आज ही के दिन नाथू राम गोडसे ने एक प्रार्थना सभा के बाद अपने पिस्तौल से गाँधी को हमेशा के लिए भारतवासियों से छीन लिया था। गाँधी जी को इस देश में एक सोच का दर्जा हासिल है। नाथू राम गोडसे को लोग आजाद भारत का पहला आतंकवादी कहते हैं। वहीं गोडसे, भारतीय राजनीत के इतिहास में एक विवादस्पद नाम बन गया। गाँधी जी ऐसा व्यक्तित्व थे जिन्हें आम तो आम ख़ास लोग भी स्वयं से जुडा हुआ महसूस करते थे। गाँधी जी की प्रार्थना सभा में जुटी इस भीड़ को जरा भी यह गुमान नहीं था कि उस दिन कुछ ऐसा भी घट सकता है। इस हत्यारे का पूरा नाम विनायक राव गोडसे था, और वह एक मराठी चितपावन ब्राहम्ण परिवार में जन्मा था। आइये देखें कि सन् 1948 में जनवरी के आखिरी पखवारे में, गाँधी जी पर क्या बीती थी।


मोहम्मद क़मर खाँ

गाँधी जी की मौत के 75 साल बाद भी लोगों के मन में अब भी, कई सवाल तैर रहे हैं। महात्मा गाँधी को उस दिन कितनी गोलियाँ लगी थीं। क्या उन्हें अपनी मौत का आभास पहले ही हो गया था? जैसा कि उनकी मौत से पहले दिये गये उनके वक्तब्य को पढ़कर लगता है। गोडसे ने क्या हत्या की प्लानिंग पहले ही कर ली थी। क्या गाँधी को मारने वालों में गोडसे अकेला ही था? या उसके सहयोग में और भी लोग जुड़े थे? आज 30 जनवरी को राष्ट्र पिता की पुण्यतिथि पर, हम ऐसे ही प्रश्नों का उत्तर खोजने का प्रयास करेगें। आपको बताएगें कि आखिर गाँधी और गोडसे, सन् 1948 को वहाँ क्या कर रहे थे? गाँधी जी बिड़ला भवन स्थित प्रार्थना सभा में सायंकालीन प्रार्थना के लिए गये थे। उस समय वहाँ वह अनुचरों से घिरे हुये थे। जब कि गोडसे वहाँ उनकी हत्या के उद्देश्य से गया था। इसी बीच नाथू राम गोडसे ने उनके चरण स्पर्श के बहाने, उन पर बैरेटा पिस्तौल से तीन गोलियां दाग दीं। गाँधी जी बेहोश होकर गिर गये, और एक प्रकार से कह सकते हैं कि मृत्यु की शैय्या पर लेट गये, उनके मुख से अन्तिम शब्द 'हे राम' निकला। हत्यारे नाथू राम गोडसे का मानना था, कि गाँधी भारतीय उपमहाद्वीप में एक बड़े मुस्लिम अल्पसंख्यक वर्ग के प्रति अत्यन्त लोकप्रिय और दयालू होते जा रहे थे।

प्रश्नगत विषय में 20 जनवरी 1948 यानी मौत के 10 दिन पहले गाँधी जी पर, हत्या का पहला प्रयास हुआ था, हालांकि उस दिन के हमले में वह बाल-बाल बच गये थे। इस



प्रकार 20 जनवरी के बाद में गाँधी इस कदर अपनी मौत से सशंकित थे मानों उन्हें पता था कि जनवरी में इनके साथ कुछ अनहोनी होने वाली है। इसकी चर्चा उन्होनें कई समाचार पत्रों, जन सभाओं एवं प्रार्थना सभाओं के माध्यम से कम से कम एक दर्जन बार की थी। 21 जनवरी को गाँधी जी ने कहा कि अगर कोई मुझ पर बहुत पास से गोली चलाता है, और मैं मुस्कुराते हुये, दिल में राम का नाम लेकर, इन गोलियों का सामना करता हूँ तो मैं बधाई का पात्र हूँ। उनकी यह सोंच उनके अन्दर निहित साहस, बलिदान और शौर्य की भावना को दर्शाती है। दरअसल ऐसी ही भावना के साथ महत्मा गाँधी ने बिना किसी हिंसा और टकराव के, अग्रेजों का सामना किया। गांधी जी एक शांतिप्रिय व्यक्ति थे, वह सदैव मौन रहते थे। वह उचित समय आने पर ही प्रतिउत्तर किया करते थे। उनका मानना था कि बोलने का समय आने पर ही बोलना चाहिए। अन्यथा मौन ही बेहतर है।

गाँधी जी अपने जीवनकाल से ही अपने विचार और सिद्धान्तों के कारण चर्चित रहे। मोहनदास करम चन्द गाँधी का नाम, विश्व भर में सम्मान के साथ लिया जाता है। देश का कोई भी नागरिक महात्मा गाँधी के बलिदान एवं जीवन पर्यन्त, उनके योगदान को भुला नहीं पायेगा। यही कारण है कि मौजूदा दौर में भी महात्मा गांधी के विचारों का अलग ही महत्व है। जीवन जीने का सही ढंग सिखाते हुए, गाँधी के यह अनमोल विचार, हमेशा देशवासियों का मार्ग दर्शन करते रहेंगें। आइये ऐसे अनमोल विचारों का अध्ययन कर, उन्हें अपनी ज़िन्दगी में जगह दें।

खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है, कि आप खुद को दूसरों की सेवा में खो दें। ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है, यह अदम्य इच्छा शक्ति से आती है। कमज़ोर कभी माफनहीं कर सकते, क्षमा ताकतवर की विशेषता है। गौरव लक्ष्य पाने के लिये, कोशिश करने में है, न कि लक्ष्य तक पहुंचने में है''।

अपनी गलती को स्वीकारना झाडू लगाने के समान है जो धरातल की सतह को चमकदार और साफकर देती है। स्वास्थ्य ही असली धन है, सोने और चाँदी के टुकडे नहीं। भविष्य इस बात पर निर्भर करताहै कि आज आप क्या कर रहे हैं? खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है और जो करते हैं, सब सामन्जस्य में हो।

किसी चीज़ में यकीन करना और फ़िर उसे ना जीना बेईमानी है। विश्वास को हमेशा तर्क से तौलना चाहिये। जब विश्वास अन्धा हो जाता है तो मर जाता है। खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है, खुद को दूसरों की सेवा में खो दें। थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है। मनुष्य केवल अपने विचारों की उपज है, वह जैसा सोंचता है, वैसा ही बन जाता है। पाप से घृणा करो मगर पापी से प्रेम करो।

हम यदि उक्तानुसार वर्णित विचारों के शब्दों में स्वयं को धारा प्रवाह विलीन करेंगें, और इन्हें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेगें, तो जिन्दगी सरलतापूर्वक व्यतीत होने लगेगी, और जीवन हल्का अनुभव होने लगेगा। हमारे देश में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि को 'शहीद दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन दिल्ली के राजघाट स्थित, गांधी जी के समाधि स्थल पर भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री पहुँचकर, स्वतन्त्रता संग्राम में 'राष्ट्र पिता के योगदान की स्मृति को याद कर, उन्हें श्रद्धान्जलि अर्पित करते हैं। साथ ही देश के सशस्त्र बलों के शहीदों को इसी दिन सलामी दी जाती है। देश भर में बापू की स्मृति एवं शहीदों के योगदान हेतु दो मिनट का मौन रखा जाता है। धर्म सभा भी आयोजित की जाती है, देश में इस प्रकार के आयोजनों के साथ 'शहीद दिवस' सम्पन्न होता है। कृतज्ञ राष्ट्र के साथ साथ हम सब भी राष्ट्रपिता को याद करते हुए, उन्हें नमन करते हैं व अपनी ओर से उन्हें श्रद्धान्जली अर्पित करते हैं।

# किसी ने चंद्रयान उतारा तो किसी ने बिना हाथ जीते पदक














**महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। खेल, राजनीति, सिनेमा, उद्योग कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं अपना लोहा न मनवा रही हों। जब देश ने चार साल की अधूरी ख्वाहिश को पूरा करते हुए चंद्रयान 3 को चंद्रमा की सतह पर उतारा तो उसमें भी महिलाओं ने योगदान दिया। खेलों में चाहे एशियन गेम्स हों या अन्य प्रतिस्पर्धाएं वहां भी महिलाओं ने भारतीय तिरंगे को गर्व से ऊंचा उठाया है।**

आज हम आपको बताने जा रहे हैं 10 ऐसी महिलाओं के बारे में जिन्होंने इस साल लोहा मनवाया है। शीतल एशियाई पैरा गेम्स 2023 में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के लोइधर गांव की रहने वाली हैं। एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली 16 साल की शीतल देवी का सफर हर व्यक्ति को प्रेरणा देने वाला है। वह दुनिया की पहली महिला तीरंदाज हैं जिनके दोनों हाथ नहीं हैं। वह कंधे और मुंह की मदद से तीर चलाती हैं और दिग्गजों को पीछे छोड़ देती हैं। शीतल फोनकोमेलिया नाम की बीमार के साथ दुनिया में आईं। फोनकोमेलिया एक दुर्लभ जन्मजात बीमारी है जिसमें हाथ या पैर अविकसित रह जाते हैं।

शीतल के खेल में आने की कहानी भी दिलचस्प है। जब कुछ स्थानीय प्रशिक्षकों को लगा कि वह खेलों में अच्छा कर सकती हैं, तो उन्होंने उसे कृत्रिम हाथ दिलाने की कोशिश की, लेकिन वह फिट नहीं हुआ। शीतल ने हार मानने की बजाय और भी जोर लगा दिया। ट्रेनिंग के शुरुआती दिनों में वह धनुष तक नहीं उठा पाती थीं, लेकिन उन्होंने दाएं पैर से धनुष उठाने का अभ्यास किया और दो साल की कड़ी ट्रेनिंग के बदौलत जीत का परचम लहराया। 2021 में ट्रेनिंग शुरू करने के महज दो साल में शीतल ने दिव्यांग और पैरा दोनों प्रतियोगिताओं में पदक जीतने शुरू कर दिए। 16 साल की उम्र में शीतल 2023 पैरा तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में पदक (रजत) जीतने वाली दुनिया की पहली महिला बिना हाथ वाली तीरंदाज बन गईं। पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल ने दो गोल्ड और एक सिल्वर हासिल किया। हांग्जो एशियाई पैरा खेलों में, वह पहले ही कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में राकेश कुमार के साथ स्वर्ण और अपनी साथी सरिता के साथ महिला युगल प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुकी थीं।

## सावित्री कभी कॉलेज नहीं गई

इस साल अर्थजगत में महिला उद्योगपति सावित्री जिंदल का नाम खूब चर्चा में रहा। सावित्री भारत की सबसे अमीर महिला हैं, जो वर्तमान में जिंदल ग्रुप की अध्यक्ष हैं। इस साल मध्य दिसंबर में दौलत के मामले में वह विप्रो के मालिक अजीम प्रेमजी से आगे निकलते हुए सातवें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गई थीं। सावित्री फिलहाल छठें स्थान पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सावित्री की कुल संपत्ति 24.7 अरब डॉलर है। पिछले दो साल में ही उनकी दौलत में भारी इजाफा हुआ। असम के तिनसुकिया में 20 मार्च 1950 को सावित्री जिंदल का जन्म हुआ था। उनका विवाह 1970 में जिंदल ग्रुप के संस्थापक ओमप्रकाश जिंदल से हुआ था। उनके 9 बच्चे हैं। जब वे 55 साल की थीं, तब हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनके पति की मौत हो गई थी। ओम प्रकाश जिंदल हरियाणा सरकार में मंत्री भी रहे थे। पति की मौत के बाद उन्होंने पूरा कारोबार संभाला।

## इशिता किशोर दो बार प्री में ही फेल हुईं

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा एक सपना होता है। यह सपना कुछेक का पूरा होता है, बहुतों का नहीं। मूलरूप से पटना निवासी इशिता ने सिविल सर्विसेज परीक्षा में देश में पहले नंबर पर आकर इस सपने को जिया। दो बार संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा देने के बाद प्रीलिम्स से आगे नहीं बढ़ पाई इशिता ने हार नहीं मानी और निराशा को पीछे छोड़ते हुए 2021-2022 की परीक्षा में देश में टॉप किया। इशिता ने दिल्ली के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल से प्राथमिक शिक्षा ली है। इशिता के पिता विंग कमांडर संजय किशोर इंडियन एयरफोर्स में थे। वर्ष 2004 में उनका देहांत हो गया था। इशिता बताती हैं कि वह सिविल सर्विसेज के जरिए देश सेवा में आना चाहती थीं। शुरू से ही वह बेहद मेहनती विद्यार्थी रही हैं। 10वीं में 90 फीसदी से अधिक अंक और 12वीं में 97 फीसदी अंक हासिल किए। इसके बाद दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स से इकोनॉमिक्स विषय से बीए ऑनर्स किया है।



## डॉ. ऋतु करिधाल श्रीवास्तव चंद्रयान को चंद्रमा पर उतारने वाली रॉकेट वुमेन

23 अगस्त को भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में इतिहास रच दिया। चंद्रयान-3 दुनिया का पहला ऐसा मिशन बन गया जो चांद की दक्षिणी सतह पर उतरा। पहली बार इस मिशन की कमान दो महिलाओं के हाथ में दी गई थी। लखनऊ की रहने वाली ऋतु को मिशन निदेशक बनाया गया था, जिनकी पहचान देश में रॉकेट वुमेन की है। चंद्रयान-3 की लैंडिंग की जिम्मेदारी इस बार वरिष्ठ महिला वैज्ञानिक डॉ. ऋतु को सौंपी गई थी। इसके पहले ऋतु मंगलयान की डिप्टी ऑपरेशन डायरेक्टर और चंद्रयान-2 में मिशन डायरेक्टर रह चुकी हैं। ऋतु का जन्म 1975 में लखनऊ के मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। बचपन से उन्हें चांद-सितारों और आसमान में दिलचस्पी थी। इसरो और नासा से संबंधित समाचार पत्रों के लेख, जानकारी और तस्वीरें इकट्ठा करना उनका शौक था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से भौतिकी में एससी और एमएससी की पढ़ाई की। फिर एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री लेने के लिए आईआईएससी, बंगलूरू में दाखिला लिया। डॉ. करिधाल ने नवंबर 1997 से इंजीनियर के तौर पर इसरो में काम करना शुरू किया।

## सियाचिन में सक्रिय रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी

रक्षा क्षेत्र में कैप्टन शिवा चौहान ने इस साल खूब सुर्खियां बटोरीं। जनवरी में शिवा चौहान दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में सक्रिय रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं। राजस्थान की रहने वाली शिवा एक बंगाल सैपर अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा उदयपुर से पूरी की है और एनजेआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, उदयपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। 11 साल की छोटी उम्र में शिवा के सिर से पिता का साया उठ गया था। मां ने शिवा की पढ़ाई का ध्यान रखा और बचपन से ही, उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। मई 2021 में शिवा को इंजीनियर रेजिमेंट में नियुक्त किया गया।

## निर्मला सीतारमण

दिसंबर की शुरुआत में फोर्ब्स की ओर से विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की गई थी। इस सूची में तीन भारतीय महिलाओं के भी नाम थे जिसमें देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं। यह पांचवी बार है जब उनका नाम इस सूची में है। निर्मला सीतारमण को इस बार 100 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की सूची में 32वां स्थान मिला। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और भू-राजनीतिक जोखिमों के बावजूद भारत ने अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में अच्छा किया है। जहां वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 7.7% की मजबूत जीडीपी वृद्धि हासिल की तो, वहीं औद्योगिक गतिविधि में लगातार वृद्धि देखी गई। भारत का दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से है।

किरण मजूमदार-शॉ- फोर्ब्स की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची लिस्ट में किरण मजूमदार-शॉ भी शामिल हैं। किरण को 76वें स्थान पर जगह मिली है। किरण मजूमदार शॉ भारत की सबसे बड़ी लिस्टेड बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन की फाउंडर हैं। ये दवा उत्पादन के क्षेत्र की बड़ी कंपनी है। इस कंपनी की स्थापना 1978 में हुई थी। उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

## रोशनी नादर मल्होत्रा

रोशनी को फोर्ब्स की ओर से जारी विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में शामिल किया गया है। रोशनी नाडर मल्होत्रा को 60वें स्थान पर जगह मिली है। रोशनी दिग्गज टेक कंपनी एचसीएल की सीईओ हैं। वह एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर की एकलौती बेटी हैं। रोशनी नाडर 2020 में देश की सबसे अमीर महिला भी बनी थीं। कंपनी के रणनीतिक फैसलों में शुरू से ही बड़ी भूमिका निभाने वाली रोशनी को महज 28 साल की उम्र में सीईओ बनाया गया था। एक साल बाद ही कॉरपोरेशन की कार्यकारी निदेशक बन गई। फोर्ब्स ने 2017-2018 और 2019 में भी उन्हें दुनिया की 100 ताकतवर महिलाओं में शुमार किया था।

## नीता अंबानी

नीता रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। इसी साल अक्टूबर में उन्हें यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने नीता अंबानी को ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड दिया था। नीता अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वह मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट, न्यूयॉर्क के ट्रस्टी बोर्ड में शामिल होने वाली पहली भारतीय भी हैं। बच्चों आकाश, ईशा और अनंत को आगे बढ़ाने के लिए इसी साल ऋद्धरु के बोर्ड से नीता अंबानी ने इस्तीफा दिया था। आकाश, ईशा और अनंत गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए गए थे।

## काश्वी गौतम- पारी में सभी 10 विकेट लेकर मचाई थी सनसनी

महिला प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में काश्वी गौतम पर दो करोड़ की बोली लगी है। काश्वी का बेस प्राइस 10 लाख रुपये था और उन्हें 20 गुना ज्यादा कीमत पर गुजरात जाएंट्स ने अपने साथ जोड़ा। दाएं हाथ से बेहतरीन तेज गेंदबाजी करने के साथ ही काश्वी बड़े शॉट खेलने में भी माहिर हैं। उन्होंने 2020 में महिलाओं की घरेलू अंडर-19 प्रतियोगिता में चंडीगढ़ के लिए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ वनडे मैच में हैट्रिक सहित दस विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने खास कीर्तिमान अपने नाम किया था। इसी वजह से वह सभी फ्रेंचाइजी की नजरों में बनी हुई थीं।

# दृष्टिबाधित बेटियां दे रहीं दूसरों को जीवनदान

साल आते हैं और चले जाते हैं, लेकिन हर साल की एक कहानी होती है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकती है। ऐसी ही कुछ कहानियां भारत की महिला शक्ति ने रची है। देश की महिलाएं कई क्षेत्रों में अपना बेहतर योगदान दे रही हैं। हर महिला का अपना संघर्ष और कुछ चुनौतियां होती हैं। इन चुनौतियों और संघर्षों को पार कर जब वह सफलता की सीढ़ी चढ़ती है तो वह सफलता सिर्फ उसकी नहीं, बल्कि कई अन्य महिलाओं की भी बन जाती है।

## स्पर्श की शक्ति के जरिए बचा रहीं जान

ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी नूरोनिशा और आयशा बानो की है। इन दोनों बेटियों ने स्पर्श करने की शक्ति को ब्रेस्ट कैंसर के शुरुआती चरण को जांचने के लिए उपयोग में लाया। दरअसल, नूरोनिशा और आयशा बानो दोनों ही जन्म से देख नहीं सकती हैं। हालांकि अपनी शारीरिक कमी को उन्होंने जीवन के मार्ग में बाधा नहीं बनने दिया और दोनों युवा महिलाएं डिस्कवरिंग हैंड्स के जरिए एनएबल इंडिया द्वारा प्रशिक्षित मेडिकल टैक्टाइल परीक्षक (एमटीई) के तौर पर कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम की शुरुआत जर्मनी में डॉ. फ्रैंक हॉफमैन ने की थी, जिसमें नेत्रहीन व दृष्टिबाधित महिलाओं में स्तन कैंसर ट्यूमर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाया जाता है। इस पद्धति के माध्यम से एमटीई विशेष स्पर्श कौशल का उपयोग करके प्रारंभिक चरण में स्तन कैंसर/ ट्यूमर का पता लगा सकते हैं। एनएबल इंडिया से नूर और आयशा बेंगलुरु में साइटकेयर कैंसर अस्पताल में एमटीई के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा पांच महिलाओं को दूसरा बैच मौजूदा समय में बेंगलुरु के साइटकेयर और अपोलो अस्पताल में इंटर्नशिप कर रहा है।



## 500 गृहिणी हो रहीं प्रशिक्षित, टैक्सी चलाकर जरूरतों को कर सकेंगी पूरा

एनसीआरटीसी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के लिए ड्राइविंग प्रशिक्षण करा रहा है। इस प्रशिक्षण में 18 से 35 वर्ष की करीब 500 महिलाओं को अलग-अलग बैच में ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए एक जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें ड्राइविंग सीखकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के विचार पर जोर दिया गया। ड्राइविंग सीखने में रुचि रखने वाली महिलाओं की एक सूची तैयार की गई और मारुति मोटर ट्रेनिंग सेंटर के सहयोग से ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया रहा है। महिलाओं के लिए यह ड्राइविंग प्रशिक्षण 21 दिनों (रोजाना एक घंटा) तक चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है। शुरुआती चरण में महिलाओं को ड्राइविंग के नियमों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से परिचित कराने के लिए क्लासरूम ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके बाद दूसरे चरण में वाहनों के बारे में तकनीकी जानकारी दी जा रही है। तीसरे चरण में सिमुलेटर के माध्यम से गाड़ी चलाते समय नियंत्रण बनाए रखना सिखाया जाता है। आखिरी चरण में महिलाओं को नियंत्रित वातावरण में सड़कों पर ड्राइविंग का अभ्यास करवाया जा रहा है।



इसके साथ ही एनसीआरटीसी इन महिला प्रतिभागियों को ड्राइविंग के लिए लर्निंग लाइसेंस दिलाने में सहायता दे रहा है। ड्राइविंग प्रशिक्षण पूरा होने पर यह महिलाएं टैक्सी या ई-रिक्शा जैसे वाहन चलाकर अपने घर की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

## बच्चा करता है लोगों से बदतमीजी तो डांटें नहीं, इन टिप्स से सुधारें आदत

अभिभावक के लिए बच्चे को अच्छे संस्कार देना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। जब तक बच्चा छोटा होता है, उसे समझाना और सिखाना आसान होता है लेकिन बड़े हो रहे बच्चे की विचार, व्यवहार में बदलाव आने लगते हैं। ऐसे में अक्सर बच्चे दूसरों का अनादर, गैरजिम्मेदारा बर्ताव, अशिष्ट बातें भी कर जाते हैं। बच्चे के बदतमीजी करने पर माता-पिता उसे डांटते हैं लेकिन इससे बच्चे का बर्ताव अधिक अशिष्ट हो सकता है।

वह तुरंत तो चुप हो जाएगा लेकिन उनके बर्ताव में बदलाव नहीं आएगा। ऐसे में अगर आपका बच्चा भी अधिक गुस्सैल है और गुस्से में दूसरों से बदतमीजी से बात करता है तो उसे डांटे नहीं, बल्कि उनकी आदत में सुधार लाएं। बच्चे की गलत आदतों को सुधारने के लिए अपनाएं ये तरीके। बच्चे के बर्ताव का कारण अक्सर आसपास का माहौल और उनको दिए जाने वाले संस्कार का हिस्सा हैं। बच्चे देखकर अधिक सीखते हैं। ऐसे में अगर बच्चा अशिष्ट व्यवहार करता है तो उसपर चीखें-चिल्लाए नहीं। बच्चे को प्यार से समझाएं। बच्चे का गुस्सा शांत हो जाएगा तो वह शांति से बात करेगा और आपकी बात को समझेगा।

अक्सर बच्चा जिद में बहस करने लगता है। बहस करने की आदत बच्चे में आक्रामकता और गुस्सा बढ़ाती है और वह बहसबाजी में बदतमीजी करने लग जाता है। लेकिन बहस हमेशा दो लोगों के बीच होती है। अगर बच्चा आपसे बहस करे तो उस वक्त शांत हो जाएं। बच्चे से बहस करने से बचें और उनकी बात सुनें। इससे वह भी आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे और जिद कम करेंगे।

## बच्चे की मन की बात समझें

बच्चे के बुरे व्यवहार को ठीक करने के लिए उसके व्यवहार की वजह जानें। हो सकता है कि वह किसी बात से असंतुष्ट व नाखुश हो। बच्चे के मन को टटोलें और समझने का प्रयास करें कि वह ऐसा व्यवहार क्यों कर रहा है, ताकि उसकी परेशानी का हल निकालकर उसके व्यवहार में बदलाव लाया जा सके। बच्चे के आसपास का माहौल उसके व्यवहार का कारण है लेकिन अगर घर पर उसे अच्छा माहौल मिल रहा है, फिर भी बच्चा गलत बर्ताव करता है तो जरूर उसकी संगत खराब हो सकती है। बच्चे के दोस्त कैसे हैं, वह अपना वक्त किन लोगों के बीच और किस काम में अधिक बिताता है, टीवी या मोबाइल पर किस तरह के कार्यक्रम देखता है, इस पर नजर रखें, ताकि गलत संगत से उसे दूर कर पाएं।

# निवेदिता बनर्जी की कहानी

**महिला सशक्तिकरण केवल खुद को आत्मनिर्भर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने कार्यों या प्रयासों के जरिए दूसरी महिलाओं या समाज को प्रेरित करना भी है। ऐसी ही कुछ सहेलियों का एक समूह है, जिसने अपनी युवा अवस्था में समाज के सहयोग के लिए कार्य करना शुरू किया। उन्होंने इसके लिए एक संस्था भी बनाई। बाद में इस संस्था से ग्रामीण क्षेत्र की और आदिवासी महिलाएं जुड़ीं। इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई सिखाई गई और कुंभया की शुरुआत हुई।**

सामाजिक कार्यकर्ता बाबा आमटे के मार्गदर्शन में करीब 19-20 साल की निवेदिता बनर्जी और उनके दोस्तों के समूह ने वर्ष 1990 में समाज प्रगति सहयोग नाम की संस्था की शुरुआत की। यह संस्था मध्य प्रदेश के ग्रामीण में शुरू की गई, जो कि भारत की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की पहल में से एक है।

## क्या है समाज प्रगति सहयोग

एसपीएस पिछले तीन दशकों से महिला सशक्तिकरण, जल और आजीविका सुरक्षा के लिए भारत की सबसे बड़ी जमीनी स्तर की पहल में से एक है।

## कहां से हुई शुरुआत

इसकी शुरुआत निवेदिता और उनके दोस्तों ने मध्य प्रदेश के देवास जिले की बागली तहसील के एक छोटे से गांव नीमखेड़ा से की। बागली में आदिवासी समुदाय के साथ काम करने के दौरान निवेदिता ने देखा कि महिलाएं स्थानीय प्रशासन में अदृश्य रहती हैं। उन्हें समाज और प्रशासन से जोड़ने की पहल करते हुए एसपीएस के साथ जोड़ा गया। संस्था से जुड़ने के बाद वही महिलाएं अपने जीवन को लेकर उत्सुक हो गईं।

## कुंभया की नींव

इसी दौरान आदिवासी महिलाओं ने बनर्जी के घर पर उनके द्वारा किए गए पैचवर्क को देखा, जो उन्होंने चादर, तकिया कवर और कुशन कवर पर बनाए थे। उन्हें पता चला कि मैंने ये पैचवर्क है। उनकी उत्सुकता सिलाई में बढ़ी और उन्होंने निवेदिता और उनकी सहेली सुभा से सिलाई के बारे में जानना शुरू किया। यहां से कुंभया की नींव रखी गई और जिले की



सैकड़ों महिलाएं सिलाई के माध्यम से सशक्त और आत्मनिर्भर बनीं।

## मिलिए तमिलनाडु की महिला पुरोहितों से, कोई बीएससी तो किसी ने किया है परास्नातक

महिलाओं को समाज में समानता का अधिकार दिलाने के लिए सराहनीय फैसला लिया गया है। तमिलनाडु सरकार ने महिलाओं को काबिलियत के आधार पर पुरोहित बनने का मौका दिया है, यानी महिलाएं भी अपन पूजा-अर्चना का कार्य करेंगी और मंदिर में पुजारी बनने के लिए सक्षम हो सकती हैं। इसके लिए योग्य महिलाओं को पुराहिताई की ट्रेनिंग दी जाएगी। फैसले की घोषणा करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि द्रविड़ियन मॉडल ऑफ गवर्नेंस के मुताबिक महिलाएं भी मंदिरों में पुरोहिताई कर सकती हैं।

## तीन महिला पुरोहितों की ट्रेनिंग पूरी

मुख्यमंत्री स्टालिन की घोषणा के साथ ही तीन महिलाओं को राज्य के इस प्रोग्राम में शामिल किया गया है। इन तीनों महिलाओं ने अर्चकार यानी पुरोहित की ट्रेनिंग पूरी कर ली है। इन तीनों महिलाओं की ट्रेनिंग तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथ मंदिर, श्रीरंगम से पूरी हुई है।

## कौन हैं तमिलनाडु की तीनों महिला पुरोहित

राज्य के प्रमुख मंदिरों में पुरोहित का कार्य करने वाली इन तीन महिला पुरोहितों के नाम एस कृष्णवेणी, एम राम्या और रंजीता है। एस कृष्णवेणी, एम राम्या और रंजीता पहली तीन महिलाएं हैं, जिन्होंने अर्चकार ट्रेनिंग स्कूल से ट्रेनिंग ली है। तीनों महिला अर्चकारों को वैष्णव मंदिरों में सहायक पुरोहित के पद पर नियुक्ति मिलेगी।

## कितना पढ़ी लिखी हैं तीनों महिला

तीनों ही महिला पुरोहित शिक्षित और योग्य हैं। एम राम्या के पास परास्नातक की डिग्री है। उन्होंने पुजारी बनने को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि वह ईश्वर की सेवा करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने ट्रेनिंग ली, ताकि बड़े मंदिरों में नियुक्ति मिले और सीखने का मौका मिले। दूसरी पुरोहित कृष्णवेणी ने गणित में बीएससी पास किया है। कृष्णवेणी के पिता और दादाजी गांव के मरियम्मन मंदिर में सेवा करते थे।



# मुख्यमंत्री ने गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने गांधी जी के चित्र पर पुष्पचक्र चढ़ाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम' तथा 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, जो पीर पराई जाने रे' को सुना। इसके पश्चात् उन्होंने गोमती तट पर दीपदान भी किया। इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कल्याणकारी योजनाओं का किया जा रहा संचालनः अजीत

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, हरदोई के कार्यालय में आज विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूलकिट वितरण का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में अजीत सिंह बब्बन ने 50 प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं उन्नत किस्म की निशुल्क टूलकिटों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्री बब्बन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को प्राप्त किटों के माध्यम से व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम् मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि के माध्यम से बैंको से ऋण उपलब्ध कराकर एवं सब्सिडी देकर उद्यम स्थापना एवं स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। वही छोटे-छोटे व परम्परागत कार्यों से जुड़े कामगार/कारीगरों को प्रोत्साहित करने के साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण योजना, अनुसूचित जाति जनजाति सब प्लान प्रशिक्षण योजना एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना के माध्यम से उनके कौशल को निखारा जा रहा है, साथ ही टूलकिट में आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें बाजार माँग के अनुसार दक्ष बनाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष श्री अजीत सिंह बब्बन ने अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उपायुक्त उद्योग श्री दुर्गेश कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद को वर्ष 2023-24 में 1050 लक्ष्य के सापेक्ष ट्रेड- दर्जी, बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, नाई, हलवाई, टोकरी बुनकर, मोची, कुम्हार में इत्यादि में लाभार्थियों के चयन/प्रशिक्षण का लक्ष्य मिला था। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत संख्या में लाभार्थियों का चयन करते हुए शासन द्वारा नामित संस्था से उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। शासन से टूलकिट कार्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। चरणवार ढंग से टूलकिट का वितरण प्रारम्भ करा दिया गया है एवं समस्त लाभार्थियों के खाते में मानदेय व कोलेटरल फी आऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक लाभार्थी अपने व्यवसाय को बढ़ाने हेतु बैंक के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकता है।



■ 50 प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं निशुल्क टूलकिटों का वितरण किया गयाः दुर्गेश

## महाराष्ट्र के 57 वें निरंकारी संत समागम में ब्रजवासियों ने की सेवा

**मथुरा।** ब्रज क्षेत्र के लगभग दो सौ निरंकारी भक्त नागपुर में सम्मपन्न हुए महाराष्ट्र के प्रादेशिक 57 वें निरंकारी संत समागम से मंगलवार को लौट आए हैं। निरंकारी प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि मथुरा के जोनल इंचार्ज एच के अरोड़ा के साथ गए ब्रज के सेवादार भक्तों ने समागम पर जहां विविध रूपों में अपनी सेवाएं अर्पित की, वहीं सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज से मानव जीवन को सहज बनाने की सीख को भी आशीर्वचनों के माध्यम से प्राप्त किया। समागम में शारीरिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन, युवा एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में निरंकारी मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें हजारों संत भक्तों की सुविधा के लिए अनेक कार्यालय बनाए गए।

# विधायक ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया तो खिल गए चेहरे

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के दुलारे प्रसाद गेस्ट हाउस में सोमवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आशीष कुमार सिंह आशू ने जरूरतमन्दों को कंबल वितरित किया। कंबल लेने के लिए कई गांवों के काफी संख्या में बुजुर्ग पहुंचे थे। ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि चहुंओर विकास कार्य तेजी से कराया जाय। ताकि लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र न जाना पड़े। शासन द्वारा गरीब, विधवा, विकलांगों के लिए ठंड से राहत के लिए कम्बल वितरण किए जा रहे हैं। तहसीलदार अमित यादव ने कहा ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जा रहा है। नायब तहसीलदार देशराज भारती ने कहा कि लेखपालों को जरूरतमंदों को चिन्हित कर कंबल वितरित करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान शिव किशोर मौर्य एडवोकेट, भाजपा जिला मंत्री मंगतराम, सभासद रोहित, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक नाम ही नहीं विचारधारा है

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित किए गए इसके बाद नुमाइश प्रांगण में लगी उनकी प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया। नुमाइश प्रांगण में प्रत्येक ब्लॉक में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भी समापन किया गया। समापन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक नाम ही नहीं एक विचारधारा है महात्मा गांधी को उनकी अहिंसक एवं सत्यवादी विचारधारा के लिए जाना जाता है उन्होंने अपना जीवन सत्य अहिंसा एवं देश प्रेम के लिए समर्पित कर दिया उन्होंने देश को स्वतंत्र करने के लिए अनेकों आंदोलन किये गांधी जी की भारत में ही नहीं विदेश में पूजा होती है वह सादगी के प्रति मूर्ति थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, कमला वर्मा, संजय दोहरे, सरवर अली, सरवरी बेगम आसिफ जादरान, सचिन संखवार, सूर्य शंकर दीक्षित, लालमन बाथम महेश कटारे, मनोज दीक्षित, यशपाल यादव, कुलदीप तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।



# अवशेष आबकारी दुकानों की नीलामी ई-लाटरी के माध्यम से सम्पन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जनपद हरदोई की वर्ष 2024-25 हेतु नवीनीकरण के पश्चात अवशेष आबकारी दुकानों देशी शराब/विदेशी मदिरा/बीयर/भांग की प्रथम चरण हेतु ई-लाटरी आज 30-01-2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी के समय प्रशान्त तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट, अंकित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर एवं आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य ज्ञानेश बब्बू, सहायक आबकारी आयुक्त गोला आसवनी गोला लखीमपुर, प्रदीप दुबे, जिला आबकारी अधिकारी हरदोई एवं तकनीकी सहायता हेतु अमित मिश्रा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभागार में उपस्थित आवेदकों के समक्ष सैम्पल के रूप में सिमुलेशन एवं रेण्डमनाईजेशन की प्रक्रिया दिखाई गई। तत्पश्चात वास्तविक रेण्डमनाईजेशन द्वारा देशी शराब की 08 दुकानों हेतु आवेदकों द्वारा बताये गये सीड संख्या-431, विदेशी मदिरा की कुल 09 दुकानों हेतु सीड संख्या-397, बीयर की कुल 04 दुकानों हेतु सीड संख्या-173 तथा भांग की कुल 01 दुकानों हेतु सीड संख्या-137 द्वारा ई-लॉटरी की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। ई-लाटरी में सफल आवेदकों को आवण्टन पत्र निर्गत किये गये। पात्र आवण्टियों को बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस तीन कार्यदिवस के अन्दर ऑनलाईन चालान/नेट बैंकिंग के द्वारा जमा किये जाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये।



# नुमाइश के दुकानदारों ने मनाया गणतंत्र दिवस का उत्सव, एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नुमाइश के दुकानदारों ने फव्वारें पर नुमाइश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष विजय रैना कश्मीरी के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनरल सेक्रेट्री/एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने ध्वजारोहण किया उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। श्री रैना, हरियाणा हैंडलूम के सुंदर, पहलवान क्राकरी के दिलशाद पहलवान आदि ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का शाल उड़ाकर व बैज लगाकर स्वागत व सम्मान किया। संचालन करते हुए रौनक इटावी ने पढ़ा हैं वही इंसा जिसे प्यार हो हर इंसान से, यह सबक हमको मिलता है वेद और कुरआन से। इस अवसर कार्यक्रम में आये लोगों को मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी।

**इनका हुआ सम्मान-** विक्रम सिंह राघव एसडीएम सदर/जनरल सेक्रेट्री, नुमाइश कमेटी के सदस्यों में शांतिस्वरूप पाठक, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाकांत चौधरी, विशुनचंद्र अग्रवाल, राजकिशोर बाजपेयी, सईद नक़वी आदि। कार्यालय के शिवचरण सिंह, कमलेश बाबू, अमन के अलावा नुमाइश इंचार्ज सौरभ सिंह, सब इंस्पेक्टर मोहम्मद ज़ाकिर, वारसी ट्रैवल्स के फईमुद्दीन मंसूरी उर्फ गुड्डू वारसी, वाई के शफी चिश्ती, रौनक इटावी व श्री रैना ने इस अवसर पर नुमाइश के दुकानदारों का भी स्वागत व सम्मान किया।

**यह रहे मौजूद-** राजीव खन्ना सॉफ्टी, पप्पू यादव, सुंदर, राकेश यादव खजला वाले, इलियास कुरैशी, गुड्डू हरियाणा बैडशीट वाले, मोहम्मद रहीस, इरफान हाफिज़ जी, अय्यूब वारसी, जय सिंह यादव, पंकज तिवारी, रविन्द्र कुमार जैन, कुँवर बहादुर, अनिल कुमार, सूरज शर्मा, राजू मैनपुरी, दिनेश, शफीक पहलवान, शाहिद पहलवान, नुमाइश इंचार्ज के साथ पुलिस फोर्स भी विशेष रूप से मौजूद रहा।



# संस्कृति आयुर्वेद कालेज में केरलीय मर्मा चिकित्सा पर कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल के आर्थो और इस्पाइनल डिसओर्डर (शल्यतंत्र) विभाग द्वारा मर्म चिकित्सा को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में केरल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को परंपरागत चिकित्सा पद्धति को अपनाकर बिना सर्जरी और स्टेरायड के असाध्य रोगों का कैसे निदान किया जाता है, बताया गया।

कार्यशाला के दौरान राजीव गांधी आयुर्वेदा मेडिकल कालेज पांडुचेरी के पूर्व प्राचार्य एवं केरलीय मर्मा विशेषज्ञ डा. एनवी श्रीवत्स ने स्वयं मरीजों को देखा और रोगों के निदान बताए। कार्यशाला में विशेष रूप से सर्वाइकल स्पांडलाइटिस, लंबर स्पांडलाइटिस, लिगामेंट इंज्यूरी, स्पाइनल इंज्युरी, शियाटिका, फ्रोजन शोल्डर, आस्टियो अर्थराइटिस, टेनिस एल्बो, कार्पल टनल सिंड्रोम, न्यूराइट्स, फाईब्रोमियोल्जिया, लिंफेडमा, जैसे मर्जों की जानकारी दी गई और उपस्थित मरीजों की चिकित्सा कर विद्यार्थियों को व्यवहारिक जानकारी दी गई। बताते चलें कि संस्कृति आयुर्वेद मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल में अत्याधुनिक मशीनों से शरीर संबधी अनेक विकारों का निदान किया जा रहा है।

केरलीय चिकित्सा के विशेषज्ञ डा. वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति आदिकाल से आज तक निरापद रूप से मानवजीवन को खुशहाल बनाती आई है। आज भी इसका उतना ही महत्व है जितना कि आदिकाल में था। हमारे ऋषियों ने अथक परिश्रम कर शरीर के विभिन्न रोगों के स्थाई निदान खोजे हैं। केरल के आश्रमों में आज भी परंपरागत रूप से रोगों का इलाज किया जा रहा है, जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ है। हमारी परंपरागत चिकित्सा पद्धति हमारे शरीर को बीमारियों से दूर रखती है।



# आईएमए ने कोविड काल में शहीद हुए चिकित्सकों को दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**इटावा।** आईएमए इटावा के सदस्यों ने कोरोना काल में लोगों की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हुए चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कैंडल जलाकर श्रृद्धांजलि दी। मंगलवार को पक्का तालाब स्थित आईएमए के सभागर में कोरोना काल में जनसेवा करते हुए आईएमए के 2000 चिकित्सकों और 3500 पैरामेडिकल स्टाफ ने लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी, ऐसे कोरोना काल में शहीद हुए योद्धाओं को आईएमए इटावा के सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धांजलि दी। श्रृद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा.एम.एम.पालीवाल व प्रदेश संयुक्त सचिव डा.संजीव यादव ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सरकार से कोरोना काल में शहीद हुए चिकित्सकों को जनसेवा करते हुए लोगों की जान बचाने में अपनी जान देकर शहीद हुए चिकित्सकों के परिवारीजनों को मदद देने के साथ कोरोना योद्धा वीर पदक देने की मांग की।

श्रद्धांजलि सभा में आईएमए इटावा अध्यक्ष डा.एस.सी.गुप्ता, सचिव डा. डी.के.सिंह, डा.शोभित मेहरोत्रा, डा. पी.सी.पांडे, डा.शरत चंद्रा, डा.संजय कुमार, डा.किरन, जायंट्स ग्रुप के प्रो.आर.के. अग्रवाल, लायंस क्लब से लायंस अतुल भार्गव, लायंस गौरव पोरवाल एवं बीके नीलम बहन, बीके प्रीति बहन ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# समाजवादी पार्टी का ग्रामीण क्षेत्र में जन पंचायत अभियान जारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी महानगर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ के अंतर्गत पीडीए जन पंचायत आज पांचवें दिन महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल की अध्यक्षता में टाउनशिप स्थित महुअन में आयोजित कि गई। पीडीए जन पंचायत में आज लोगों की जनस्याओं को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम पूर्व जेल विजीटर मनोज गोयल,महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल, पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी व मथुरा वृन्दावन विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी, सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुरेश यादव, महिला सभा की महानगर अध्यक्षा शबनम कुरेशी प्रहलाद यादव वरिष्ठ समाजवादी नेता द्वारा किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में महिलाओं व युवाओं ने पीने के पानी व चहुंओर गंदगी की समस्या एवं आसमान को छू रही मंहगाई व मंहगे हुए गैस सिलेंडर, पेंशन को महिलाओं व बुजर्गो में काफी रोष देखने को मिला युवाओं ने कहा कि मंहगी शिक्षा बढ़ती बेरोजगारी व नौकरियां न मिलने से नाराज़ युवाओं ने 2024 में भाजपा सरकार को सबक सिखाने की बात कही इससे पूर्व क्षेत्रीय लोगों द्वारा समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। वक्ताओं ने क्षेत्रीय लोगों से 2024 में दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक किसान मजदूर महिला व युवा विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ने की अपील की संचालन महानगर सचिव देवकीनंदन कश्यप ने किया।

# लगभग डेढ़ महीने से गए किशोरियों को नहीं ढूंढ पाई कुड़वार पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**

धारा -363,366 में मुकदमा लिखकर हाथ पर हाथ धरे बैठी है थाना पुलिस।

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** लगभग डेढ़ माह पूर्व घर से गायब हुई दो सगी बहनों को थाना कुड़वार पुलिस आज तक ढूंढ नही पाई है।पीड़िता मां की तहरीर पर थाना कुड़वार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की इति श्री कर दिया है।पीड़िता मां रेनू यादव पत्नी श्रवण यादव थाने से लेकर पुलिस के उच्च अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रही है,अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही हैं। थाना कुड़वार पर दी गई तहरीर व दर्ज मुकदमे के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव परसीपुर,सरैया निवासी श्रवण कुमार यादव की बड़ी पुत्री(18 वर्ष) व छोटी पुत्री (16 वर्ष) कस्बे के एक इंटर कालेज में कक्षा 12 तथा कक्षा 11 की छात्राएं हैं। उसकी बड़ी पुत्री मो0-8400234950 पर संदीप यादव से बातें करती रहती थी।जानकारी होने पर उसकी मां रेनू यादव ने दिनांक 16 दिसम्बर को उसे डांटकर मोबाइल छीन लिया।जिससे नाराज होकर उसकी दोनो पुत्रियां जब मां किसी कार्यवाश घर से बाहर गई थी,17 दिसंबर 2023 को दिन में 1 बजे घर से चली गई।उसकी पुत्रियों को भगाने में नौगवां निवासी लालजी यादव तथा मित्र सेन यादव का भी हाथ है। जानकारी होने पर पीड़िता थाना कुड़वार गई,उसकी तहरीर पर थाना पुलिस ने अप0 क्र0 - 0416/23 धारा0-- 363,366 में मुकदमा दर्ज तो कर लिया किंतु उसकी नाबालिग बच्चियों को गायब हुए लगभग डेढ़ माह होने को हैं अभी तक उसकी दोनो नाबालिग बच्चियों का पता नही लगा सकी है।उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कुड़वार से जानकारी चाही गई तो उनका कहना था कि अयोध्या कार्यक्रम के चलते व्यस्तता अधिक थी,बच्चियों की लोकेशन दिल्ली की मिल रही है,शीघ्र ही टीम भेजकर बच्चियों को बरामद करवा लिया जाएगा।

## मथुरा में डॉक्टर्स क्रिकेट का महाकुंभ 3 फरवरी से

**मथुरा।** डॉक्टर्स क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 3 फरवरी से खेला जाएगा जिसमे प्राइवेट व सरकारी क्षेत्र के चिकित्सक चौके छक्के लगाते नजर आएंगे।चिकित्सक संवर्ग में खेल की भावना को प्रोत्साहन देने हेतु डॉक्टर्स क्रिकेट लीग मथुरा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 3 फरवरी से ये टूर्नामेंट अलंकार क्रिकेट स्टेडियम मथुरा में प्रारम्भ हो रहा है। जिसमें की पांच टीम भाग ले रही हैं। क्रमश मथुरा स्पार्टन्स, दिल्ली मेडस्ट्रीट इलेवन, आगरा कंक्रेरर्स, केएम सुपरकिंग्स और केडी वॉरियर्स प्रतिभाग करेंगी। मथुरा स्पार्टंस के कप्तान व डॉक्टर्स क्रिकेट लीग के संस्थापक और ऑर्गेनाइजिंग हेड डॉ संदीप चौधरी ने बताया की टूर्नामेंट में मथुरा के अलावा दिल्ली, हरियाणा, आगरा, मथुरा मेडिकल कॉलेज और आगरा मेडिकल कॉलेज के कई चिकित्सक हिस्सा लेंगे।

# ज़ी स्कूल में हर्षोल्लास से मना गणतन्त्र दिवस



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल में राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस बड़े ही हर्ष तथा उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन डॉ0विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने देश के वीर सपूतों का माल्यार्पण से की। विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिहं यादव द्वारा ध्वजारोहण करते ही पूरा वातावरण जयहिंद के नारों से गूँज उठा। इस मौके पर अतिवीर सिंह ने कहा कि हजारों-लाखों की कुर्बानियों के बाद हमें आजादी मिली और इस आजादी की कद्र करते हुए आज हम स्वतंत्र भारत में साँस ले रहे हैं। ऐसे में हमें अपने उत्कृष्ट कार्यों से आगे बढ़ने में सहयोग करना चाहिए। वाइस चेयरमैन डॉ0विकास यादव ने कहा कि आज के दिन को उत्सव की तरह मनाने के साथ-साथ अपनी समीक्षा भी करनी चाहिए जिससे आगे बढ़ने के रास्ते निर्धारित किए जा सके। उन्होंने कहा कि अगर हम सभी एक साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं तो किसी भी समस्या का समाधान मुमकिन है। अंत में प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए सभी का धन्यवाद किया। स्कूल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, प्रोग्राम हेड विनय शील पठानियाँ एवं सभी शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

■ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं पर ध्यान केन्द्रित, समयपालनबद्धता पर बल

■ माल लदान और आय में वृद्धि पर बल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों तथा मंडल रेल प्रबंधकों के साथ आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अन्य विषयों के साथ-साथ प्लेटफॉर्मों का विस्तार, प्लेटफॉर्मों की सतह का ऊँचा करने, वाशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट-ओवर-ब्रिजो, एस्केलेटरों, लिफ्टों, पंखों, पेयजल, लाइटिंग, यात्री उदघोषणा प्रणाली, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, मुख्य द्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधां स्टेशनों पर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर चर्चा की गयी। उन्होंने गतिशीलता वृद्धि तथा अन्य विकासात्मक ढॉचागत कार्यों तथा माल लदान की प्रगति की भी समीक्षा की।



उन्होंने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड के बनाए रखने और गतिशीलता वृद्धि से जुडे कार्यों की प्रगति जॉचने के लिए चलाए गए अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोन पर रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने और रेल पथों के निकट पडे स्क्रैप को हटाने के कार्य की समीक्षा भी की।

श्री चौधुरी ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। महाप्रबंधक ने रेलपथों के किनारों पर उग आई वनस्पतियों को हटाने और पेड़ों की छँटाई करने के कार्यों का जायज़ा लिया।

फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के साथ परस्पर सम्पर्क बनाए रखना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्मविश्वास का माहौल बनाए रखना चाहिए। उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत को लगा बड़ा झटका, पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं रविंद्र जडेजा

जडेजा पहले टेस्ट के चौथे दिन तेजी से रन लेने की कोशिश में चोटिल हुए थे। केएल राहुल ने मांसपेशियों में दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद दोनों खिलाड़ी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। केएल राहुल सीरीज में वापसी कर सकते हैं लिकन जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने आधिकारिक घोषणा करते हुए 3 खिलाड़ियों को शामिल भी किया है। दूसरे टेस्ट के लिए सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को स्क्वॉड में शामिल किया है। वहीं अब कहा जा रहा है कि, रविंद्र जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पूरी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। दरअसल, जडेजा पहले टेस्ट के चौथे दिन तेजी से रन लेने



की कोशिश में चोटिल हुए थे। केएल राहुल ने मांसपेशियों में दर्द की शिकायत की थी। जिसके बाद दोनों खिलाड़ी दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। केएल राहुल सीरीज में वापसी कर सकते हैं लिकन जडेजा इंग्लैंड के खिलाफ पूरी टेस्ट सीरीज से बाहर हो सकते हैं। बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि, केएल राहुल शायद इस टेस्ट सीरीज में बाद में वापसी कर सकते हैं, लेकिन जडेजा की चोट ज्यादा गंभीर हो सकती है। देखना होगा एनसीए की मेडिकल टीम हमें क्या बताती है। बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए सिर्फ शुरुआती 2 मैचों के स्क्वॉड का ऐलान किया था। बीसीसीआई जल्द ही सीरीज के आखिरी 3 टेस्ट के लिए स्क्वॉड का ऐलान करेगी। विराट कोहली भी शुरुआत 2टेस्ट में निजी कारणों से नहीं खेले थे, उनकी आखिरी 3 टेस्ट के लि स्क्वॉड में वापसी हो सकती है।

# राहुल और जडेजा की चोटों ने बढ़ाई चयनकर्ताओं की मुश्किलें

जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिये भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी।

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों से भारतीय टीम के सामने चयन की दुविधा पैदा हो गई है जिसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी करनी है। जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की। जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है।

हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिये भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं। विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं लिहाजा शुक्रवार से



विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी। चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है। रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे। वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

भारतीय टीम चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है जैसा इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में किया था। ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके। जडेजा की ही तरह सौरभ बायें हाथ के स्पिनर हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक भी लगा चुके हैं। हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है। भारत ने 2019 में इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 502 रन बनाये थे।

रोहित ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली पारी में 176 रन जोड़े थे। महान स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि अंतिम एकादश में कुलदीप को जगह मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा ,'' अगर भारत को लगता है कि सिर्फ एक तेज गेंदबाज से काम चल जायेगा तो कुलदीप को टीम में रखना चाहिये। उसके पास विविधता है और विकेट टर्न ले सकता है।'' चार टेस्ट के अपने कैरियर में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके आफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर भी चयन के दावेदार हैं। उन्होंने पांच पारियों में नाबाद 85 और नाबाद 95 रन बनाये हैं और दो विकेट भी लिये हैं।

पूर्व चयनकर्ता शरणदीप सिंह ने कहा कि हरफनमौला उपयोगी होता है लेकिन अंतिम एकादश में ज्यादा छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिये। उन्होंने कहा ,'' रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है। हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरो को उतारने की जरूरत नहीं है। अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं। हमें उसी पर अडिग रहना चाहिये।'' उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरूआत शुभगन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिये और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये।

# सरकार की मदद से देश में पैरा खेलों का हो रहा विकास पैरा बैडमिंटन कोच गौरव खन्ना

यह स्थल अब पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन प्रशिक्षण स्थल के तौर पर उभरा है उनकी इस अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 200 स्वर्ण सहित 800 पदक जीते है। उन्होंने कहा, ''यह सफर काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन अगर अंत भला तो सब भला।

भारतीय पैरा-बैडमिंटन में प्रमोद भगत, रोहित भाकर, नीलेश गायकवाड़, अबु हुबैदा जैसे कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाले राष्ट्रीय कोच गौरव खन्ना ने देश में पैरा खेलों के विकास का श्रेय मौजूदा सरकार को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पैरा खिलाड़ियों के लिए 'अभिभावक' की तरह है। हाल ही में पद्मश्री से नवाजे गये खन्ना ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' मैं इस बात से बहुत संतुष्ट हूं कि चीजें (पैरा खेलों में) कैसे आगे बढ़ रही हैं। इसका श्रेय सरकार और देश के माननीय प्रधानमंत्री को जाता है। वह पैरा-एथलीटों पर काफी ध्यान दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा, '' वह (मोदी) बड़ी स्पर्धाओं में भाग लेने जाने वाले खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते है और सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करते है। जब ये खिलाड़ी पदक जीत कर लौटते है तो वह उन्हें पार्टी देते है। वह उनके लिए एक अभिभावक की तरह हैं।''



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हांगझोउ एशियाई खेलों में 21 पदक जीते थे। भारतीय पैरा बैडमिंटन में इस परिवर्तन का श्रेय द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच गौरव खन्ना को जाता है। खन्ना बचपन से ही बैडमिंटन खिलाड़ी बनना चाहते थे लेकिन 11 दिसंबर 1975 को जन्में खन्ना घुटने के ऑपरेशन के बाद पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर खेल जारी नहीं रख पाये। उन्होंने हालांकि अपने जुनून का पालन किया और बैडमिंटन से जुड़े रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को कोचिंग देना शुरू किया। खन्ना ने कोच के तौर पर अपनी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कहा, '' 1996 में (घुटने के) ऑपरेशन के बाद मेरा पेशेवर करियर खत्म हो गया। इसके बाद 1998 में आरपीएस (राजस्थान पुलिस सेवा) में पहली पोस्टिंग हुई।

यहां मैंने कुछ बच्चों को 'इम्प्लांट' पहने हुए देखा। मुझे बताया गया कि वे असामाजिक तत्व है और मुख्य रूप से पॉकेट मारी जैसे अपराध में शामिल बच्चे है।'' उन्होंने कहा, '' मैंने उनसे (बच्चों से) बात की, सांकेतिक सीखी और उनके लिए रैकेट भी खरीदे।'' खन्ना ने अपने जुनून और समर्पण से पैरा-बैडमिंटन को देश में सुर्खियों में ला दिया हो, लेकिन यह कोई आसान काम नहीं था। उन्होंने जोर देकर कहा कि उन्हें शून्य से शुरुआत करनी पड़ी। जमीनी स्तर पर एक मजबूत टीम बनाने में उत्तर प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री दिवंगत चेतन चौहान ने उनकी काफी मदद की। उन्होंने कहा, ''मुझे एहसास हुआ कि भारतीय पैरा-बैडमिंटन में कोई उचित या ठोस जमीनी स्तर की व्यवस्था नहीं है। मैंने कई लोगों से मदद मांगी। चेतन चौहान की मदद से लखनऊ के स्पोर्ट्स कॉलेज में इस खेल को शुरू किया।''

उन्होंने कहा, ''हमने खराब परिस्थितियों के बावजूद परिणाम देना शुरू किया और कुछ प्रायोजकों से मदद मिलने के बाद हम दूसरी जगह चले गए।'' खन्ना ने कहा, '' वहां भी चीजें सुचारू नहीं थी। किराये के आवास में हमें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लखनऊ में द्रोण पैरालंपिक हाउस की स्थापना के बाद चीजें ठीक हुई। यह स्थल अब पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन प्रशिक्षण स्थल के तौर पर उभरा है उनकी इस अकादमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 200 स्वर्ण सहित 800 पदक जीते है। उन्होंने कहा, ''यह सफर काफी चुनौतीपूर्ण था लेकिन अगर अंत भला तो सब भला।

# शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख का गंभीर आरोप, महिला खिलाड़ियों के साथ हो रहे भेदभाव पर उठाए सवाल

तरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि उन्हें नीदरलैंड के विज्क आन जी में हाल में संपन्न टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट में दर्शकों के गलत व्यवहार का सामना करना पड़ा। दिव्या ने कहा कि दर्शकों ने टूर्नामेंट के दौरान उनके बालों, कपड़ों और लहजे जैसी अप्रासंगिक चीजों पर ध्यान केंद्रित किया।

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि उन्हें नीदरलैंड के विज्क आन जी में हाल में संपन्न टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट में दर्शकों के गलत व्यवहार का सामना करना पड़ा। दिव्या ने कहा कि दर्शकों ने टूर्नामेंट के दौरान उनके बालों, कपड़ों और लहजे जैसी अप्रासंगिक चीजों पर ध्यान केंद्रित किया।

नागपुर की 18 वर्षीय अंतर्राष्ट्रीय



चेस मास्टर, जिन्होंने पिछले साल एशियाई महिला शतरंज चैंपियनशिप जीती थी, ने एक लंबी सोशल मीडिया पोस्ट शेयर की। जिसमें उन्होंने बताया है कि महिला खिलाड़ियों को नियमित रूप से स्त्री द्वेष का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने नोट में लिखा कि, मैं पिछले कुछ समय से इस पर ध्यान दिलवाना चाहती थी, लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी। मैंने देखा है कि कैसे शतरंज में महिलाओं को अक्सर दर्शकों द्वारा हल्के में लिया जाता है। इसका सबसे हालिया उदाहरण टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट है। मैंने कुछ मैच खेले जो मुझे लगा कि काफी अच्छे थे और मुझे उन पर गर्व है।

# अंकिता लोखंड और विक्की के बीच आयी सास की दीवार! सलमान खान के सामने रंजना जैन ने बहू के लिए उगला जहर

बिग बॉस 17 के विजेता भले ही मुनव्वर फारुकी बनें हो लेकिन पूरे सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा अंकिता लोखंडे की रही हैं। अंकिता लोखंड़े शो में अपने पति के साथ आयी थी जहां दोनों के बीच कई बार झगड़े देखे गये। शो में दोनों को कई बार सलमान खान से समझाया और दोनों के परिवार के लोगों ने भी दोनों को समझाया।

बिग बॉस 17 के विजेता भले ही मुनव्वर फारुकी बनें हो लेकिन पूरे सीजन में सबसे ज्यादा चर्चा अंकिता लोखंडे की रही हैं। अंकिता लोखंड़े शो में अपने पति के साथ आयी थी जहां दोनों के बीच कई बार झगड़े देखे गये। शो में दोनों को कई बार सलमान खान से समझाया और दोनों के परिवार के लोगों ने भी दोनों को समझाया। शो में विक्की की मां भी आयी और उन्होंने अपनी बहू की क्लास भी लगायी। शो अंकिता लोखंडे के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा हैं। बिग बॉस 17 में पांच फाइनलिस्ट में से एक होने के बावजूद अंकिता लोखंडे अपनी सास रंजना जैन को प्रभावित नहीं कर पाई। जब उन्हें सीज़न के समापन के लिए आमंत्रित किया गया, तो उन्होंने अंकिता का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



उन्होंने अपनी बहू से कहा कि वह ऐसे शो में न आएं जहां वह परिवार की प्रतिष्ठा का अपमान हो जाए।

28 जनवरी को फिनाले एपिसोड के दौरान अंकिता लोखंडे को एक बार फिर अपनी सास रंजना जैन की आलोचना का सामना करना पड़ा। लोखंडे का समर्थन करने के लिए अतिथि के रूप में पहुंची रंजना जैन ने अपनी टिप्पणियों से उन्हें परेशान कर दिया। मेजबान सलमान खान ने उन्हें एक-दूसरे से वादे करने के लिए कहकर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। लोखंडे ने अपने परिवार की देखभाल करने और जीवन भर अपने पति विक्की जैन के साथ रहने का वादा किया। बदले में, जैन ने लोखंडे से उन शो में भाग न लेने का वादा करने के लिए कहा जो संभावित रूप से परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल कर सकते थे।

रंजना ने अंकिता से कहा कि उन्हें वादा करना चाहिए कि वह कभी भी जहां परिवार की इज्जत मिट्टी में मिल जाएं उस शो में हिस्सा नहीं लेंगी। लोखंडे ने जवाब दिया कि उन्हें उद्योग का हिस्सा होने पर गर्व है और कहा, मैं इस उद्योग का हिस्सा हूं मां। मुझे इस पर गर्व है।

मेजबान सलमान खान ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर विक्की की मां को बुलाने में संकोच नहीं किया। उन्होंने कहा, अगर विक्की और अंकिता के बीच ऐसा कुछ होता है, अनबन होती है, या तलाक होता है, तो आपको क्या लगता है, उसका करण कौन होगा? अंकिता ने अपनी सास का बचाव करने की कोशिश की, लेकिन सलमान इस बात को मानने के मूड में नहीं थे। प्रतिशोध में, सलमान खान अंकिता की सास से कहते है, आपको इनकी बुराई करनी है और वापस में इनसे तारीफे चाहिए। अंकिता लोखंडे की सास रंजना जैन ने पहले शो में विक्की के साथ लोखंडे के व्यवहार की आलोचना की थी और मीडिया साक्षात्कारों में उनकी शादी के बारे में अपमानजनक टिप्पणियाँ की थीं।

# रेखा के गाने परदेसिया पर जान्हवी कपूर ने लचकाई कमर! डांस देखकर दीवाने हुए फैंस

जान्हवी कपूर बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेसों में से एक हैं। स्क्रीन पर उनका आकर्षण प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। वह हाल ही में गांधीनगर गुजरात में आयोजित 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में शामिल हुई। जान्हवी कपूर आए दिन इंस्टाग्राम पर अपने सिजलिंग फोटोशूट से लोगों का दिल जीतती रहती हैं।

जान्हवी कपूर बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेसों में से एक हैं। स्क्रीन पर उनका आकर्षण प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। वह हाल ही में गांधीनगर गुजरात में आयोजित 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में शामिल हुई। जान्हवी कपूर आए दिन इंस्टाग्राम पर अपने सिजलिंग फोटोशूट से लोगों का दिल जीतती रहती हैं। अब उन्होंने कुछ प्रतिष्ठित बॉलीवुड गानों पर अपने शानदार प्रदर्शन पर एक पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर आग लगा दी है।

कुछ ही मिनट पहले, जान्हवी कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्मफेयर अवार्ड्स 2024 में अपने प्रदर्शन की एक पोस्ट साझा की। पुरस्कार कुछ दिन पहले ही आयोजित किए गए थे। उन्होंने साझा किया कि उन्हें बहुत मजा आया और उन्हें लगा कि बॉलीवुड आइकनों के कुछ लोकप्रिय ट्रैक पर



प्रदर्शन करना उनके लिए सम्मान की बात है। जान्हवी कपूर न सिर्फ तस्वीरें बल्कि अपनी परफॉर्मेंस की वीडियो झलकियां भी शेयर करती हैं। जान्हवी ने चढ़ती जवानी मेरी चल मस्तानी पर प्रदर्शन किया जिसमें अरुणा ईरानी, कांता लगा जो आशा पारेख पर था, दो घूंट जिसमें मुमताज ट्रैक पर नृत्य कर रही थीं। उन्होंने रेखा के गाने परदेसिया पर भी परफॉर्म किया।

दिलचस्प बात यह है कि जान्हवी कपूर के कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया ने भी इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने टिप्पणी अनुभाग में दिल-आँख वाला इमोटिकॉन डाला। शिखर जान्हवी की पोस्ट पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं।

जान्हवी कपूर की कई फिल्में रिलीज के लिए कतार में हैं। उन्हें आखिरी बार वरुण धवन अभिनीत फिल्म बवाल में देखा गया था। फिल्म सीधे ओटीटी पर रिलीज हुई थी। उन्होंने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में %सच ए हार्टथ्रोब% गाने में कैमियो किया था। उनकी भविष्य की फिल्मों की बात करें तो उन्होंने देवारा के लिए जूनियर एनटीआर से हाथ मिलाया है। उनके पास उलाज़ है जिसमें रोशन मैथ्यू, गुलशन देवैया, मियांग चांग और अन्य सेलेब्स प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वह मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगी जिसमें राजकुमार राव भी हैं। रूही के बाद एक्ट्रेस राजकुमार के साथ काम कर रही हैं। फिल्म में अभिषेक बनर्जी भी हैं।

# ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 150 करोड़ की कमाई के नजदीक, नहीं चला फाइटर का जादू?

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। सोमवार, 29 जनवरी को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई, जो कि एक सप्ताह के दिन के लिए काफी अपेक्षित है।

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फाइटर पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। सोमवार, 29 जनवरी को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखी गई, जो कि एक सप्ताह के दिन के लिए काफी अपेक्षित है। लेकिन, फाइटर अब भारत में 150 करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, एरियल एक्शनर कुछ ही दिनों में इस मील के पत्थर को पार कर जाएगा।

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित फाइटर 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।



ऋतिक रोशन अभिनीत यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ रही है। सोमवार (29 जनवरी) को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। जहां रविवार (28 जनवरी) को इसने 29 करोड़ रुपये कमाए, वहीं 29 जनवरी को इसने लगभग 8 करोड़ रुपये कमाए। सप्ताह के दिनों में बड़ी गिरावट देखना काफी स्वाभाविक है, और यह देखना होगा कि फिल्म इस दौरान गति पकड़ पाएगी या नहीं। फाइटर की पांच दिनों की कुल कमाई अब भारत में 126.50 करोड़ हो गई है। फाइटर ने 29 जनवरी को 12.70 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की।

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, फाइटर एक कहानी पर आधारित है जिसे उन्होंने रेमन चिब के साथ मिलकर लिखा था। एरियल एक्शन फिल्म की पहली किस्त में रितिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में 2019 पुलवामा हमले, 2019 बालाकोट हवाई हमले और 2019 भारत-पाकिस्तान सीमा संघर्ष का संदर्भ है।

# जब ऐश्वर्या राय ने अभिषेक बच्चन के साथ अपनी शादी का सच बताया, कैसी परिस्थितियों में दोनों ने लिए थे सात फेरे

बॉलीवुड हमेशा अफवाहों और अटकलों के लिए सोने की खान रहा है, खासकर अभिनेताओं के रिश्तों को लेकर। एक पसंदीदा विषय ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी है जो कुछ समय से शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

बॉलीवुड हमेशा अफवाहों और अटकलों के लिए सोने की खान रहा है, खासकर अभिनेताओं के रिश्तों को लेकर। एक पसंदीदा विषय ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन की शादी है जो कुछ समय से शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। लगातार गपशप के बावजूद, ऐसे क्षण आए जब ऐश्वर्या सार्वजनिक रूप से अभिषेक की प्रशंसा करने से खुद को नहीं रोक सकीं, जिससे ब्रेकअप की अफवाहों पर विराम लग गया। बच्चन परिवार विवादों और गॉसिप से अछूता नहीं है। बॉलीवुड के प्रभावशाली परिवारों में से एक होने के कारण उनकी हर हरकत चर्चा का विषय बन जाती है। ऐसे उदाहरण थे जब परिवार के आंतरिक बंधन पर सवाल उठाए गए, जिससे ऐश्वर्या और अभिषेक की वैवाहिक स्थिति के बारे में संदेह पैदा हुआ।

और फिर भी, समय-समय पर अभिषेक और ऐश्वर्या दुनिया को अपने रिश्ते की ताकत



दिखाते हैं। वे एक-दूसरे के साथ खड़े रहे, अलगाव या तलाक की अफवाहों को खारिज करते हुए, सभी को अपने प्यार और वफादारी की याद दिलाते रहे। एक उल्लेखनीय समय वह था जब एक साक्षात्कार के दौरान ऐश्वर्या ने अभिषेक को सर्वश्रेष्ठ पति कहा था। उन्होंने उनके निरंतर समर्थन, ब्रेकअप की सभी बातों को ख़त्म करने और एक-दूसरे के प्रति अपने गहरे स्नेह और सम्मान को प्रदर्शित करने के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

लगातार मीडिया फोकस और एक हाई-प्रोफाइल परिवार का हिस्सा होने का दबाव अफवाहों को बढ़ावा दे सकता है। बच्चन परिवार की छवि पूर्णता की है, इसलिए मतभेद के किसी भी संकेत को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालाँकि, ऐश्वर्या और अभिषेक ने कभी भी अफवाहों को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। पारिवारिक कार्यक्रमों में उनकी एकता, एक-दूसरे के काम के लिए समर्थन और प्यारे सोशल मीडिया शेयर दुनिया को बताते हैं कि उनकी शादी मजबूत है और गपशप से अप्रभावित है।

ऐश्वर्या अभिषेक और अमिताभ बच्चन को हाल ही में एक कबड्डी मैच में एक साथ देखा गया जिससे पारिवारिक झगड़े की सभी अफवाहों पर विराम लग गया। पावर कपल ने अपनी बेटी आराध्या के साथ मैच में भाग लिया और खेल के प्रति अपना प्यार और समर्थन प्रदर्शित किया। मैच में बच्चन परिवार की उपस्थिति उनके प्रशंसकों और मीडिया के लिए एक सुखद आश्चर्य थी। यह जोड़ा अंबानी स्कूल के वार्षिक समारोह में शामिल होने को लेकर भी सुर्खियों में रहा था। ऐश्वर्या अभिषेक और अमिताभ बच्चन की इस सार्वजनिक उपस्थिति ने उनके परिवार के प्रति उनकी एकता और प्यार को स्पष्ट रूप से दर्शाया। हम सभी की तरह, मशहूर हस्तियों के भी अपने उतार-चढ़ाव होते हैं, लेकिन ऐश्वर्या और अभिषेक सुर्खियों में बने रहने के लिए आवश्यक लचीलापन दिखाते हैं। उनकी शादी के बारे में झूठी अफवाहें और फुसफुसाहटें बस बेकार की गपशप साबित हुई हैं। बच्चन जोड़ी अपने मजबूत रिश्ते से कई लोगों को प्रेरित करती रहती है। उनकी शादी उनके प्यार और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो उद्योग में दूसरों के लिए एक मानक स्थापित करती है। ऐश्वर्या के शब्दों को दोहराते हुए, अभिषेक वास्तव में बेस्ट हस्बैंड हैं, जो उनकी दिलकश प्रेम कहानी का प्रमाण है।

# 13 दिन के अंतराल में ईडी ने हुड्डा से दूसरी बार की पूछताछ

## मानेसर में भूमि अधिग्रहण को लेकर कर रहे जांच का सामना

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के मानेसर में भूमि अधिग्रहण की अनियमिताओं की शिकायत के मद्देनजर ईडी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से 13 दिन के अंतराल में एक बार फिर पूछताछ की। हुड्डा दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में सोमवार सुबह 11.30 बजे पहुंचे और 6.15 बजे वापस लौटे। पूछताछ के बाद वह अपने आवास पहुंचे, जहां पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और कुछ कानूनविदों ने उनसे मुलाकात की, लेकिन मीडिया के समक्ष वह इस मुद्दे पर कुछ नहीं बोले। ईडी वर्ष 2004 से 2007 के दौरान मानेसर में भूमि अधिग्रहण के मामले में हुई मनी लांड्रिंग के सिलसिले में जांच कर रही है। ईडी ने सोमवार को हुड्डा का तीसरी बार बयान दर्ज किया। पिछली बार 17 जनवरी को उनसे पूछताछ की गई थी। हुड्डा कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने कांग्रेस की सरकार में एक इंच जमीन भी अधिग्रहण कर किसी प्राइवेट बिल्डर को नहीं दी। हुड्डा ईडी के समक्ष भी अपनी इसी बात पर कायम रहे। उन्होंने पहली बार पूछताछ के बाद कहा था कि उनका कानून को मानने में भरोसा है। ईडी जितनी बार बुलाएगी, उतनी बार जांच में शामिल होने के लिए वह जाएंगे। आरोप है कि प्राइवेट बिल्डर्स ने हरियाणा सरकार के कुछ लोगों के साथ मिलकर गुरुग्राम के मानसेर, नौरंगपुर व नखड़ौला गांवों के किसानों को भूमि अधिग्रहण का डर दिखाकर उनकी करीब 400 एकड़ जमीन औने पौने दामों पर खरीद ली थी। किसानों का आरोप था कि उनके साथ लगभग 1,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है।


**प्राइवेट**

« हुड्डा कई बार कह चुके हैं कि उन्होंने कांग्रेस की सरकार में एक इंच जमीन भी अधिग्रहण कर किसी प्राइवेट बिल्डर को नहीं दी।




### हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी का डेरा, बीजेपी बोली- लापता सीएम ने मिट्टी में मिला दिया मान सम्मान

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूछताछ के लिए ईडी टीम सोमवार को झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची है। हालांकि, घंटों इंतजार के बाद भी यहां हेमंत सोरेन नजर नहीं आए। जानकारी के मुताबिक, ईडी यहां पर तलाशी अभियान चलाया है। सूत्रों ने दावा किया कि सोरेन लापता हैं और जांच एजेंसी उनसे संपर्क नहीं कर पाई है।



यहां पर जांच एजेंसी ने झारखंड सीएम के आवास से क्र्ङ्ख कार (जो हरियाणा के नंबर पर रजिस्टर है) जब्त कर ली गई है और कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। अब भी जांच एजेंसी सोरेन के करीबी और ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, लेकिन फिर भी अब तक कुछ पता नहीं लग सका है। वहीं, इस बीच बीजेपी ने दावा किया है कि सीएम सोरेन गिरफ्तारी के डर से फरार हैं। भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि हेमंत सोरेन या तो भाग गए हैं, या तो बीमार हैं और या फिर उनका अपहरण हो गया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ÷मैंने पहले ही कहा था कि झारखंड सरकार का महाधिवक्ता मेरे झारखंड के आन बान और शान वीर शिबू सोरेन जी के बेटे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को भगोड़ा घोषित कर देगा ।आज मेरी बात सही साबित होती दिख रही है। मीडिया के खबरों के अनुसार या तो हेमंत सोरेन जी भाग गए दिल्ली से या तो बीमार हो गएज। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, आज झारखंड के लोगों का मान सम्मान हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने लापता होकर मिट्टी में मिला दिया। साथ ही, एक पोस्ट में चुटकी लेते हुए कहा कि झारखंड के राज्यपाल को मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को बुलाकर मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य की जानकारी लेनी चाहिए।

### रंजीत श्रीनिवासन मर्डर केस में पीएफआई के 15 सदस्यों को मौत की सजा, मां और पत्नी के सामने की थी बीजेपी नेता की हत्या

**अलप्पुझा (केरल)।** केरल की एक अदालत ने तटीय जिले अलप्पुझा में दिसंबर 2021 में भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में 15 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। मालूम हो कि दोषी ठहराये गए लोगों का संबंध प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामिक समूह 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) से है। मावेलिककरा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जी.श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया और 22 जनवरी को सजा सुनाने का फैसला किया था। हालांकि, आज मावेलिककरा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश वी.जी.श्रीदेवी ने मामले पर दोषियों को सजा सुनाई है। इस फैसले से परिवार काफी खुश है और उनका मानना है कि उन्हें न्याय मिल गया है।

### अंगदान को यूं ही नहीं कहते जीवनदान, आप भी बचा सकते हैं दूसरों की जिंदगी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2024 के अपने पहले कार्यक्रम मन की बात में अंगदान का जिक्र किया था। उन्होंने इस कार्यक्रम में लोगों को अंगदान करने के लिए प्रेरित किया है। बता दे कि पिछले साल काफी लोगों ने अंगदान किया है, लेकिन फिर भी इनकी संख्या काफी कम है। अंगदान एक तरह का जीवनदान होता है। इसको लेकर भारत में जागरूकता की कमी है। अगर अंगदान को लेकर जागरूकता फैल जाती है, तो दुनिया से जाता हर एक व्यक्ति अपने पीछे कई लोगों को जिंदगी देकर जा सकता है। इस खबर में हम आपको अंगदान से जुड़े आंकड़ों के बारे में बताएंगे और साथ ही बताएंगे कि आप किस तरह से अंगदान कर सकते हैं। ऑर्गन डोनेशन इंडिया के डेटा रिकॉर्ड के मुताबिक, पांच लाख लोगों को हर साल ऑर्गन ट्रांसप्लांट की जरूरत है, जबकि सिर्फ 52,000 ही अंग मौजूद है। आंकड़ों के मुताबिक, प्रत्येक 4 में से 3 लोग इंतजार कर रहे हैं कि कब उनकी आंखों की रोशनी वापस आएगी। हालांकि, यूं ही कोई भी अंगदान नहीं कर सकता है, बल्कि इसके लिए भी कानून और प्रावधान है। आज विज्ञान इस हद तक विकसित हो चुका है कि जरूरत पड़ने पर एक व्यक्ति का एक अंग खराब होने पर उसे रिप्लेस भी किया जा सकता है, जिससे उसे जीवनदान मिल जाता है। दरअसल, आज के समय में जीवित और मृत दोनों व्यक्ति अंगदान कर सकते हैं। जरूरत के मुताबिक, जीवित व्यक्ति अपनी किडनी और लीवर का कुछ हिस्सा दान कर सकते हैं। वहीं, इसके अलावा हार्ट, लिवर, किडनी, पैंक्रियाज और आंखों का कॉर्निया मरने के कुछ घंटे बाद तक जिंदा रहते हैं, यदि समय रहते इन्हें ट्रांसप्लांट कर दिया जाता है, तो इससे दूसरे व्यक्ति को जीवनदान मिल जाता है। मालूम हो कि अंगदान करने वाले व्यक्ति को डोनर और उसे प्राप्त करने वाले को रिसीवर कहा जाता है। ऑर्गन डोनेशन दो तरह के होते हैं। पहला लिविंग ऑर्गन डोनेशन यानी वो अंगदान जो जीवित रहते हुए किया जाता है। वहीं, दूसरा डिसीस्ट ऑर्गन डोनेशन, जो मृत्युपर्यंत दान किया जाता है।

### सरकार ने बजट सत्र से पहले आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** सरकार ने बजट सत्र से पहले मंगलवार को संसद में विभिन्न दलों के फ्लोर नेताओं की बैठक बुलाई है। यह एक पारंपरिक बैठक है जो हर साल बजट सत्र से पहले होती है। इस बैठक में सरकार राजनीतिक दलों से संसद में उठाने वाले मुद्दों पर चर्चा करती है। साथ ही सरकार उन्हें अपने एजेंडे के बारे में जानकारी प्रदान करती है और उनका सहयोग मांगती है। लोकसभा चुनाव से पहले यह बजट सत्र 31 जनवरी को आरंभ होकर 9 फरवरी को समाप्त होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ बजट सत्र की शुरुआत होगी। पिछले साल के बजट सत्र में दो भाग शामिल थे, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के लिए कुल 25 बैठकें थीं। जिस साल देश में लोकसभा के चुनाव होने वाले होते हैं उस साल वित्त मंत्री अंतरिम बजट पेश करती है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को बिना किसी परेशानी के आगे बढ़ाने में मदद करती है। इस बजट में पूरे साल की जगह पर आगामी वित्त वर्ष के कुछ महीनों को कवर किया जाता है। यह बजट इस बात को सुनिश्चित करता है कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम या सेवाएं बिना किसी रोक के चलते रहे।

## भारतीय नौसेना का 24 घंटे में एक और सफल ऑपरेशन



**नई दिल्ली।** सोमाली समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना की कार्रवाई जारी है। भारतीय नौसेना ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया है। भारतीय रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने कोच्चि के तट से लगभग 800 मील की दूर पर समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी को बचाया गया है। भारतीय रक्षा अधिकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो ने चालक दल को सुरक्षित बचाने के लिए ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक नाव को बंधकों से मुक्त कराया है। पिछले 24 घंटों में भारतीय नौसेना का दूसरा सफल समुद्री डकैती रोधी अभियान था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किए गए हैं। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है।

भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को 11 सोमाली समुद्री लुटेरों से बचाया है। इस जहाज पर 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे।

## सोनिया गांधी को राज्यसभा भेजने वाली बात गलत

## डिप्टी सीएम शिवकुमार ने मीडिया रिपोर्टों को किया खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक कांग्रेस प्रमुख डी के शिवकुमार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों को गलत और अटकलबाजी करार देते हुए खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को राज्य से राज्यसभा सीट की पेशकश की जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। मीडिया के एक वर्ग में ऐसी खबरें आई हैं कि सोनिया गांधी आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकती हैं और उन्हें कर्नाटक से राज्यसभा सीट दी जा सकती है। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने ऐसी रिपोर्टों पर एक सवाल के जवाब में कहा, ÷ऐसी सभी सूचनाएं झूठी हैं, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। आप (मीडिया) ऐसी अटकलें लिख रहे हैं, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने 1999 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के बल्लारी से भाजपा की दिग्गज नेता दिवंगत सुषमा स्वराज को हराकर जीत हासिल की थी। इस बीच, शिवकुमार ने मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे ध्वजदंड से फहराए गए हनुमान ध्वज को हटाने को लेकर विवाद के लिए भाजपा और जद (एस) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अशांति और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा करने के लिए ऐसी चीजें की जा रही हैं।÷ शिवकुमार ने आरोप लगाते हुए कहा, निर्दोष ग्रामीणों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पुराने मैसूरु क्षेत्र (दक्षिण कर्नाटक) में सभी जातियों और धर्मों के लोग शांति और भाईचारे के साथ रह रहे हैं। अब वे एक नया प्रयोग करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें करने दें। उन्होंने कहा कि केरागोडु में पंचायत ने संबंधित स्थानीय संगठन से एक वचन लिया था कि वे राष्ट्रीय और कन्नड़ ध्वज के अलावा कुछ भी नहीं फहराएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय ध्वज और संविधान की रक्षा और सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मांड्या में अधिकारियों ने रविवार को हनुमान ध्वज के स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**स्वराज**

« सोनिया गांधी ने 1999 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के बल्लारी से भाजपा की दिग्गज नेता दिवंगत सुषमा स्वराज को हराकर जीत हासिल की थी।



## अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में मिला भारतीय छात्र नील आचार्य का शव

**इंडियाना।** रविवार से लापता पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है। टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अनुसार, सुबह 11 बजे अधिकारियों ने पर्ड्यू के परिसर में एक शव की पहचान की। मृतक छात्र की पहचान नील आचार्य के रूप में की गई है। दरअसल, रविवार को मृत छात्र की मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट कर अपने बेटे को ढूंढने की अपील की थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, हमारा बेटा नील आचार्य कल 28 जनवरी दोपहर 12:30 से लापता है और वह अमेरिका में पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ रहा है। उसे आखिरी बार उबर ड्राइवर ने देखा था जिसने नील को पर्ड्यू विश्वविद्यालय छोड़ा था। हम उसके बारे में कोई भी जानकारी ढूंढ रहे हैं। अगर आप कुछ जानते हैं तो कृपया हमारी मदद करें। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर उनके पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, %वाणिज्य दूतावास पर्ड्यू विश्वविद्यालय के अधिकारियों और नील के परिवार के साथ भी संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास हर संभव समर्थन और मदद देगा। विश्वविद्यालय से स्वतंत्र एक मल्टीमीडिया एजेंसी, पर्ड्यू एक्सपोनेंट के अनुसार, सोमवार को अंतरिम सीएस प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने छात्रों और शिक्षकों को नील आचार्य की मृत्यु की पुष्टि की। इस हफ्ते की शुरुआत में, अमेरिका के जॉर्जिया के लिथोनिया में एक स्टोर के अंदर एक बेघर व्यक्ति ने हथौड़े से बार-बार वार करके एक और भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी थी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, लेकिन घटना की तारीख की पुष्टि नहीं की जा सकी।



विवेक सैनी पर हमला करते हुए देखा गया व्यक्ति कथित तौर पर एक बेघर व्यक्ति है। मामले से परिचित एक व्यक्ति ने एएनआई को बताया कि पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई की और तुरंत गिरफ्तारियां की गईं। एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय नागरिक होने के नाते पीड़ित का शव 24 जनवरी को भारत में विवेक के परिवार को वापस भेज दिया गया।

### इमरान खान को 10 साल की जेल, इस मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव से पहले पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ा झटका लगा है। सिफर मामले में इमरान खान को 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा शाह महमूद कुरैशी को भी 10 साल की सजा सुनाई गई है। समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तान मीडिया के हवाले से बताया कि पीटीआई के संस्थापक इमरान खान और पार्टी के नेता शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में मामले की सुनवाई के दौरान विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने यह फैसला सुनाया है।

## सुरक्षा अधिकारियों ने बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर समन्वित हमले को किया नाकाम

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान की माच जेल पर सोमवार रात आंतकियों ने रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से हमला कर दिया, लेकिन सुरक्षा बलों ने कम से कम तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया। सेना की जवाबी कार्रवाई में कम से कम पांच आतंकी मारे गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कम से कम 15 रॉकेट सेंट्रल माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए। इस जेल में कई खतरनाक आतंकवादियों और ऐसे कैदियों को रखा गया है, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई है। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी बलूचिस्तान ने रात के दौरान हमलों को विफल करने के लिए तेजी से कार्रवाई की। उन्होंने कहा, हमले के दौरान सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के पांच आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा, उन्होंने माच जेल की इमारत पर रॉकेट दागे लेकिन लक्ष्य को भेद नहीं सके। अपुष्ट खबरों के अनुसार, हमले में कम से कम दो पुलिसकर्मी की मौत हो गई और एक ट्रक चालक घायल हो गया है, लेकिन हताहतों या घायलों की संख्या के बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नजदीकी पहाड़ियों में छिपे आंतकियों ने रॉकेट दागे और माच शहर के कई इलाकों में धमाके भी किये गये। रॉकेट दागने के बाद आतंकियों ने सेंट्रल जेल के पास सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला किया और माच रेलवे स्टेशन में भी घुस गए। अधिकारी ने बताया कि लगातार हो रही गोलीबारी को देखते हुये लाउडस्पीकर की मदद से लोगों को घर के अंदर ही रहने के लिए कहा गया। बलूचिस्तान के सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा, ''उन्होंने माच जेल की ओर जो रॉकेट दागे थे वे सुरक्षा चक्र को नहीं भेद पाये।'' बलूचिस्तान जेल के महानिरीक्षक शुजा कासी ने पुष्टि करते हुए कहा कि रॉकेट माच जेल की आवासीय कॉलोनी की दीवारों पर गिरे। उन्होंने कहा, ''मोर्टार गोले और रॉकेट कॉलोनी की दीवारों के नजदीक विस्फोट हुए।'' उन्होंने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि माच जेल में 800 कैदी बंद हैं, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई है।

**निशाना**

« पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कम से कम 15 रॉकेट सेंट्रल माच जेल को निशाना बनाते हुए दागे गए।



### चीन में महसूस हुए तेज भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गई तीव्रता

**बीजिंग।** चीन के शिनजियांग में मंगलवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.7 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक, सुबह 6:27 बजे शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के अक्की काउंटी में आए भूकंप का केंद्र 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने पुलिस के हवाले से बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बचाव कार्यों के लिए दो वाहनों और 10 कर्मियों को सेवा में लगाया गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के दंपति को ऑस्ट्रेलिया में कोकीन निर्यात करने के लिए ठहराया गया दोषी

### 601 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय एक जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में 57 मिलियन पाउंड मूल्य की आधा टन से अधिक कोकीन निर्यात करने का दोषी ठहराया गया है। जांच में पाया गया कि उनकी साजिश से धातु के टूलबॉक्स में विमान से ड्रग्?स भेजा गया। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीतसिंह रायजादा को निर्यात के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया। पश्चिम लंदन के ईलिंग जिले के हैनवेल के विवाहित जोड़े, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को कोकीन निर्यात करने और मनी लॉन्ड्रिंग से इनकार किया था, को आज सजा सुनाई जाएगी। मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल द्वारा कोकीन पकड़े जाने के बाद राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने धीर और रायजादा की पहचान की थी। ड्रग्स को यूके से एक वाणिज्यिक उड़ान के माध्यम से भेजा गया था और इसमें छह धातु टूलबॉक्स शामिल थे, जिन्हें खोलने पर 514 किलो कोकीन पाई गई। अधिकारियों को पता चला कि यह खेप धीर और रायजादा के पास थी, जिन्होंने ड्रग्स की तस्करी के एकमात्र उद्देश्य से विफ्लाई फ्रेट सर्विसेज नामक एक फ्रंट कंपनी की स्थापना की थी। एनसीए ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दोनों प्रतिवादी जून 2015 में कंपनी के गठन के बाद से अलग-अलग समय पर कंपनी के निदेशक रहे हैं। जब्त की गई ड्रग्?स वाले धातु टूलबॉक्स के प्लास्टिक रैपिंग पर रायजादा की उंगलियों के निशान पाए गए, जबकि 2855 पाउंड मूल्य के टूलबॉक्स के ऑर्डर की रसीदें दंपति के घर से मिलीं। एनसीए ने दावा किया कि जून 2019 से ऑस्ट्रेलिया को 37 खेप भेजी गई हैं,

**गठन**

« एनसीए ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दोनों प्रतिवादी जून 2015 में कंपनी के गठन के बाद से अलग-अलग समय पर कंपनी के निदेशक रहे हैं।



## वेस्ट बैंक में अस्पताल पर इजरायली सेना का हमला

**रामल्ला।** इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि सैनिकों ने हमास को निष्प्रभावी कर दिया, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक शहर जेनिन के एक अस्पताल में छिपे हुए थे और एक आसन्न हमले की योजना बना रहे थे। सेना ने एक व्यक्ति की पहचान जेनिन के 27 वर्षीय मोहम्मद जालमनेह के रूप में की, जिसके बारे में उसने कहा कि उसका विदेश में हमास मुख्यालय से संपर्क था और वह 7 अक्टूबर के नरसंहार से प्रेरित एक हमले की योजना बना रहा था। इजरायली सेना ने कहा कि दो अन्य इलाके के आतंकवादी थे। सेना ने कहा, जलमनेह ने तत्काल भविष्य में एक आतंकवादी हमले को अंजाम देने की योजना बनाई और अस्पताल को छिपने की जगह के रूप में इस्तेमाल किया और इसलिए उसे मार गिराया गया। पुरुषों की पहचान की तत्काल कोई फलिस्तीनी पुष्टि नहीं हुई थी। वॉयस ऑफ फलिस्तीन रेडियो ने अस्पताल में तीन फलिस्तीनियों की हत्या की सूचना दी। वेस्ट बैंक, उन क्षेत्रों में से है जहां फलिस्तीनी राज्य का दर्जा चाहते हैं। 7 अक्टूबर के हमले के बाद से इजरायल और हमास के बीच गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से हिंसा में वृद्धि देखी गई है।



### फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत, 2 पुलिसकर्मी घायल

**पाम बे, (फ्लोरिडा)।** फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट के एक शहर में चार लोग मारे गए , जिनमें सेवानिवृत्त कैथोलिक पादरी और उसकी बहन भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि रविवार को दोपहर में 24 वर्षीय ब्रैंडन कापस का अपने घर में जन्मदिन की पार्टी के दौरान पाम बे पुलिस अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि जब अतिरिक्त अधिकारी जवाब दे रहे थे, तभी कापस ने कथित तौर पर अपने दादा विलियम कापास की गोली मारकर हत्या कर दी।

# बापू के सिद्धांतों को अमल में लाएं विद्यार्थी: डॉ. मनोज मिश्र

**बापू की पुण्यतिथि पर किया नमन**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मंगलवार को महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी वाटिका में उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने नमन किया ।

जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि हमें बापू के अद्वितीय दर्शनों और सत्याग्रह के सिद्धांतों पर समर्पित रहना चाहिए । गांधीजी ने अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह के माध्यम से समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन किया। उनका संदेश था कि समाज में शांति और समृद्धि को साधने के लिए हमें आत्मनिर्भर और साहसी बनना चाहिए। गांधीजी ने अपने जीवन में सरलता, सच्चाई, और परमार्थ की खोज में बने रहकर हमें एक उच्चतम आदर्श की ओर प्रेरित किया है।

प्रबंध अध्ययन संकाय के प्रो. बी. डी शर्मा ने कहा कि बापू की अद्भुत साहस, सत्याग्रह, और अहिंसा की शिक्षा हमें सदैव प्रेरित करती हैं । वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत थे और उनकी आत्मनिर्भरता की बातें आज भारत को विकसित और मजबूत बना रही है । कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आज के ही वर्ष 2011 में विश्वविद्यालय ने गरीबों की सम्मान सहित सहायता के लिए बापू बाजार की शुरुआत की थी यह सेवा आज भी जारी है । इस अवसर पर प्रो. राम नारायण, डॉ मनीष प्रताप सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ इन्द्रेश कुमार समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रामनगर में आयोजित रोजगार मेले में 373 ने किया प्रतिभाग

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** ब्लाक रामनगर के परिसर में मंगलवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 373 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 148 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि मण्डल मंत्री शिवम दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है। आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, जिला सेवायोजन विभाग व जिला कौशल विकास मिशन के तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 31 जनवरी 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। रामनगर में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 6 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 148 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय, विकास खण्ड से एडीओ पंचायत टीएन सिंह, कौशल विकास से अजीत समेत सभी कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 31 जनवरी 2024 को विकास खंड रामपुर परिसर में आयोजित होगा।

# गांजा तस्कर ऑटो के साथ गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** थाना महराजगंज एवं स्वाट टीम जौनपुर द्वारा अन्तर्जनपदीय एक गांजा तस्कर को 31 किग्रा0 300 ग्राम गाँजा व आटो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया।एसओ दिव्यप्रकाश सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के भटपुरा नहर पुलिया के पास से एक अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर प्रिंस कुमार पुत्र विजयी निवासी कटारी ब्लाक थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 40 वर्ष को 31 किग्रा0 300 ग्राम नाजायज गाँजा को पानी के पैकेटो के नीचे छिपाकर आटो से ले जाते वक्त गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में बताया कि मैं व मेरा साथी दिलीप जायसवाल उड़ीसा से कम दामो में गांजा खरीदकर लाते है । जिसको प्रतापगढ़ लेकर एक पार्टी के पास ऊँचे दामो पर बेचने जा रहे थे । जिसके बारे में भागे हुए अभियुक्त दीलिप जायसवाल को जानकारी है । वही अपने मोबाईल से एप के जरीये वार्ता कर रहा था जहाँ पर हम अच्छे मुनाफे में बेचते। हम लोग यह कार्य लगभग दो वर्षो से कर रहे है। वाराणसी व आसपास के जनपदो में उड़ीसा से कम दाम मे खरीद कर ले आकर बेचते है। अभियुक्त सम्बन्धित धाराओं में दर्ज कर को न्यायालय रवाना किया गया।गिरफ्तारी की टीम में दिव्य प्रकाश सिंह थानाध्यक्ष उ0नि0 रमेश कुमार, हे0का0 वेद प्रकाश सिंह, हे0का0 संदीप सिंह , का0 आनन्द प्रताप सिंह, का0 अमित यादव स्वाट टीम सदस्य जनपद जौनपुर।उ0नि0 दीवान जावेद खाँ, उ0नि0 शिवप्रसाद पाण्डेय, उ0नि0 राकेश कुमार सिंह, का0 रणजीत, का0 चन्द्रपकाश चौहान, का0 रणविजय यादव, का0 धर्मेन्द्र सिंह रहे।

# छात्र पर बर्बरतापूर्ण व्यहवार निंदनीय: अभाविप

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सहायक कुलानुशासक एवं विश्वविद्यालय पुलिस चौकी इंचार्ज द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र पर बर्बरतापूर्ण व्यहवार किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करती है। अभाविप के कार्यकर्ता पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने हेतु अन्य छात्रों के साथ आंदोलनरत हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई इस गंभीर आपराधिक प्रकरण में शीघ्र जांच कर संलिप्त आरोपियों पर कठोर प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई की मांग करती है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने एवं विद्यार्थियों के हित में सदैव कार्यरत रहती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशिष्ट गुरु-शिष्य परंपरा देश भर में प्रख्यात है किंतु यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासनिक अराजकता के चलते छात्र इस प्रकार प्रताड़ित किए जा रहे हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है, यही के छात्रों ने गुरु से शिक्षा प्राप्त कर वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ी है। प्रकरण में छात्र द्वारा लगाए गए आरोप की निष्पक्षता से जांच कराई जानी चाहिए व दोषियों पर कठोर विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र को न्याय दिलाने हेतु हर स्तर पर संघर्ष करने को तत्पर है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष शिवम सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने हेतु आंदोलनरत है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर पचास हज़ार बच्चे खाएंगे दवा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के बीआरसी बकराबाद सिरकोनी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह और आरबीएसके के नोडल अधिकारी सचेन्द्र द्वारा बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सिरकोनी ब्लाक के बीआर सी के प्रांगण में सभी प्राथमिक विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रबंधकों व खण्ड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी व आर बी एस के के नोडल अधिकारी सचेंद्र की मीटिंग की गई जिसमें बताया गया कि 1 फरवरी से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी आंगनवाड़ी और स्कूल के बच्चे जिनकी उम्र 1 साल से लेकर 19 साल तक के है तमाम बच्चे अलबेलदाजोल को मिड डे मील खाने के बाद खिलाया जाएगा।पचास हज़ार स्कूली बच्चे तथा पंद्रह हज़ार आंगनबाड़ी के बच्चे सभी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर निशुल्क खिलाई जाएगी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया की यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरकोनी के अलावा आरबीएसके के डॉक्टर रजनीश द्विवेदी तथा डॉक्टर भूपेश यादव संपर्क कर सहायता ली जा सकती है इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह, आर बी एस के के नोडल अधिकारी सचेंद्र, विमल दुबे, साहब लाल मौर्य, इसरार हुसैन, तथा सिरकोनी ब्लॉक के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थिति रहे।

## गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर श्रीकृष्ण पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि के रुप में जिला प्रभारी अशोक सिंह व विशिष्ठ अतिथि के रुप में क्षेत्रिय महामंत्री व आजमगढ़ लोकसभा प्रभारी सुनील गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आजमगढ़ प्रभारी अशोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत दस वर्षो में किए गये बुनियादी बदलाव से भारत आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बनकर उभरा है राजनीतिक स्थिरता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और निवेश समर्थक नीतियों से भारत विश्व की शीर्ष पांचवीं अर्थव्यवस्था में शामिल हैं। विगत 10 वर्षो में गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक उत्थान सहित विकास के सभी आयामों पर बेहतरीन कार्य हुआ है।

# राधे मोहन और अरुण चंद्रा को मिली व्यक्तिगत उपाधि



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज के मैदान पर आज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई जिसमें व्यक्तिगत खिताब जूनियर वर्ग में राधे मोहन और सीनियर वर्ग अरुण चंद्रा ने कब्जा जमाया। कालेज के मैदान पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कालेज के अध्यक्ष रामेंदु राय उपाध्यक्ष अरुण चट्टोपाध्याय तथा सदस्य अंजन मित्रा ने प्रतिभागियों को मेडल पहनाये तथा पुरस्कार वितरण किया। कालेज के प्रधानाचार्य स्वास्तिक बोस ने अतिथियों का स्वागत किया। रवींद्र मिश्र ने प्रतियोगिता का संचालन किया तथा कार्यक्रम का संचालन बटुकनाथ मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर डॉ अजय कुमार मालवीय, गीताली बसु, बृजेश गुप्ता, विजय बहादुर सिंह, शक्ति गोपाल मुखर्जी, पी एस पचौरी, अभय श्रीवास्तव, यशवंत, सुशांत, अमल डे, हेमराज सिंह, रंजीता राय,रेखा दत्ता, अवंतिका, अनामिका, अभय, गौरव, शेखर, रामचंद्र यादव आदि लोगों ने सहयोग किया

# हमारा संविधान ही हमारा भगवान है: प्रो. संतोष जाटव

**समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. संतोष जाटव ने पदाधिकारियों की बैठक कर पीडीए की एकता पर दिया**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष प्रो. संतोष जाटव ने आज जिला कार्यालय जार्ज टाउन में वाहिनी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश का संविधान ही हमारा भगवान है। संविधान ने ही हमें स्वाभिमान एवं सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। 26 जनवरी 1950 के पहले देश की अधिसंख्य आबादी को जानवर से भी बदतर समझा जाता रहा है लेकिन भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर ने संविधान की रचना करसभी को इंसान की तरह जीने का अधिकार दिया। प्रो. जाटव ने देश की सत्ता पर असीन सरकार पर आर.एस. एस. के इसारे पर संविधान पर लगातार आघात करने, लोकतंत्र की मर्यादा को तार तार करने तथा देश के कमजोर तबके को विकास की मुख्य धारा से महरूम करके अंधविश्वास और पाखंड में सुनियोजित तरीके से व्यस्त रखने का आरोप लगाया। उन्होंने पीडीए की एकजुटता पर बल देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में सांप्रदायिक एवं अलगाववादी ताकतों को सत्ता से हटाने का आह्वाहन किया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने करते हुए कहा कि पी डी ए जनपंचायत को भारी जनसमर्थन मिल रहा है।

एम एल सी डॉ मानसिंह यादव नेसंविधान को पीडीए की ताकत बताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी ने पीडीए जनपंचायत को सफल बनाने के लिए गांव गाँव में सघन अभियान तेज करने की अपील किया। बैठक के अंत में संविधान की पुस्तक सामने रखकर इसे बचाने के लिए हाथ उठवाकर संकल्प भी दिलाया। संचालन बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष खिन्नी लाल पासी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ मौर्य, वजीर खान, राधेश्याम भास्कर, अभयंद्र कुमार भारती, राकेश आजाद, खिन्नी लाल पासी, राहुल भारती, नाटे चौधरी, दान बहादुर मधुर, मनसुख,डॉ राजेश यादव, कुलदीप यादव, संदीप कटका आदि ऊपस्थित रहे।

# ओंकार पाण्डेय को जिला कांग्रेस पार्टी ने किया पद मुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता ओंकार पाण्डेय की निष्ठा को देखते हुए जिला प्रवक्ता बनाया गया। परंतु इनके द्वारा लगातार प्रवक्ता पद की गंभीरता को भंग किया गया। इससे पूर्व में भी श्री पाण्डेय द्वारा कई बार त्यागपत्र दिया चुका है एवम् इनके द्वारा स्वयं ही वापस ले लिया गया। आप द्वारा पुनः त्यागपत्र देना अनर्गल पार्टी कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों पर आरोप प्रत्यारोप लगाना पार्टी की छवि को धूमिल करना माना जायेगा। जो अनुशासनहीनता की भी श्रेणी में आता है। अस्तु आप का त्यागपत्र मंजूर किया जाता है।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बिखेरे जलवे

**प्रतियोगिता का विषय था अनेकता में एकता**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सीएमपी महाविद्यालय प्रांगण के अनुशासनाधिकारी कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसका विषय ÷अनेकता में एकता÷ था। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अजय खरे थे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता डॉ अर्चना त्रिपाठी ने की। डॉ रजत श्रीवास्तव, डॉ दीनानाथ, डॉ अजय प्रताप सिंह ने कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल में डॉ शशी बाला, डॉ नीति सरन अग्रवाल एवं तनया राय शामिल रहे। प्रतियोगिता में ग्रुप 1 को प्रथम, ग्रुप 3 एवं 4 को द्वितीय तथा ग्रुप 2 एवं 5 को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। ग्रुप 6 ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ प्रिया सोनी खरे, डॉक्टर हेमलता पन्त, डॉ सारिका सुशील,डॉ रुचिका चौधरी,डॉ अर्चना राजे, डॉ रचना श्रीवास्तव, डॉ नंदिनी रायजादा, डॉ रेनू सिंह एवं डॉ पदमा अपराजिता पारिजा आयोजक मंडल के सदस्य रहे। सह आयोजक मंडल में डॉक्टर अकरम अली, डॉक्टर नीलेश कुमार राय, डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉक्टर मुनींद्र शुक्ला, डॉ नफीस अहमद, डॉ अशोक कुमार रंजन, डॉ संजय कुमार पांडे, डॉ अखिलेश यादव, डॉक्टर विजय बहादुर, डॉक्टर चंदन कुमार, डॉक्टर अमित मिश्रा, डॉ अंजनी कुमार, डॉ बी डी पांडे, डॉ गौरव पटेल ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण का कार्य प्राचार्य प्रोफेसर अजय खरे द्वारा किया गया।

# एक फरवरी प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सोशल मीडिया में अपील

**युवाओं से संवाद में वादाखिलाफी का लगाया आरोप धरना के 50 दिन**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और प्रदेश में 6 लाख व देश में एक करोड़ रिक्त पदों को तत्काल भरने जैसे सवालों को लेकर पत्थर गिरजाघर में धरना के 50 दिन पूरे हुए। युवा मंच ने सोशल मीडिया 1 फरवरी को पत्थर गिरजाघर में आयोजित प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई है। इधर सलोरी व कटरा डेलीगेसी में युवाओं से संवाद में सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया गया। प्रेस बयान में कहा गया है कि सरकार ने सभी रिक्त पदों को समयबद्ध भरने का वादा किया था लेकिन प्रदेश में 6 लाख रिक्त पदों को लोक सभा चुनाव तक भरने की संभावना नहीं है। सबसे ज्यादा युवाओं की नाराजगी शिक्षा सेवा चयन आयोग गठन न होने को लेकर है। दरअसल 3 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद शिक्षा आयोग गठन का मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। 2 अगस्त से बेमियादी आंदोलन की ऐलान के बाद ही इसके गठन की प्रक्रिया शुरू हुई और अब सरकार चाहे तो एक सप्ताह के अंदर आयोग का विधिवत गठन किया जा सकता है। इसी तरह एलटी व प्रवक्ता जीआईसी आर्हता विवाद प्रकरण मामला जानबूझकर हल नहीं किया जा रहा है। आज धरना व संवाद में युवा मंच संयोजक राजेश सचान अध्यक्ष अनिल सिंह, अर्जुन प्रसाद, तेजेश सिंह, अरविंद कुमार, बृजेश पटेल, विनोद कुमार, आकाश, सुरेन्द्र पटेल आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन ने मारी बाइक सवार युवक की मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ व जौनपुर मार्ग पर गंभीरपुर पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर, घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। घरवालों का रो- रोकर बुरा हाल है। गंभीरपुर थाना के सिंघड़ा गांव निवासी विकास कुमार (21) सोमवार को बाइक से किसी काम के लिए जिला मुख्यालय आया था। देर रात वह वापस घर लौट रहा था। अभी वह गंभीरपुर पुलिस चौकी के पास ही पहुंचा था कि अज्ञात वाहन से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# मोदी के सुनामी में उड़ जाएगा विपक्ष: महेश चंद्र

**भाजपा गांव चलो अभियान की हुई जिला कार्यशाला हुई संपन्न**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में प्रयागराज महानगर जिले की गांव चलो अभियान की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी एवं पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर जाता है और आज भी भारत गांव में ही बसता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं गांव गरीब किसानों के लिए और गांव की विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा विकसित भारत के निर्माण यात्रा के दौरान मोदी सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया। जिसका व्यापक असर दिखा और यात्रा का स्वागत भव्य तरीके से किया गया

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि गांव चलो अभियान सिर्फ अभियान नहीं बल्कि एक मिशन है जो 4 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव एवं नगर क्षेत्र में भी चलेगा।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कार्यशाला के अंतर्गत सभी करणीय कार्यों का जिक्र किया गया और एक और 2 फरवरी को गांव चलो अभियान की मंडलीय सभी प्रयागराज महानगर के मंडलों में आयोजित की जाएगी।

कार्यशाला का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, महापौर गणेश केसरवानी, एमएलसी निर्मला पासवान, पूर्व मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी, डॉक्टर कृतिका अग्रवाल,पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, पूर्व डिप्टी मेयर मुरारी लाल अग्रवाल, शशि वार्ष्णेय, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, देवेश सिंह,विवेक अग्रवाल, पार्षद किरन जायसवाल, प्रमोद मोदी ,नवीन शुक्ला, रोहित जायसवाल, संजीव जायसवाल, कुलदीप मिश्रा, एवं जिला के सभी पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ, प्रकल्प, विभाग के महानगर संयोजक अभियान से जुड़े सभी महानगर, मंडल के संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारी सह प्रभारी, प्रवासी आदि रहे।

# अपर निदेशक चकबंदी से की न्याय दिलाने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** चकबंदी के 2003 के आदेश के सापेक्ष 1985 के आदेश को अमल में लाए जाने के मामले की शिकायत पीड़ित ने अपर निदेशक चकबंदी से करते हुए न्याय दिलाने की मांग किया। सर्किट हाउस में मामले की सुनवाई करते हुए अपर निदेशक चकबंदी ने अधिकारियों को दो दिन में न्याय करने का निर्देश दिया। अपर निदेशक चकबंदी को सौंपे गए पत्रक में रानी की सराय थानांतर्गत कोटिला गांव निवासी पीड़ित मो राशिद पुत्र शोएब, सुफिया पत्नी शोएब, मुहम्मद अहमद पुत्र शब्बीर एवं मोह अबुजर, मो कौसर, जमाल अख्तर व शमीम आदि ने बताया कि एक आदेश 21 अगस्त 1985 का था। जिस पर सुनवाई के दौरान न्यायालय चकबंदी अधिकारी फूलपुर ने 09 अप्रैल 2003 को पूर्व के आदेश को निरस्त करते हुए कहाकि शब्बीर को 100 रूपए हर्जे पर दफा 5 मियाद लाभ दिया जाता है, तजबीजसानी शब्बीर 28.08.2001 स्वीकार की जाती है आदेश 21.08.1985 व 17.01.1986 को निरस्त किया जाता है। इसके विरूद्ध विपक्षी जाहिदा ने डीडीसी के समक्ष निगरानी वाद दाखिल किया जो 03.07.2003 को निरस्त है। पीड़ितों का आरोप है कि हमारे पक्ष में आदेश होने के बावजूद विपक्षियो ने चकबंदी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने प्रभाव में लेकर निरस्त आदेश का अनुपालन पत्र संख्या 1443 व 1444 आदेश 07.11.2023 से कर दिया गया है।

इसी पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पीड़ित ने अपर निदेशक चकबंदी से भेंट कर मामले की शिकायत कर दिया। जिसके बाद से ही चकबंदी अधिकारियों और कर्मचारियों की भ्रष्ट कार्यशैली उजागर हो गई। बताया कि मामलें को लेकर चकबंदी निदेशक ने समय रहते कार्यवाही नहीं हुई तो वे अग्रिम कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दिए है। उधर, पीड़ित पक्ष ने अविधिक आदेश 07 नवंबर 2023 को रिकाल करने तथा खतौनी में अनुपालन कराए जाने की मांग किया।

## भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में निकाला जुलूस

**आजमगढ़।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष नजम शमीम के नेतृत्व में आजमगढ़ कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाह्न पर 26 जनवरी से आयोजित किये जाने वाले 5 दिवसीय कार्यक्रमों के क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में हर्रा की चुंगी से चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पदयात्रा आरंभ किया पदयात्रा मुकेरीगंज तकिया पहाड़पुर चौक तथा बडादेव पहुंची जहां मंदिर में कांग्रेसियो ने दर्शन पूजन किया तत्पश्चात कालीचौरा होते हुये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

# संविधान, लोकतन्त्र, आजादी और इतिहास को नष्ट करने में लगी है भाजपा: जयप्रकाश

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** गांधी के शहादत दिवस पर भाकपा-माले, भाकपा, माकपा ने संविधान, लोकतन्त्र और आजादी बचाने के लिए आजमगढ़ में प्राइवेट बस स्टैंड नरौली से गांधी प्रतिमा रैदोपुर तक मार्च निकाला मार्च में लोग संविधान बचाओ , लोकतन्त्र बचाओ। भाजपा हटाओ देश बचाओ , गांधी हम शर्मिन्दा हैं,तेरे कातिल जिन्दा हैं आदि नारे लोग लगा रहे थे मार्च गांधी जी के प्रतिमा पर पहुंचा। भाकपा वरिष्ठ कामरेड मास्टर हरगेन ने माल्यार्पण किया फिर भाकपा के जिला मंत्री जितेन्द्र हरि पाण्डेय ने संविधान की उद्देशिका को पढ़ें उपस्थित लोगों ने भी उसका पाठ किया और लोगों ने संविधान, लोकतन्त्र आजादी और इतिहास को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा-माले नेता एवं किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड जयप्रकाश नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को राममंदिर का उद्घाटन कर नये युग का शुरुआत की है। संविधान लोकतन्त्र आजादी और इतिहास की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। कार्यक्रम को भाकपा के जिला मंत्री कामरेड जितेन्द्र हरि पाण्डेय, माकपा के जिला मंत्री कामरेड रामजन्म यादव भाकपा माले के जिला प्रभारी कामरेड विनोद सिंह ने संबोधित किया कार्यक्रम में भाकपा-माले कामरेड बसन्त, कामरेड रामवृक्ष राम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स ने पेश किया टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज अपना तकनीकी रूप से उन्नत इंजन, टर्बोट्रॉन 2.0 पेश किया है। ट्रकिंग में उत्कृष्टता का एक नया मानक स्थापित करेगा। यह अत्यधिक ईंधन



कुशल और विश्वसनीय इंजन है। इस बहुपयोगी इंजन को पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है, और यह सभी श्रेणियों में कई प्रयोगों के लिए 19-42 टन रेंज में टाटा ट्रकों को शक्ति प्रदान करेगा। टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स, पार्सल और कूरियर सेगमेंट के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है। इसके ग्राहकों से मिले फीडबैक के आधार पर उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह इंजन बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। साथ ही स्वामित्व की कुल लागत को कम करता है। इस इंजन के मजबूत प्रदर्शन के लिए इंजीनियर किया गया है। (टीसीओ)। इसके अलग-अलग ड्यूटी साइकिल और कठोर इलाकों में 30 लाख किमी से ज्यादा और कुल 70,000 घंटों तक के कठोरता परीक्षण के दौर से गुजारा गया है। टर्बोट्रॉन 2.0 इंजन में बीएस6 स्टेज 2 उत्सर्जन नियमों का पूरी तरह अनुपालन किया गया है। टर्बोट्रॉन 2.0, प्लेटफॉर्म-एग्नोस्टिक है और इसे सिग्ना, अल्ट्रा, एलपीटी और काउल प्लेटफॉर्म के साथ पेश किया गया है। यह 6 साल/6 लाख किमी की वारंटी के साथ आता है।

कुशल और बहुपयोगी 5-लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन टर्बोट्रॉन 2.0 को 180-204 पीएस तक की कई रेंज में पेश किया गया है। इसकी बेहतर ड्राइविंग के लिए 700-850 एनएम की रेंज में एक फ्लैट टॉर्क कर्व प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया है। लंबे तेल निकास और 1 लाख किमी के सर्विस इंटरवल की इसकी खासियत उच्च राजस्व जनरेट करने के लिए इसे लंबी अवधि तक काम करने की क्षमता देती है। टर्बोट्रॉन 2.0 के बारे में बताते हुए टाटा मोटर्स के प्रेसिडेंट और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर, श्री राजेंद्र पेटकर ने कहा, टर्बोट्रॉन 2.0 हमारे सबसे उन्नत आंतरिक दहन इंजनों में से एक है। नवीनतम तकनीकों के साथ इंजीनियर किया गया, यह ट्रकों को कम समय में लंबी दूरी तय करने में सक्षम बनाता है।

# पीएम किसान सम्मान राशि हो सकती है 8000 रुपये सालाना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। क्योंकि यह चुनावी साल है इसलिए अनुमान यही लगाया जा रहा है कि वित्त मंत्री इस बजट में देश के किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकती हैं। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि देश के साढ़े ग्यारह करोड़ किसानों को मिलने वाली पीएम किसान सम्मान राशि में इस बार बढ़ोतरी हो सकती है। अभी तक किसानों को 6000 रुपये साल में तीन किस्तों के तौर पर मिलते हैं। उम्मीद है कि इस बजट में वित्त मंत्री किसानों के लिए यह राशि बढ़ाकर 8000 रुपये सालाना कर सकती हैं। खेती और किसानी इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि इस राशि को बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को न सिर्फ सुधारा जा सकता है, बल्कि इस बजट में कृषि ऋण का लक्ष्य भी बढ़ाए जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि इस बजट में कृषि के क्षेत्र में सुविधाओं को देकर सियासत भी साधी जाए।

कहने को तो देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस अंतरिम बजट में कुछ विशेष घोषणाओं के नहीं करने की बात कही है। बावजूद इसके इस चुनावी साल में सबसे ज्यादा उम्मीद खेती किसानी से जुड़े लोग और विशेषज्ञ लगा रहे हैं। एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कृषि के क्षेत्र में सबसे ज्यादा उम्मीदें लगाई जा रही हैं। माना यही जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर किसानों को सबसे ज्यादा राहत और तोहफे दिए जा सकते हैं। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की योजना की किस्त को इस बजट में बढ़ाया जा सकता है। अभी तक 11 करोड़ 40 लाख किसानों को हर साल छह हजार रुपये तीन किस्तों में मिलते हैं। 2019 से यह योजना शुरू हुई है।

# मोटोरोला ने नवीनतम स्मार्टफोन मोटो जी24 पावर को एंड्रायड 14 के साथ उतारा

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने आज जी सीरीज फ्रेंचाइजी में अपने नवीनतम एंट्री-लेवल स्मार्टफोन मोटो जी24 पावर को लॉन्च किया। यह अपने सेगमेंट का एक अग्रणी किफायती स्मार्टफोन है जिसमें प्रीमियम डिज़ाइन, एक विशाल 6000एमएएच बैटरी और टर्बो पॉवर 33 वॉट चार्जर दिया गया है। यह डिवाइस एक असाधारण और स्थायी स्मार्टफोन अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे जी सीरीज़ फ्रैंचाइज़ के लिए एक एक उत्कृष्ट योगदान बनाता है। मोटो जी24 पावर का लुक बेहद खूबसूरत है, इसमें 3डी ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) फिनिश है, साथ ही यह 6000 एमएएच बैटरी के साथ सेगमेंट में सबसे पतले और सबसे हल्का डिवाइसों में से एक है। यह नवीनतम एंड्रायड 14 के साथ आता है और एक उन्नत 50 एमपी क्वाड पिक्सेल कैमरा सिस्टम को प्रदर्शित करता है, साथ ही इसमें सेगमेंट का अग्रणी 16एमपी सेल्फी कैमरा भी दिया गया है जो विभिन्न प्रकार की प्रकाश परिस्थितियों में असाधारण फोटो को कैप्चर करता है। मोटो जी24 पावर का प्रीमियम डिज़ाइन, जिसमें स्लीमलाइन्ड कैमरा



हाउसिंग शामिल है, डिवाइस के समग्र सौंदर्य को बढ़ाता है और उपयोगकर्ताओं को एक दृश्यतात्मक भव्य स्मार्टफोन प्रदान करता है जो पकड़ने में सुविधाजनक है। इसका पतला लेकिन मजबूत डिज़ाइन साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट रीडर के साथ आता है, जो आसान और सुरक्षित डिवाइस अनलॉकिंग को सक्षम बनाता है। केवल 8.99 मिमी मोटाई और 197 ग्राम वजन वाला यह पतला स्मार्टफोन वॉटर रेपेलेंट डिजाइन और आईपी 52 रेटिंग के साथ आता है, और दो आश्चर्यजनक और सुरुचिपूर्ण रंगों- इंक ब्लू और ग्लेशियर ब्लू में उपलब्ध है। मोटो जी24 पावर एक विशाल 6000 एमएएच की बैटरी के साथ उपयोगकर्ताओं को अपने पसंदीदा कंटेंट का आनंद लेने, गेम खेलने और लंबी अवधि तक वीडियो कॉल करने में सक्षम बनाता है। टर्बो पॉवर 33 वॉट चार्जर की मदद से, डिवाइस जल्दी से चार्ज हो जाता है और उपयोगकर्ताओं को दीर्घकालिक मनोरंजन अनुभव प्रदान करता है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग पूरे हफ्ते तक चलता है। इसके अलावा, मोटो जी24 पावर नवीनतम एंड्रायड 14 के साथ आता है, जिसमें 3 साल की सुनिश्चित सुरक्षा अपडेट्स शामिल हैं। यह फ्लैश नोटिफिकेशन जैसे विभिन्न स्टैंड-आउट अनुभवों के साथ आता है, जो इनकमिंग कॉल के लिए फ्लैश और स्क्रीन लाइट चालू करके उपयोगकर्ताओं को सचेत करता है, ताकि वे किसी भी नोटिफिकेशन से न चूकें।

# सैमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट, नोएडा और आईआईटी कानपुर बीच हुआ समझौता

**गुरुग्राम।** नोएडा स्थित सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट (एसआरआई-नोएडा) ने भारतीय प्रौद्योगिकी



संस्थान कानपुर (आईआईटीके) के साथ पांच साल के लिए एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विकास के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें आईआईटी कानपुर के छात्रों, फैकल्टी और सैमसंग के इंजीनियर्स की संयुक्त शोध परियोजनाएं शामिल होंगी, जिससे छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। ये अनुसंधान परियोजनाएं स्वास्थ्य, विजुअल, फ्रेमवर्क और बी2बी सुरक्षा जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ जनरेटिव एआई और क्लाउड जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में फैली होंगी। शोध परियोजनाओं के अलावा यह एमओयू एआई, क्लाउड और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सैमसंग इंजीनियरों को कौशल बढ़ाने के अवसर प्रदान करना चाहता है। एसआरआई-नोएडाके प्रबंध निदेशक क्यूंगयुनरू और आईआईटी कानपुर के अनुसंधान एवं विकास विभाग के डीन प्रो. तरूण गुप्ता ने आईआईटी कानपुर डायरेक्टर प्रोफेसर एस गणेश, आईआईटी कानपुर में डिपार्टमेंट ऑफ केमिस्ट्री के प्रोफेसर संदीप वर्मा, डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर तुषार संधान और सैमसंग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एमओयूपर हस्ताक्षर किए। हम आईआईटी कानपुर के साथ इस साझेदारी वाली यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह सहयोग शैक्षणिक उत्कृष्टता को औद्योगिक अन्वेषण के साथ मिलाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है, जिससे छात्र उद्योग के लिए तैयार हो सकें। हम विचारों, ज्ञान और प्रतिभा के गतिशील आदान-प्रदान की आशा करते हैं, जो निश्चित रूप से अभूतपूर्व परियोजनाओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए और सैमसंग और आईआईटी कानपुर दोनों के विकास में योगदान देगा।

## आईईईएमए की बीआई डी 2024 में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की व्यावसायिक पूछताछ उत्पन्न हुई




**लखनऊ।** आईईईएमए का प्रमुख कार्यक्रम, बीआईडी 2024, 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के करीब महत्वपूर्ण व्यावसायिक पूछताछ के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और नई ऊर्जा क्षेत्रों में मेक इन इंडिया उत्पादों की मजबूत विकास प्रक्षेपवक्र और वैश्विक स्वीकृति को दर्शाता है। बीआईडी 2024 में 50,000 से अधिक व्यावसायिक ग्राहक आए, 200 अंतर्राष्ट्रीय और 100 घरेलू खरीदारों ने 3,000 से अधिक बी 2बी बैठकों और 20 नए उत्पाद लॉन्च में भाग लिया। बीआई डी 2024 में अपार, एक्साइड, हरटेक, एचपीएल, हैवेल्स स्टेल्मेक, सीमेंस, श्नाइडर इलेक्ट्रिक और सिक्योर मीटर्स सहित 250 से अधिक कंपनियों की भागीदारी देखी गई। आईईईएमए के अध्यक्ष श्री हमजा अरसीवाला ने कहा, बीआईडी 2024 को मिली भारी प्रतिक्रिया भारतीय इलेक्ट्रिकल द्वारा बिजली वितरण और बिल्डिंग इलेक्ट्रिकल्स में तेज विकास प्रक्षेपवक्र को दर्शाती है, जो भारतीय बिजली क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रदर्शन से प्रेरित है। नए में विकास ऊर्जा में नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने से अतिरिक्त प्रोत्साहन मिला है। डिस्ट्रीब्यूईएलईसी के चेयरमैन हरटेक सिंह ने कहा, बीआईडी 2024 एक आउट एंड आउट बिजनेस फोकस शो था और हमारा प्रयास नए उत्पादों को डिस्प्ले पर लाना और बिजनेस विजिटर्स को लक्षित करना है।

## रियलमी ने 5जी के साथ श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ पेरिस्कोप टेलीफोटो पेश किया

**अयोध्या।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज़ में सबसे नया स्मार्टफ़ोन, रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी पेश किया। रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी में दो असाधारण स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो+ 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लॉन्च किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफ़ोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित 'मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं, और युवाओं के अनुरूप ब्रांड की एक नई पहचान प्रस्तुत करते हैं।

रियलमी 12 प्रो+ 5जी में अगली जनरेशन की इमेजिंग तकनीक है और इसमें फुल-फोकल-लेंथ, लॉसलेस जूम क्षमताओं और क्वालकॉम के सहयोग से विकसित प्रोप्राइटरी मास्टरशॉट एल्गोरिदम संभव बनाने के लिए अत्याधुनिक पेरिस्कोप टेलीफोटो टेक्नोलॉजी दी गई है। रियलमी 12 प्रो+ 5जी रियलमी की ओर से सबसे नया प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो युवाओं के लिए फोटोग्राफी एवं



वीडियोग्राफी का अनुभव नए आयाम में ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रियलमी ने सदैव अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिज़ाइन के साथ नई टेक्नोलॉजी प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। रियलमी डिज़ाइन स्टूडियो ने रियलमी 12 प्रो सीरीज़ 5जी के लक्ज़री वॉच-प्रेरित डिज़ाइन के लिए प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय लक्ज़री वॉच डिज़ाइन मास्टर ओलिवियर सेवियो के साथ भी सहयोग किया है।

इतना ही नहीं, रियलमी ने सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफ़ी के लिए ऑस्कर विजेता, क्लाउडियो मिरांडा के साथ भी सहयोग किया है, ताकि इस सीरीज़ के लिए उनकी पुरस्कार विजेता फिल्मों से प्रेरित तीन कैमरा फिल्टर तैयार किए जा सकें। ये तीन कैमरा फ़िल्टर हैं- जर्नी फिल्टर लाइफ ऑफ पाई इंस्पिरेशन, मेमोरी फिल्टर - ÷द क्यूरियस केस ऑफ बेंजामिन बटन÷ स्टाइलिया और मेवरिक फिल्टर टॉप गन मेवरिक इन्फ्लुएंस।

# स्टोरेज के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 30 जनवरी को लॉन्च हुआ टेक्नो स्पार्क 20

**नई दिल्ली।** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो ने अपने स्लोगन स्टॉप एट नथिंग को वास्तविकता में बदलते हुए, 30 जनवरी, 2024



को अपनी ऑल-राउंडर स्पार्क सीरीज़ के नवीनतम एडिशन- स्पार्क 20 को लॉन्च किया है। ऐसे में, भारतीय उपभोक्ताओं के लिए प्रीमियम हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तकनीक बेहद सुलभ हो गई है।

इसे विस्तार से जानने के लिए, अमेज़ॅन और टेक्नो के सोशल हैंडल्स पर स्मार्टफोन का आकर्षक टीज़र प्रस्तुत किया गया है, जिसमें दीपिका पादुकोण के हाथों में यह प्रीमियम डिवाइस दिखाया गया है। वर्ष 2024 में बदलाव को अपनाते हुए, अपने गतिशील ब्रैंड एंबेसेडर के साथ टेक्नो नवाचार को और भी अधिक स्टाइलिश बनाने और आज के यूज़र्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए दृढ़ता से काम कर रहा है।

टेक्नो की स्पार्क सीरीज़ ने ऑल-इन-वन स्मार्टफोन के रूप में लगातार यूज़र्स का दिल जीता है। इस सीरीज़ को विशेष रूप से यूज़र्स को संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अब, इसे एक स्तर ऊपर ले जाते हुए, टेक्नो का नवीनतम एडिशन यूज़र्स को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

स्पार्क 20 को कुछ प्रश्नों के उत्तरों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया है, जैसे कि भारतीय उपभोक्ता वास्तव में स्मार्टफोन में क्या चाहते हैं? क्या वे यूज़र्स के लिए बेहतर फीचर्स की पेशकश कर रहे हैं? ऐसे तमाम प्रश्नों के उत्तर अपने शानदार फीचर्स में शामिल करते हुए भारत में निर्मित टेक्नो का यह स्मार्टफोन यथास्थिति को दृढ़ता से चुनौती देता है।

टेक्नो स्पार्क 20 को विशेष रूप से आज के उन गतिशील भारतीय यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो अपने फोन में शानदार स्टोरेज, शानदार कैमरा और आकर्षक डिज़ाइन चाहते हैं। सम्पूर्ण पैकेज के साथ यह ऐसा स्मार्टफोन है, जो किसी भी मामले में अनुभव से किसी तरह का समझौता नहीं करता है।

यह स्मार्टफोन इस सेगमेंट में पहले कभी नहीं देखी गई अद्भुत 256 जीबी स्टोरेज और शानदार 8 जीबी + 8 जीबी रैम कॉम्बो के साथ आता है, जो इस डिवाइस को आपकी सभी कीमती यादों को सहेजने के लिए सबसे उपयुक्त माध्यम बनाता है। इसके अलावा, स्पार्क 20 में अपने सेगमेंट का पहला 32 मेगा पिक्सेल का फ्रंट कैमरा और 50 मेगा पिक्सेल का रियर कैमरा भी शामिल है, जो उन यूज़र्स के लिए सार्थक विकल्प होने का वादा करता है, जो इंस्टाग्राम के लिए अल्ट्रा-क्लियर सेल्फी लेना या लुभावने नज़ारों को कैप्चर करना पसंद करते हैं। इसके साथ ही, यूज़र्स को बेहद किफायती कीमत पर स्मार्टफोन की अत्यंत आकर्षक डिज़ाइन भी मिलती है। इस स्मार्टफोन को परफेक्शन के साथ एक सोफिस्टिकेटेड अल्ट्रा-प्रीमियम डिज़ाइन को प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्टाइल को फंक्शनलिटी के साथ सहजता से जोड़ता है।

इसके फीचर्स यहीं आकर खत्म नहीं होते हैं, स्पार्क 20 में उन यूज़र्स के लिए भी बहुत कुछ है, जो मनोरंजन के प्रति विशेष रुझान रखते हैं। 5604 मूल्य के कम्प्लीमेंटरी ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन को शामिल करके, स्पार्क 20 एक या दो नहीं, बल्कि 23 मस्ट-वॉच ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पेशकश करता है, जो इसे सर्वोत्तम मूल्य वाला सबसे किफायती स्मार्टफोन बनाता है।

तो देर किस बात की इस ऑल-राउंडर स्मार्टफोन का अनुभव लेने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि टेक्नो ने डिटेल से समझौता किए बिना बेजोड़ फीचर्स के साथ स्पार्क 20 सीरीज़ को नजदीकी रिटेल आउटलेट्स और अमेज़ॅन पर लॉन्च कर दिया है।

# टलइ बाय फास्ट्रैकः युवतियों के लिए नया पार्टी वियर वॉच ब्राण्ड

**नई दिल्ली।** भारत के जाने-माने यूथ ब्राण्ड फास्ट्रक ने हाल ही में खासतौर पर युवा महिलाओं के लिए सबब्राण्ड टलइ का लॉन्च किया है। चिक, स्टाइलिश और अपनी तरह का अनूठा यह ब्राण्ड उन फैशनेबल महिलाओं के लिए पेश किया गया है जो नए रूझानों और अप-टू-डेट डिज़ाइनों से आकर्षित होती हैं। वर्तमान में फैशन के बदलते रूझानों को ध्यान में रखते हुए टलइ बाय फास्ट्रैक ऐसी शानदार घड़ियां लेकर आएगा जो हर तरह की पार्टियों के लिए ग्लैम क्वशंट को बढ़ा देंगी। इसके पहले कलेक्शन में 71 शानदार डिज़ाइन पेश किए गए हैं। आकर्षक स्टैअ्र, नए प्लेटिंग कलर्स और शानदार डायल शेप्स के साथ ब्राण्ड सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को हर मूड और हर पल के लिए खास वॉच मिले। इसके अलावा ये घड़ियां मात्र रु 1240 से रु 2960 की किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं। टलइ के लॉन्च के साथ फास्ट्रैक ने नए डिज़ाइनों के साथ अपने पोर्टफोलियो को विस्तारित कर लिया है, जो फैशन प्रेमी युवतियों को खूब लुभाएगा, उन्हें इन घड़ियों में आत्मविश्वास के साथ पार्टी मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। ब्राण्ड की टैगलाईन ष्टलइ व्दष् इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है। अजय मौर्या, मार्केटिंग हैड फास्ट्रैक ने सब-ब्राण्ड के लॉन्च पर बात करते हुए कहा, ''खासतौर पर युवतियों के लिए नए सब-ब्राण्ड का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो उनकी हर पार्टी को खास बना देगा। टलइ विभिन्न मौकों के लिए ग्लैम रैडी कलेक्शन है, जिसमें कई लुक की घड़ियां शामिल हैं। ये घड़ियां खास फैशन स्टेटमेन्ट हैं और हम हमारे उपभाक्ताओं टलइ के साथ देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।''

टलइ वॉचेज़ देश भर में फास्ट्रैक और टाइटन के सभी स्टोर्स तथा ऑथोराइज़्ड मल्टी-ब्राण्ड आउटलेट्स पर उपलब्ध हैं। टलइ ऑनलाईन खरीददारी के लिए बाय फास्ट्रैक वॉचेज़ फास्ट्रैक की ऑफिशियल वेबसाईट और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगी।

# फिटजी का आईआईटी जीनियस टेस्ट असीम प्रतिभाओं को निखरने का अवसर

**गोरखपुर।** फिटजी ने शुरू से सच्चे गुरु के गुणों को संजोए रखा है। इसलिए यह न केवल आईआईटी-जेईई प्रशिक्षण उद्योग में नया दौर शुरू करने बल्कि निरंतर पारदर्शिता और नैतिकता का बहुत उच्च मानक देने में भी सफल रहा है। यह हमेशा छात्रों और उनके अभिभावकों के हित में अनूठी पहल करने में सफल रहा है और एकमात्र संस्थान है जो आईआईटी जीनियस टेस्ट जैसे अभूतपूर्व अवसर देकर छात्रों को उत्कृष्टता का नया मानक देता रहा है। फिट्जी के ये प्रयास छात्रों की जिन्दगी बदल रहे हैं। एक बार फिर फिटजी की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे प्रतीक्षित परीक्षा 'आईआईटी जीनियस टेस्ट' होने वाला है। वर्तमान में आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों (क्रमशः 2028,2027, 2026, 2025 और 2024 में मेन और एडवांस के उम्मीदवारों) के लिए यह टेस्ट देश भर में 4 फरवरी 2024 को होगा।

फिट्जी आईआईटी जीनियस टेस्ट के माध्यम से वैज्ञानिक पद्धति से भारत भर के जीनियस छात्रों की खोज करता है। उन्हें पहचान और पुरस्कार देता है। इस माध्यम से आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं प्रत्येक कक्षा के सर्वश्रेष्ठ 10 छात्रों को 'आईआईटी जीनियस' का दर्जा और पुरस्कार मिलता है। आईआईटी में उनकी पढ़ाई फिटजी स्पांसर करता है। छात्रवृत्ति के तहत छात्रावास शुल्क, शिक्षा शुल्क, किताबों की कीमत और उचित निजी खर्चे सहित संस्थान के सभी खर्चे देने का प्रावधान है। यह छात्रवृत्ति और पुरस्कार लेने के लिए यह जरूरी नहीं है कि उम्मीदवार फिट्जी का छात्र हो या पुरस्कार मिलने के बाद किसी फिटजी प्रोग्राम में शामिल हो। आईआईटी जीनियस टेस्ट में चुने गए छात्रों के साक्षात्कार होंगे। आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं प्रत्येक कक्षा के टॉप 30 छात्रों के दिल्ली/हैदराबाद में साक्षात्कार होंगे।

स्टेज 1 के परिणाम 9 फरवरी 2024 (कक्षा 9 और 11 के लिए) और 10 फरवरी 2024 (कक्षा 8, 9 और 10 के लिए) को घोषित किए जाएंगे। स्टेज 1 के बाद 18 और 19 मार्च 2024 को हैदराबाद में और 21 और 22 मार्च 2024 को दिल्ली में साक्षात्कार होंगे।

फिटजी द्वारका सेंटर के मैनेजमेंट पार्टनर और प्रमुख श्री विनोद कुमार अग्रवाल कहते हैं, ''फिट्जी लंबे समय से पूरे देश की प्रतिभाओं को उभर कर सामने आने का अवसर और उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा है। इसके लिए हमारी एक खास सामाजिक पहल फॉर्च्यून 40 काफी प्रशंसित है, जो साधन हीन लेकिन प्रतिभा सम्पन्न छात्रों की मदद के लिए है। इसी तरह, आईआईटी जीनियस टेस्ट से हम भारत की अद्भुत प्रतिभाओं की पहचान करते हैं और आईआईटी में पढ़ने का सपना साकार करने में आर्थिक सहायता देते हैं। सच्चे जीनियस को अपनी पहचान बनाने के लिए यह जरूरी है कि वे सही समय पर अपनी क्षमता समझें। आईआईटी जीनियस टेस्ट वैज्ञानिक पद्धति से जीनियस की पहचान करता है।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन में शामिल हुए सिक्किम के मुख्यमंत्री तामांग



**लखनऊ।** गंगटोक के मनन केंद्र में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन का समापन हुआ। पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों की बैठक के अंतिम दिन मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तामांग ने अपने संबोधन में तीन दिवसीय पंचायत सम्मेलन के सफल रूप से सम्पन्न होने पर खुशी व्यक्त की, जिसमें सभी जिला पंचायत, ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय सभी इस सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पंचायत सम्मेलन के तीन दिवसीय आयोजन से सार्थक विचार-विमर्श, शिकायतों के समाधान, सुचारू संचार की सुविधा और सभी छह जिलों में पंचायतों के बीच बातचीत सुनिश्चित करने और चर्चा किए गए सुझावों और प्रस्तावों को व्यावहारिक कार्रवाई में बदलने के लिए पर्याप्त समय मिला। मुख्यमंत्री तामांग ने राज्य सरकार के कुछ उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित किया, जिनसे स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों को दल-विहीन बनाने के सरकार के साहसिक निर्णय से जमीनी स्तर पर स्पष्ट बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सभी उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के अलावा, नई प्रणाली युवा और शिक्षित व्यक्तियों को आगे लेकर आई है।

# वुडवर्किंग और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकी हेतु एक वैश्विक शिखर सम्मेलन

**नई दिल्ली।** 22-26 फरवरी, 2024 तक, इंडियावुड का 13वां संस्करण बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र, बेंगलुरू में व्यापक रूप से लकड़ी और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। 75,000 वर्गमीटर तक फैले प्रदर्शनी क्षेत्र के इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों की 950 से अधिक कंपनियां और 75,000 से अधिक व्यापार आगंतुक भाग लेंगे। यह कार्यक्रम नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकी की झलक पेश करने के साथ अद्वितीय नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगा। आयोजन के प्रभाव को लेकर न्यूर्नबर्गमेस्से इंडिया के समूह निदेशक श्री शिवकुमार वेणुगोपाल ने संक्षेप में कहा, इंडियावुड, उद्योग के विकास के लिए उत्प्रेरक के रूप में वुडवर्किंग और फर्नीचर उत्पादन के परिदृश्य को अधिक प्रभावशाली बनाता है। इसका प्रभाव तकनीकी प्रगति, सहयोगात्मक प्रगति और उद्योग के भविष्य को आकार देने के लिए निरंतर प्रतिबद्धत है। इंडियावुड 2024, आयोजन के इतिहास में सबसे बड़ा, यह कार्यक्रम दुनिया भर से उद्योग जगत के नेताओं, प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों को एक साथ लाएगा। इसमें




विशेषज्ञों और विचारकों के नेतृत्व में सेमिनारों, कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल रहेगी। इस आयोजन में विशेषज्ञों और विचारकों के नेतृत्व में सेमिनारों, कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल होगी। उपस्थित लोगों को उभरते उद्योग रुझानों, टिकाऊ प्रथाओं और नवीन प्रौद्योगिकियों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

सह-स्थित कार्यक्रमों में इंडिया मैट्रेसटेक एंड अपहोल्स्ट्री सप्लाइज एक्सपो के साथ-साथ वुड+ इन आर्किटेक्चर एंड डिजाइन और सरफेस इन मोशन इंडिया शामिल होंगें।

वुडवर्किंग और फर्नीचर विनिर्माण प्रौद्योगिकी के लिए दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के रूप में , इंडियावुड 2024 अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग प्रारूप में इस क्षेत्र के भविष्य के रुझानों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंडियावुड लगातार संपूर्ण वुडवर्किंग और फ़र्निचर विनिर्माण क्षेत्र में उत्पाद, समाधान और सामग्री उपलब्ध कराता है, जो आगंतुकों के लिए सबसे क्यूरेटेड प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करता है।

**भारतीय फर्नीचर विनिर्माण उद्योग के लिए वैश्विक अवसर**

हाल ही में भारत सरकार ने एकल परमिट के माध्यम से देश भर में वन वस्तुओं के निर्बाध पारगमन को सुविधाजनक बनाने के लिए राष्ट्रीय पारगमन पास प्रणाली (एनटीपी) की शुरुआत की है, जिससे निस्संदेह रूप से व्यापार करने में आसानी होगी साथ ही यह संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को प्रोत्साहित करेगा।

इसके अलावा, स्थायी वन प्रबंधन और कृषि वानिकी प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए भारतीय वन और लकड़ी प्रमाणन योजना प्रमाण भारत के लकड़ी-आधारित उत्पादों, विशेष रूप से फर्नीचर की निर्यात क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 20-25% की मिश्रित वार्षिक वृद्धि दर के साथ भारतीय फ़र्निचर बाज़ार का मूल्य 32 बिलियन आंका गया है, जिसमें निर्यात की संभावना बहुत अधिक है क्योंकि भारत का विश्व बाजार में केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। फर्नीचर का निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 1952 करोड़ रुपये (26 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 6790 करोड़ रुपये (820 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया जो कि 248% की वृद्धि है।

## भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने सेबी के समक्ष दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('डीआरएचपी')

**नई दिल्ली।** कम्युनिकेशन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ('डीआरएचपी') दाखिल किया है। भारती हेक्साकॉम लिमिटेड भारत में राजस्थान और उत्तर पूर्व दूरसंचार सर्कल, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा शामिल हैं, में ग्राहकों को उपभोक्ता मोबाइल सेवाएं, फिक्स्ड लाइन टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करती है।

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में 'टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड' द्वारा प्रत्येक 5 रुपये के अंकित मूल्य के साथ 100,000,000 इक्विटी शेयरों की 'बिक्री की पेशकश' शामिल है।एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, बीओबी कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं।

# जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का किया शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुष्ठ न कोई अभिशाप है और न ही पूर्व जन्मों का पाप। यह एक बीमारी है जिसकी समय से पहचान हो जाए तो इलाज संभव है। बीमारी की पहचान और इलाज में देरी से यह दिव्यांगता का रूप ले सकता है जिससे जीवन बोझ बन जाता है।

उक्त बातें मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश पटारिया ने स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ करते हुए मंगलवार को कहीं। उन्होंने सीएमओ कार्यालय सभागार में महात्मा गांधी के चित्र पुष्पांजलि अर्पित तथा श्रद्धांजलि सभा भी की। वहीं पर डीएम का संदेश भी सुनाया। ''भेदभाव का अंत करे सम्मान को गले लगाए'' थीम के साथ जनपद के सभी स्वास्थ्य इकाइयों और सरकारी विभागों में जनजागरूकता की शपथ भी ली गयी। रोग से घृणा करें, रोगी से नहीं का संदेश दिया गया। शान्तनु इंटरमीडिएट कालेज रविंद्रनगर घूस के छात्रों द्वारा रैली निकाल कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं कुष्ठ पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 13 फरवरी 2024 तक चलेगा।



- 13 फरवरी 2024 तक चलेगा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा
- भेदभाव का अंत करे सम्मान को गले लगाए थीम के साथ जनजागरूकता की शपथ

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रामदास कुशवाहा ने कुष्ठ रोग को जनपद से समाप्त करने के लिए सभी लोगो से अपील की तथा कुष्ठ रोग के भ्रांतियों के बारे में बताया की समाज मे अभी भी कुछ लोगों को ये अंधविश्वास है कि वंशानुगत कारणों, अनैतिक आचरण, अशुद्ध रक्त, खान-पान की गलत आदतें जैसे सूखी मछली खाने, पूर्वपापकर्म आदि कारणों से कुष्ठ रोग होता है जो कि पूर्णतया गलत तथ्य है। इन सभी भ्रांतियों को मिटाने के लिए इस अभियान को चलाया जा रहा है। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि चमड़ी के रंग से हल्के रंग का सुन्न दाग धब्बा जिसमें पसीना न आता हो, कुष्ठ रोग हो सकता है। हाथ पैर के नसों में मोटापन, सूजन, झनझनाहट, तलवों में सुनापन, पूरी क्षमता से काम न कर पाना, चेहरा, शरीर व कान पर गांठ, हाथ, पैर और उंगुली में टेढ़ापन कुष्ठ रोग के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत आशा कार्यकर्ता और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से सम्पर्क कर जांच व इलाज कराना चाहिए।

**कुष्ठ दिव्यांग रोगियों को निःशुल्क मिलने वाली सुविधाएं-** एम सी आर चप्पल, सेल्फ केयर किट, एमडीटी आदि दवाईया, निःशुल्क रीकन्स्ट्रक्टिव ऑपरेशन करवाने के पश्चात क्षतिपूर्ति, कुष्ठ दिव्यांग 3500 रुपये मासिक पेंशन, रोगी अथवा उनके बच्चों को योग्यतानुसार ट्रेनिंग।

### पांच से अधिक दाग धब्बे हो तो कुष्ठ रोग की है पहचान

अगर शरीर पर दाग धब्बों की संख्या पांच से अधिक है और नसें भी प्रभावित हुई हों तो यह मल्टी बेसिलाई एमबी कुष्ठ रोग होता है और इसका भी इलाज बारह महीने में हो जाता है। कुष्ठ रोग माइक्रो बैक्टीरियम लेप्रे नामक जीवाणु के कारण होता है। कुष्ठ रोगी से भेदभाव करने की बजाय उसे प्रेरित करें कि वह इलाज कराए।

## बापू के आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर नगर पालिका स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री भाजपा सी.पी.सिंह सैंथवार ने कहा कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देता हूं। साथ ही मैं उनका भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। उनके बलिदान हमें देश के लोगों की सेवा और उनके लक्ष्यों को पूरा करने की प्रेरणा देते हैं।बापू के आदर्श भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे।बापू का जीवन राष्ट्र की निस्वार्थ सेवा में समर्पित रहा।महात्मा गांधी ने विरोध और विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए देश को आजाद कराने के लिए दृढ़ संकल्प लिया। महात्मा गांधी के विचार और उनके सिद्धांतों ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोगों को अहिंसा और सद्भावना का पाठ पढ़ाया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि गांधी जी के जीवन की कहानी साहस और सच्चाई से भरी थी।

# गांधी जी के विचार भारतीय लोकतंत्र की आत्माः रामजी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के शहीदी दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहे भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज समापन कांग्रेस कार्यालय से पद यात्रा कर नगर पालिका परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रामधुन गाकर व वरिष्ठ कांग्रेस जन व स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों का सम्मान कर समापन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचार भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। आज कुछ लोग इस विचारधारा को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इस विचारधारा की रक्षा के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार है। किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि आज हमारे नेता राहुल गांधी गांधी जी के नीति व सिद्धान्त की रक्षा के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश मे चलाकर कर नफरत फैलाने वालों को जबाब दे रहे हैं। आज देश मे बिना कांग्रेस के आमजन के भला नही होने वाला है। कार्यक्रम में बिस्मिल्लाह लारी, पुरुषोत्तम नारायण सिंह, दीनानाथ भारती, आनंद श्रीवास्तव सोनू, जयदीप त्रिपाठी, आनंददेव गिरि, गोविंद मिश्र, बदरे आलम, नागेन्द्र शुक्ल, सत्यम पांडेय, वरुण राय, विजय शंकर मिश्र, नीलेश त्रिपाठी, भरत मणि त्रिपाठी, धनन्जय पांडेय, समीर पांडेय, दीनदयाल यादव, शाकिर अली, दयाशंकर द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, हर्षित सिंह, सच्चिदा सिंह राणा, सुहैल अंसारी, डॉ एस के पाठक, धर्मेन्द्र पांडेय, प्रेमलाल भारती, मनोज मणि त्रिपाठी, विनोद जायसवाल, मधु शर्मा, रीता देवी, पन्ना लाल पाठक, उत्तेज मिश्र, आनंद शंकर, कमलेश मिश्र, विनोद दूबे, राम आशीष साहनी, बद्रीनारायण दूबे, चंद्रिका यादव, अशोक गोड़, मानवेन्द्र तिवारी, दीपक पाण्डेय, रविन्द्र मल्ल, वीरेन्द्र त्रिपाठी, विजय शंकर आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## विद्युत कटौती से किसानों की सिंचाई बाधित

**अमेठी।** इस सर्द मौसम में विद्युत कटौती ग्रामीण अंचल और नगरीय क्षेत्रों में मनमानी तरीके से की जा रही है। रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति न होने से उपभोक्ता परेशान हैं। ग्रामीण अंचल में इन दिनों गेहूं की सिंचाई का कार्य प्रगति पर है किंतु विद्युत कटौती होने के कारण किसान अपनी फसलों की समुचित सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बेपटरी हो गई है कुछ दूर तक खेत में पानी पहुंचने के बाद बिजली चली जाती है फिर घंटों बाद आती है और कुछ देर बाद फिर चली जाती है। इस तरह उनके फसलों की सिंचाई बाधित हो रही है। वहीं नगरीय क्षेत्रों में भी थोड़ी-थोड़ी देर बाद बिजली गुल हो जाती है और नगर अंधेरे में डूब जाता है उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए शासन से रोस्टर के मुताबिक विद्युत आपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर करें निस्तारणः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु श्रम बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम श्रम बन्धु की समीक्षा करते हुए उपस्थित उद्यमियों व्यापारियों को श्रम विभाग में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों का भी पंजीकरण कराने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को श्रमिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की श्रमिकों को जानकारी देने एवं उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग व्यापार मेमोरेण्डम की समीक्षा एक जनपद एक उत्पाद मूंज क्राफ्ट के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना संचालित किये जाने की स्वीकृति तथा विद्युत भार स्वीकृति एवं ऊर्जीकरण पर विचार पूंजी निवेश मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री रोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों से प्राप्त प्रस्ताव की सहमति पर विचार सहित औद्योगिक संगठनों उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था तथा प्राप्त शिकायतों का निस्तारण के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारी बन्धु की समस्याओं का निराकरण सम्बन्धित अधिकारी प्राथमिकता के साथ करें और व्यापारिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिये जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यम स्थापना में कोई समस्या आ रही हो तो समिति को अवगत करायें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि व्यापारी बन्धुओं की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाए। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र दिनेश कुमार चौरसिया ने करते हुए गत बैठक की कार्यवाही सहित बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं को समिति के समक्ष रखा तथा बैठक के अन्त में उपस्थित सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# दीपदान कर महात्मा गांधी सहित अमर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार की शाम को कसया नगर स्थित शहीद स्मारक पार्क में अनवरत 18वें वर्ष दीपदान कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित अमर शाहीदों को श्रद्धांजलि भेंट की गयी।





कार्यक्रम का आरंभ गांधी जी के प्रतिमा और शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। शहीदों को मौन श्रद्धांजलि भेंट कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और पार्क भारत माता की जय, वंदे मातरम, गाँधी जी अमर रहे, राष्ट्र सपूतों की जय के नारे से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ0 डीएस तिवारी ने कहा कि गांधी जी का जीवन हम सबके लिए आदर्श है। देश को अंग्रेजों सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराने में उनका योगदान अतुलनीय है।

उनके सत्य व अहिंसा सम्बन्धी विचार सदैव प्रासंगिक रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में हिंदी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 गौरव तिवारी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता के विचारों को आत्मसात करना और उनके दिखाए राह पर चलना उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन अभिषेक श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 सौरभ द्विवेदी, कृष्ण कुमार मिश्र, ममता कश्यप, डॉ0 शत्रुघ्न सिंह राजेश गुप्त, आनंद मालवीय, आरती दुबे, ममता शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, मधुलिका पूजा, प्रज्ञान, अमृतांश विशिष्ट, अद्विका शर्मा, विनय त्रिपाठी, ध्रुव कुमार, डॉ0 अनिल सोनी, रिशुल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## कड़ाके की सर्दी में फसल की रखवाली को मजबूर हैं किसान

**अमेठी।** कड़ाके की सर्दी के बीच किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है। ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है।कड़ाके की सर्दी में किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है। अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक़ दर्शक बने हैं। किसान आए दिन आवारा पशुओं की समस्याओं को समय समय पर उठाते हैं फिर भी किसानों की इस बड़ी समस्या को नजरअंदाज किया जाता है।

# दावत खाने गए थे परिजन, चोरों ने घर को खंगाला, जांच में जुटी पुलिस



मौके से पहुंची पुलिस जांच में जुटी

अवधनामा ब्यूरो

- नगदी समेत हजारों के सामान पर हाथ किए साफ

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के वार्ड नंबर 6 में बीती रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में दावत खाने गए परिवार के घर में चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों के अनुसार नगदी समेत हजारों के जेवर चोरों द्वारा चोरी किया गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कर अज्ञात चोरों को धर पकड़ करने में जुट गई है। कोतवाली पडरौना थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप नगर वार्ड संख्या 6 मटियरवा निवासी जमालुद्दीन अंसारी सोमवार की रात सपरिवार समेत अपने रिश्तेदारी में एक वैवाहिक कार्यक्रम में दावत खाने को गए हुए थे। बताया जाता है की दावत से लौटने के बाद जब घर पहुंचे तो घर में रखा सामान बिखरा हुआ था। जमालुद्दीन ने घर का बिखरा सामान देख सन रह गए। इसके बाद घर के भीतर आलमारी में रखें नगदी ज्वेलर्स कपड़े अन्य सामग्री गायब देख इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी। मंगलवार की देर शाम को कोतवाली पुलिस ने इनके घर पहुंच कर जांच पड़ताल कर अज्ञात चोरों के खिलाफ धर पकड़ में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक जमालुद्दीन अंसारी की तरफ से तहरीर नहीं दिया गया था।

### सेवरही में सुने घर को अज्ञात चोरों ने खंगाला

**कुशीनगर।** सेवरही उपनगर के एक वार्ड में अज्ञात चोरों द्वारा सुने घर को खंगाला। पीड़ित गृह स्वामी ने सेवरही पुलिस को तहरीर देकर घटना का पर्दाफाश करने के साथ ही अज्ञात चोरों की विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सेवरही के अंबेडकर नगर वार्ड निवासी जयप्रकाश रावत पुत्र रामदेनी रावत के घर में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। गृह स्वामी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा सामान सहित नगद रुपए की चोरी की गई है। पीड़ित गृह स्वामी ने सेवरही पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की गुहार लगाई है। वही कस्बा सहित थाना क्षेत्र में अनवरत हो रही चोरियों पर विराम नहीं लगने से व्यापारियों सहित नगर वासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने की मांग किया है।

## टायर फटने से आपस में भिड़ीं दो ट्रक, एक चालक जख्मी



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नौरंगिया कप्तानगंज मार्ग पर नौरंगिया छितवनिया टोला गांव के पास कोहरे के वजह से मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे दो ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक ट्रक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से कोटवा सीएचसी पर इलाज के लिए भेजा गया। ग्रामीणों की माने तो कप्तानगंज की ओर से बिहार की तरफ चोकर लेकर जा रहे ट्रक का अगला पहिया फट जाने के वजह से पडरौना की ओर से ओवर लोड सफेद बालू लेकर जा रहे ट्रक से आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिससे एक ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में एक ट्रक ड्राइवर उसमें बुरी तरह फंस गया। जिसे मौके पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर कोटवा सीएचसी पर इलाज के लिए भेज दिया। घटना के बाद बालू लदे हुवे ट्रक का ड्राइवर फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचकर बाधित हो चुके यातायात को किसी तरह बहाल कराया। पुलिस आगे की कारवाई में जुटी हुई है।

## स्वच्छ पेयजल के लिए जागरूकता हेतु एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश के तहत जल निगम कार्यालय कुशीनगर से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनपद के विभिन्न विकास खंडों के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरूकता की समस्त टीमों की गाड़ियों को अधिशासी अभियंता पंकज कुमार, सहायक अभियंता विवेक कुशवाहा, कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप गौड़, नीरज कुमार व सुमित वर्मा ने संयुक्त रूप से एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की तो वही इस मौके पर डीपीसी अंकुश सिंह, एडीपीसी मानवेंद्र सिंह, रईस अहमद, विवेक सिंह, मनोज कुमार, चंद्रकेश, कमलेश हरिओम सिंह, शिवम, सौरभ इत्यादि उपस्थित रहे।

# हर कार्यकर्ता के लिए कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता भाजपा का मूल मंत्र





अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि संतराज यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक पार्टी के द्वारा गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। जिसमे राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के सभी कार्यकर्ता लगाए जायेंगे।

हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र वाले गांव में 24 घंटे का प्रवास करना है तथा सभी वोटों को सहेजने का कार्य भी करना है। लाभार्थियों से संपर्क करना तथा बूथ समितियों से संपर्क करके पन्ना प्रमुखों को सक्रिय कराना इनकी जिम्मेदारी होगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष और नोएडा के विधायक पंकज सिंह को बनाया गया है तथा इनके सहयोग के लिए 6 सह संयोजक प्रदेश स्तर के उपाध्यक्ष और प्रदेश मंत्री गणों को लगाया गया है उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर 5 पदाधिकारियों और जिला स्तर पर 3 पदाधिकारियों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी बड़ी तेजी के साथ राष्ट्रीय स्तर से लेकर गांव स्तर तक की जा रही है, हर कार्यकर्ता के लिए कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता पार्टी का मोटो है, उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे विपक्षी दल गठबंधन बना कर भाजपा को रोकना चाहते है लेकिन वो अपने मंसूबे में सफल नहीं होने पाएंगे और धीरे धीरे आपस में ही लड़कर बिखर जायेंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पिछले दिनों पार्टी के कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम में लगाए गए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि, कम से कम 1000 की आबादी वाले गांवों में बूथ संयोजक बनाकर तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों की सूची बनाकर व्यापक रूप से घर घर संपर्क करना ही गांव चलो अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी के चिन्ह पर चुने गए ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी तथा ग्राम प्रधानों को हर गांव में प्रवासी बनाकर भेजा जाएगा जो 24 घंटे अपने प्रवास वाले गांव में प्रवास करेंगे।

# मानव जीवन में जल का बहुत महत्व हैः विंध्याचल



अवधनामा संवाददाता

**भटनी।** विकास खण्ड भटनी के प्रांगण में जल जीवन मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में जल जागरुकता संकल्प रथ को सहायक विकास अधिकारी पंचायत विंध्याचल सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम जनमानस के लिए जल महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है। इसके अंतर्गत सभी आम जन मानस को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। मानव जीवन में जल का बहुत महत्व है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार शाही जी ने कहा ने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। अजय दूबे वत्स ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित करके ही हम भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ा सकते हैं। खंड प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन रेहाना खातून ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को सस्ते कीमत पर सुगमता पूर्ण तरीके से 55 लीटर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त अवसर पर वीरेंद्र पाण्डेय, प्रवीण द्विवेदी, शंभू नाथ दुबे, पूजा सिंह, प्रिया साहनी, आनंद प्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं ऋचा सिंह (RICHA SINGH) पत्नी अर्जुन शेट्टी, 3/100, विश्वास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ की निवासी हूं। मैंने अपना नाम ऋचा सिंह (RICHA SINGH) से बदलकर ऋचा सिंह शेट्टी (RICHA SINGH SHETTY) रख लिया है, भविष्य मे अब मुझे ऋचा सिंह शेट्टी (RICHA SINGH SHETTY) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम वरीशा (VAREESHA) त्रुटिवश लिख गया है मेरा सही नाम वरीशा अबरार (VAREESHA ABRAR) है जो मेरे सभी दस्तावेजों मे दर्ज है।

**वरीशा अबरार**
**पुत्री अबरार अहमद**
**पता म. न. 532 ए/43 चौधरी टोला अलीगंज लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश राज्य चीनी एवं गन्ना विकास निगम लिमिटेड, इकाई-पिपराइच, गोरखपुर-273152**

गन्ना किसानो के सुख का साधन।
सहफसली खेती अधिक उत्पादन।

किसान भाईयों, चीनी मिल गन्ना विकास विभाग की तरफ से गणतन्त्र दिवस पर हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाएं

पिपराइच चीनी मिल की यही पहचान,
सुखी, समृद्ध एवं खुशहाल हो किसान।

किसानो से अपील/चीनी मिल का प्रयास

- ट्रेंच विधि से गन्ना बोयें, कम लागत में अधिक आय पाये।
- अपनी कृषि योग्य भूमि के अधिक से अधिक भू-भाग में गन्ना बुवाई करें।
- फसल की उपज व जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने हेतु देशी खाद या प्रेसमड (मैली) का प्रयोग अवश्य करें।
- हमारा प्रयास शासन की मंशा के अनुरुप किसानों की आय दो गुना करने हेतु सुविधाएं उपलब्ध कराना।
- गन्ना अन्य फसलों से अधिक लाभ देने वाली फसल है। अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करें।
- कृपया जड़, पत्ती, अगोला, मिट्टी रहित, ताजा, साफ-सुथरा गन्ना चीनी मिल को आपूर्ति करें।
- बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में गन्ना प्रजाति को. 0118, को.सा. 08272, को. 98014, कोशा- 13235, को- 15023 एवं कोलख 14202 आदि की बुवी करें।
- अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु गन्ने के साथ सह- फसली खेती अवश्य करें।

नोटः- अधिक जानकारी के लिए चीनी मिल गन्ना विभाग से सम्पर्क करें।



मनोज तिवारी
गन्ना प्रबन्धक (विकास)



जगत राज
मुख्य गन्ना प्रबन्धक



अरविंद कुमार
पीसीएस
प्रधान प्रबंधक

अवधनामा



# सफ़ेद दाग के साथ सुन्नपन है कुष्ठ रोग की पहचान

- महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान की हुई शुरुआत
- उपचार से ठीक हो चुके दो कुष्ठ रोगियों को किया गया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी का संदेश पढ़ कर कुष्ठ रोग की जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि कुष्ठ रोग न तो आनुवांशिक है और न ही पिछले जन्मों के पापों का फल है बल्कि यह माइक्रोबैक्टीरियम लैप्रे बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रामक रोग है। इलाज न कराने वाले संक्रमित व्यक्ति के छींकने या खाँसने से इसका प्रसार होता है। इलाज शुरू होने पर मरीज से दूसरे व्यक्ति तक संक्रमण का खतरा नहीं होता है। संक्रमण के बाद कुष्ठ रोग के लक्षण दिखने में पांच से सात साल तक लग सकता है। अन्य लक्षणों के साथ ही सफ़ेद दाग के साथ सुन्नपन इस रोग की सबसे बड़ी पहचान है। समय से पहचान होने और पूरा इलाज करने से यह बीमारी ठीक हो जाती है। उन्होंने बताया लक्षण वाले रोगियों को चिन्हित कर सम्पूर्ण इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से यह अभियान 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कुष्ठ चिकित्सा से फिजियोथिरेपिस्ट डॉ. वर्षा, एनएमएस के. बी. त्रिपाठी, एनएमए ओ. पी.मिश्रा व मेडिकल कॉलेज बहराइच के ओम प्रकाश को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उपचार से ठीक हो चुके, सामान्य जीवन जीवन जी रहे दो कुष्ठ रोगियो को भी सम्मानित किया गया एवं उनको एमसीआर जूते व सेल्फ केयर किट प्रदान की गई।

**दो प्रकार का होता है कुष्ठ रोग**

जिला कुष्ठ रोग विशेषज्ञ विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ रोग दो प्रकार का होता है। जब शरीर पर सुन्न हुए दाग- धब्बों की संख्या पांच या उससे कम हो और एक नस प्रभावित हुई हो तो इसे पासी बेसिलाई ( पीबी) कहा जाता है। ऐसे मरीज छह माह के इलाज से ठीक हो जाते हैं। जब दाग- धब्बों की संख्या पांच से अधिक हो और दो या अधिक नसें प्रभावित हों तो मरीज को मल्टी बेसिलाई (एमबी) कहा जाता है। ऐसे मरीज का इलाज एक साल तक चलता है। वर्तमान में 216 रोगियों का उपचार चल रहा है। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, एसीएमओ डॉ पी के बांदिल, डॉ. पी के वर्मा, डॉ गौतम, डॉ संजय सोलंकी , डीएलसी ,डीपीएम, डीसीपीएम सहित समस्त चिकित्सा स्टाफ और मरीज के परिजन उपस्थित रहे।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुई रंजीता बाल्मीकि का हुआ सम्मान

- आरएसएस के सामाजिक समरसता विभाग ने किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्री राम तीर्थ ट्रस्ट के द्वारा जनपद के कुछ चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें सामाजिक समरसता की प्रांतीय टोली की सदस्य रंजीता बाल्मीकि को आमंत्रित किया गया था। रंजीता के बहराइच वापस लौटने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता विभाग की ओर से श्री रामचरितमानस भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राज किशोर, नगर कार्यवाह शिवम, सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक रजनीश, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अंकुल, सचिन व कई अन्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सम्मानित होने के बाद रंजीता बाल्मीकि ने बताया कि यह हमारा सौभाग्य है की श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हमें शामिल होने का अवसर मिला।

# दो फरवरी को मनाया जायेगा अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** विलुप्त हो रही आर्द्र भूमि (वेटलैण्ड) के संरक्षण तथा स्वच्छ पेयजल एवं पेयजल स्त्रोतों के संवर्द्धन हेतु ''एक जनपद-पारिस्थितिकीय गंतव्य'' की थीम पर कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में 2 फरवरी 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल 2024 के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यकम एवं प्रतियोगिता का आयोजन कर जनमानस को आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह जानकारी प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने दी। उन्होंने बताया कि 2 फरवरी 2024 को वन क्षेत्र कतर्नियाघाट अन्तर्गत महादेवा ताल पर प्रातः 7 बजे से पूर्वान्ह 10 बजे तक नेचर गाइड, प्रकृति प्रेमियों, वन्यजीव विशेषज्ञों, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं के महादेवा ताल का भ्रमण, वर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक का आयोजन किया गया है। पूर्वान्ह 11 बजे से नेचर इंटरप्रेटेशन सेन्टर कतर्नियाघाट में विषय विशेषज्ञों द्वारा आर्द्रभूमि एवं पक्षी सम्बन्धी पारिस्थितिकी विषय पर व्याख्यान होगा तत्पश्चात बर्ड स्केचिंग, क्ले माडलिंग तथा वेस्ट मैनेजमेन्ट से सम्बन्धित गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कार्यक्रम के अन्त में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

# अपने अहिंसक आंदोलन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर चुके थे बापू

अवधनामा संवाददाता



- 76 वें शहादत तिथि पर सेनानी भवन में सेनानी उत्तराधिकारियों ने आयोजित किया कार्यक्रम

**बहराइच।** सेनानी भवन परिसर में सेनानी उत्तराधिकारियों ने राष्ट्रपति महात्मा गांधी का 76 वां शहादत दिवस मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि महात्मा गांधी एक महान लेखक, वकील, और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनका जन्म गुजरात प्रान्त के पोरबंदर में एक साधन संपन्न पंसारी परिवार में हुआ था, उनकी शिक्षा दीक्षा पोरबंदर, राजकोट, भावनगर और लन्दन यूनिवर्सिटी में हुई, इंग्लैंड से बैरिस्टर की डिग्री हासिल किया। पूज्य बापू को राजनीतिक, सामाजिक प्रगति प्राप्ति हेतु अपने अहिंसक विरोध के सिद्धांत के लिए अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई। संगठन के शहर अध्यक्ष राजू मिश्र उर्फ मुन्ना भैया ने कहा कि बापू का साबरमती आश्रम से अटूट रिश्ता था, उन्होंने 9 पुस्तकों में सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा, मेरी जीवन कथा, राम नाम, मेरे सपनों का भारत, संक्षिप्त आत्मकथा, दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास, गीता बोध, बापू की सीख और हिन्द स्वराज शामिल हैं, पूज्य बापू के बारे में जो भी कहो कम है। गांधी वादी विनय सिंह ने कहा कि गांधी अतीत ही नहीं बल्कि भविष्य भी हैं, दांडी यात्री इन्द्र कुमार यादव ने कहा कि महात्मा गांधी मात्र भारत के ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रकाश पुंज हैं। उपस्थित सभी सेनानी उत्तराधिकारियों ने दो मिनट खड़े होकर मौन धारण कर पूज्य बापू महात्मा गांधी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके स्वप्नों का भारत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महेश उपाध्याय, मुकेश श्रीवास्तव, बृजेश पांडेय, रामदीन गौतम सहित तमाम सेनानी उत्तराधिकारी मौजूद रहे।

# नगर के तिकोनिया पार्क में मनी खुदीराम बोस की जयंती



अवधनामा संवाददाता

- बापू की पुण्यतिथि पर मंच पर पहुँचे समाजसेवीगण

**सुल्तानपुर।** अमर शहीद खुदीराम बोस व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 28वें वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में समाजसेवी ओपी वर्मा ने सम्बोधित किया।

हर वर्ष की तरह शहर के तिकोनिया पार्क में हजारों महिलाएं बच्चे के साथ साथ बूढ़े बुर्जुग भी मौजूद रहे।कार्यक्रम कई घंटे तक चलता रहा।उक्त मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव, समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर, साहित्यकार कमलनयन पांडे ,शाहनवाज कादरी ,पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा, पूर्व मंत्री संदीप शुक्ला,राज्यसभा सांसद की पत्नी अनीता सिंह, सत्येंद्र नाथ , पूनम श्रीवास्तव, मकसूद अंसारी ,अजीज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दबंगों ने असलहे से किया मारने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** थाना कांट इलाके हरिओम पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम पिपरौला अहमदपुर थाना कांट जिला शाहजहांपुर का रहने वाला है दिनांक 22-01-2024 को हरिओम के पिता श्याम सिंह शाम भैंस चरा रहे थे गरई नदी से 100 मीटर दूरे लगभग 4.30 बजे गाँव के ही दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के महेंद्र सिंह व बीरेन्द्र सिंह व सरनाम पुत्रगण छोटे सिंह व संतोष पुत्र स्व0 देवेन्द्र सिंह पुरानी रंजिश को लेकर हाथों में नाजायज असलह व लाठी डंडों को लेकर एक राय होकर जान सभी दवगो ने हारिओम के पिता को मारने की नियत से हमला कर दिया उपरोक्त कुख्यात अपराधी किस्म के लोगो ने हारिओम के पिता को बांका व बेलचा से मारा व काटा व बुरी तरह मारपीटकर मरणॉसन्न अवस्था में स्क्कप्लाट के पास डाल दिया तथा हारिओम का भाई रविन्द्र घास लेकर लौट रहा था तभी रास्ते में रामप्रेम के खेत के पास नाले किनारे उक्त सभी दवगो ने उसके भाई को भी बांका व बेलचा व लाठी डंडों से मारा और उसके दोनों पैर व एक हाथ तोड़ दिया और जान से मारने की नियत से बांके से हारिओम के भाई रविन्द्र के हाथ पैर पर हमला कर दिया तथा बुरी तरह मारपीट कर मरा हुआ समझकर गाँव के पश्चिम दिशा के नाले में फेक कर भाग गये। गाँव के रामसिंह पुत्र झब्बू सिंह व मुनेवर पुत्र मोहन सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर नाले से रविन्द्र को निकालकर घर वालो को सूचना दी तब हारिओम व उसके परिवार ने 112 नम्बर पुलिस को बुलाया पुलिस हारिओम के पिता व भाई को थाना कांट शाहजहांपुर ले गयी और थाना कांट से अपनी निजी गाडी से अस्पताल कांट ले गयी और वहां से पिता व भाई की गम्भीर हालत को देखकर कांट अस्पताल से जिला अस्पताल शाहजहांपुर के लिए रेफर किया तो एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल शाहजहांपुर लेकर गये। हारिओम ने थाना कांट जाकर घटना की तहरीर दी किन्तु पुलिस ने तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज नहीं किया उपरोक्त मुल्जिमान अदातन कुख्यात अपराधी है जिन पर कई थानों में संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं मुलजिम हेद्र पर 302 आईपीसी में दोषसिद्ध होकर आजीवन कारावास की सजा हुयी महेंद्र अपील पर छुटकर आया है

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उत्साहवर्धन के साथ समापन

अवधनामा संवाददाता



- राहुल गांधी की यात्रा से देश से नफरत खत्म भाईचारा को मिल रहा बढ़ावाः अभिषेक सिंह राणा
- भाजपा लोकतंत्र की हत्या व संविधान को कुचल रही हैः अर्जुन

**सुल्तानपुर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद में शुभारंभ हुई राहुल गांधी के समर्थन में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कब मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे समापन किया गया। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी की मौजूदगी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण से रथ सजाकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा थीम बजाते हुए राहुल गांधी जिंदाबाद, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खड़गे जिंदाबाद, न्याय यात्रा जिंदाबाद, जोड़ो जोड़ो भारत जोड़ो, संविधान जिंदाबाद, आदि नारों के साथ शहर के लालडिग्गी चौराहा, नॉरमल चौराहा, राहुल चौराहा, बाधमंडी चौराहा, शाहगंज चौराहा, चौक, सब्जी मंडी, जिला अस्पताल, कोतवाली बस अड्डा चौराहा, दीवानी न्यायालय तिकोनिया पार्क कलेक्ट्रेट डाकखाना चौराहा, सुपर मार्केट होते हुए वापस जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे जहां कार्यक्रम का समापन किया गया. समापन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय व शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर जनपद के विभिन्न ब्लॉक में न्याय पंचायत स्तरीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में न्याय यात्रा निकाली गई जिसका आज जिला कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर समापन किया गया। यह यात्रा देश में अमन चैन, भाईचारा को बढ़ावा देने और देश में नफरत खत्म करने6 व बढ़ती महंगाई बेरोजगारी समाप्त करने अथवा समाज में हर तबके के लोगों को न्याय मिले यही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मुख्य उद्देश्य था। राहुल गांधी की भारत जोड़ो नया यात्रा विभिन्न राज्यों में जन समर्थन मिल रहा है कहीं-कहीं यह यात्रा में व्यवधान डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी के लोग पूरी कोशिश किए लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी ना कभी डरे हैं न कभी झुके हैं पूरी निडरता के साथ लाखों का जन्म सैलाब लिए हमारे नेता इस यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी ने कहा कि भाजपा संविधान की हत्या कर रही है और लोकतंत्र को कुचलना का काम कर रही है जिसे कांग्रेस पार्टी कतई नहीं होने देगी।

# जमीन पर जबरन कब्जा कर निर्माण का प्रयास करने का आरोप

अवधनामा संवाददाता



- पीड़ित परिवार समेत घण्टाघर पर बैठा अनशन पर

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला हरदीला में जमीन से अवैध कब्जा हटाये जाने और भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर हरीराम पुत्र मूलचंद्र कुशवाहा ने परिवार के साथ घण्टाघर मैदान पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया कि उसकी जमीन संख्या 2451 रकबा 0.2318 एवं आराजी नं. 4953 रकवा 0.138 हे. पर वह भूमिधर काश्तकार कब्जा दाखिल संक्रमणीय है। बताया कि उक्त जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने सत्तादल के एक नेता के परिजनों पर भी अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि सत्तादल के नेता द्वारा मौके पर गुम्मा, बोल्डर, बालू इत्यादि डालकर तार फेंसिंग करते हुये नींव खोदकर भवन निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि विगत दिवस जब वह अपनी जमीन पर पहुंचा तो उक्त लोग कब्जा कर रहे थे। विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

# महात्मा गाँधी ने विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का दिखाया रास्ताः संजय

- महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** महात्मा गाँधी के शहीद दिवस पर आयोजित सभा मे उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । इस मौके पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। नगर के सुपरमार्केट स्थित महात्मा गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समाजसेवी एवं भारतीय तैलिक साहू राठौर समाज के जिला युवा अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर संजय कुमार गुप्ता के तत्वावधान में मंगलवार को किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री मनीष साहू ने गांधी के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी स्वयं एक विचारधारा थे। उनकी विचारधारा सिर्फ भारत तक ही सिमट कर नही रही ,अपितु पूरे विश्व को समेट लेने वाली सबसे मजबूत विचारधारा है। उनके अमोघ मन्त्र अहिंसा का उनके ना रहने के बाद भी लोकनायक जयप्रकाश नारायण, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला और तमाम लोगों ने इसका प्रयोग किया और इसके सुखद परिणाम भी मिले। उन्होंने आगे कहा कि गांधी अमर है,उनके विचार अमर है,उनका व्यक्तित्व अमर है। युवा जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## लो0नि0वि0 में टेंडर मैनेजमेंट में चल रहा है खेल, नियम कानून फेल

**सुल्तानपुर।** लोक निर्माण विभाग में टेंडर मैनेजमेंट का खेल जमकर खेला जा रहा है। विधायकों के संरक्षण में चल रहे इस निविदा प्रबंधन में शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वही जनता के नुमाइंदों की जेब गर्म हो रही है। एक पखवाड़े के भीतर ही राजस्व को करोड़ों की चोट पहुंच चुकी है। कुछ महीनों पूर्व दो जनप्रतिनिधियों के मैनेजमेंट गुरुओं के बीच मारपीट की घटनाएं तक हो चुकी है। बावजूद इसके यह परंपरा लगातार जारी है।

## दारू पिलाने से मना करने पर दबंगों ने लाठी डंडे से की पिटाई



**शाहजहांपुर।** थाना मदनपुर के गांव बरुआ पट्टी का एक मामला सामने आया जहां युवक को शराब ना पिलाना बड़ा भारी पप्पू दुकान पर सामान लेने जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम बरूआ पट्टी सनायक थाना मदनापुर में श्यामवीर पुत्र रामनाथ ने शराब के नशे में मुझे रोका और मुझसे कहा मुझे दारू पिलाओं मेरे मना करने पर मुझे लाठियों से मारापीटा। जिससे मेरा बाया पैर टूट गया। जिसकी रिपोर्ट/ एनसीआर नं0-05/2024 थाना-मदनापुर में दर्ज करायी और अपनी चोटों का डॉक्टरी परीक्षण कराया। जिसमें पप्पू के गम्भीर रूप से चोटिल हो गया जिस पर थाना मदनापुर पुलिस ने युवक की किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जिससे वह मजबूरन पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचा पीड़ित को पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि उक्त दबंग के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विचारों में परिवर्तन से ही जीवन में शान्तिः विनम्रसागर



अवधनामा संवाददाता

- अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनिश्री ने किया धर्मसभा को सम्बोधित
- मुनिसंघ की ललितपुर में हुई प्रभावना पूर्ण अगुवाई

**ललितपुर।** संत शिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विनम्रसागर महाराज ने अभिनंदनोदय तीर्थ परिसर में धर्मसभा में कहा कि संबंधों में विशुद्धि बने और एक दूसरे के पूरक बनकर कार्य करें तो इससे विचारों में निर्मलता रहेगी और समाज का विकास होगा। मुनिश्री ने ललितपुर में अभिनंदनोदय तीर्थ के दर्शन के उपरान्त सुखद अनुभूति व्यक्त करते हुए कहा आप लोगों ने अपने गुरूजनों के आशीर्वाद से अपने धन को परमार्थ में लगाकर ऐसे पवित्रतम जिनालयों का सामूहिक सहयोग से निर्माण कर लिया जिसके लिए साधुवाद के पात्र हैं। कहा कि जिनालयों में विराजित प्रतिमाओं की विशुद्धि अपने जीवन में उतारें तो मानव जीवन सार्थक हो जाएगा। पारिवारिक क्लेश पर मुनिश्री ने चुटकी लेते हुए कहा हमें अपने विचारों में परिवर्तन लाना होगा। इसके पूर्व दिगम्बर जैन पंचायत समिति, देवोदय तीर्थ देवगढ मैनेजिंग कमेटी, सतोदय तीर्थ सेरोन जी, शान्तोदय तीर्थ सेरोनजी कमेटी के पदाधिकारियों के साथ नगर की स्वयंसेवी संस्थाओं ने मुनि संघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। प्रारम्भ में संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की पूजन हुई जिसमें श्रावकों ने अर्घ समर्पित किया। सुबह मुनि संघ का हाईवे गल्ला मण्डी से नगर में मुनिश्री विनम्रसागर महाराज एवं संघस्थ मुनि निस्वार्थ सागर, मुनि निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनि श्रमणसागर एवं क्षुल्लक हीरक सागर महाराज का प्रवेश हुआ।

# जामा मस्जिद ताजखानपुर के मदरसे में 20 बच्चों ने किया कलाम पाक मुकम्मल

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** ताजखानपुर गांव के 8 साल से 10 साल तक के बच्चे और बच्चियों ने कुरान पाक नाजरा मुकम्मल किया जिसके मौके पर गाँव मस्जिद के ईमाम इलियास साहब व प्रधान प्रतिनिधि सरवर खान मिठाईयां खिला कर टोपी व कुरान शरीफ देकर बच्चों की हौसला अफजाई की इस प्रोग्राम में गाँव के कई सख्सियत तशरीफ लाये जामा मस्जिद ताजखानपुर के मदरसे के कारी व हाफिज मो0 कलीम खान की ताजखानपुर मस्जिद के ईमाम हाफिज मोहम्मद इलियास साहब ने बहुत सराहना की। मौके पर तशरीफ लाए ईमाम हाफिज मोहम्मद इलियास साहब ने अपने बयान मे हलाल-ओ-हराम काम पर बयान किया आज के नौजवानों को चौराहों पर खड़े होने की नसीहत देकर अपने भाई और बहनों की इज्जत तथा समाज से बुराइयों को खत्म करने व हक बात को आम करने की नसीहत दी अखलाक पर जोर देते हुए पड़ोसियों का हक अदा करने की बात कही उन्होंने फरमाया पड़ोसी किसी भी कौम का हो किसी भी बिरादरी का हो किसी भी मजहब को मानने वाला हो उसका हक मुसलमान पर फर्ज है किसी तरह की तकलीफ उनको नही देनी चाहिए हर तरह से पड़ोसी का खयाल रखा जाना चाहिए इस मौके पर तैय्यब अंसारी चच्चा,मास्टर नूर जमाल,अतीक खान, अहमद रजा उर्फ कल्लू , मो0 तारिक खान, साकिर खान, आजाद उर्फ लड्डू, मुस्ताक खान, मुन्ना , मोजिब खान, नसीर खान, नजर खान, डंगर खान, रुखसार अंसारी, नियाज अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# जितेन्द्र कुमार को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

- सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रथम पुरुस्कार से सम्मानित किया गया

**बिरधा (ललितपुर)।** कस्बा बिरधा के सांस्कृतिक कलाकार जितेंद्र कुमार को मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया, जिसको लेकर बिरधा क्षेत्रवासियों में हर्ष है। पुरुस्कृत होकर वापस आये जितेन्द्र को कस्बावासियों ने स्वागत करते हुये फूलमालाओं से लाद दिया। इस दौरान राजकुमार शर्मा, भूषण तिवारी, के.पी.बुंदेला, जिला पंचायत सदस्य जाखलौन अमर सिंह विश्वकर्मा घुटारी, जिला पंचायत सदस्य बिरधा रामू कुशवाहा, संजय मोदी, करीम खान, शब्बीर खान, दौलतराम विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह, प्यारेलाल साहू, कमलेश सविता, कल्याण रजक, घनश्यामदास कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, अजित सिंह, जगदीश कुशवाहा, अरविंद्र साहू, कोमल चंदेल, खालिद खान, नबाब शाह, नत्थू साहू, गोरेलाल साहू, रविन्द्र साहू, रामकुमार साहू, प्रमोद कुशवाहा, राजीव साहू, धर्मपाल सिंह, गौरव पाराशर, अंग्रेश शर्मा, जितेंद्र सिंह, जगनलाल एड., राजेंद्र सिंह बुंदेला, शेरसिंह, हरगोविंद रजक एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 23.02.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 000502024 दिनांक 29.01.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के तहत बनारस–जंघई–रायबरैली–अमेठी (प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटे अनुभाग) और जंघई–फाफामऊ अनुभाग पर आरसीसी बॉक्स के साथ स्टोन स्लैब पुलों (44 संख्या) का प्रतिस्थापन का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 9,60,01,951.21 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 6,30,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 09.02.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.02.2024 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 308/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक बार फिर मोदी सरकार के लगे जयकारे: दयाशंकर

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** एक बार फिर मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंम्भ दीवाल लेखन अभियान के अंतर्गत सोमवार देर शाम लोकसभा 80 के राबर्ट्सगंज विधानसभा के नगर के बूथ सं0-22 पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री/लोकसभा कलस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्रा दयालु भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व सदर विधायक भूपेश चौबे ने दीवाल लेखन किया।

उ0प्र0 सरकार के राज्यमंत्री/कलस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्रा दयालु ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में समाज का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है, मोदी जी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है 2014 से लेकर अब तक तमाम योजनाओं के माध्यम से विकास की किरण अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। भौतिक विकास से लेकर आध्यात्मिक धरोहरों तक के विकास व पुनरोद्धार का कार्य तेजी से चल रहा है जिसका उदाहरण देश भर मे बन रही सड़के विश्वविद्यालय, चिकित्सा विश्वविद्यालय सहित अनेको विकास परियोजनाएं है साथ ही साथ अयोध्या मे भगवान राम जी की प्राण प्रतिष्ठा भी हुयी। हम सभी पुनः मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है।

भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि जनपद के प्रत्येक बूथ तक दीवाल लेखन का कार्य किया जाना है, जनप्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख जिला पदाधिकारी व मण्डल प्रभारी मण्डल अध्यक्ष व बूथ तक के पदाधिकारियों को अपने द्वारा दीवाल लेखन का कार्य करना है, और मोदी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा हर गांव नही अपितु हर परिवार के प्रत्येक व्यक्ति तक कि जा रही है जनता भी मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है। विन्ध्य कारीडोर मां विन्ध्यवासिनी कारीडोर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों को नई पहचान देकर मोदी जी ने देश को विश्व पटल पर स्थापित किया है। निश्चित ही इस देश को मोदी जी जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है और हम सभी पुनः 2024 लोकसभा चुनाव मे भाजपा का परचम लहराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, बलराम सोनी, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा, नगर पालिका चेयरमैन रुबी प्रसाद, अनूप तिवारी, संतोष शुक्ला, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, शंम्भू नारायण सिंह, रुबी गुप्ता, रंजना पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने राठ सीएचसी का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

- मेडिकल स्टोरों के संचालक व दलाल एसडीएम को देखते हुए फरार

**हमीरपुर।** राठ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आज उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने औचक निरीक्षण किया। एसडीएम के अपनी गाड़ी से उतरते ही वहां पर मौजूद लगभग एक दर्जन मेडिकल स्टोरों के दलाल व संचालक भागते हुए नजर आए। वहीं एसडीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में मौजूद दवाओं के दलालों की उपस्थिति से बेखबर रहे। जिसके बाद उन्होंने राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान आयुष्मण केंद्र, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी कक्ष व रजिस्ट्रेशन (पर्चा) काउंटर का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। बता दें कि राठ का सरकारी अस्पताल बाहर संचालित हो रहे मेडिकल स्टोरों व उनके दलालों की ऐशगाह बन चुका है। मेडिकल स्टोरों के संचालक दवाओं की दलाली के एवज में सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को मोटी रकम देकर आने वाले सीधे साधे गरीब मरीजों को बाहर की दवाएं खरीदने के लिये मजबूर करते हैं। अस्पताल में जितने भी चिकित्सक मौजूद हैं। लगभग सभी चिकित्सक मेडिकल स्टोरों के संचालकों एवं उनके दलालों के इशारों पर मरीजों के साथ मर्ज ठीक करने के लिए नाम पर लूट खसोट के कार्यों को अंजाम देते हैं। आमतौर पर देखा जा सकता है कि प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में मेडिकल स्टोरों के दलाल और मेडिकल स्टोर उनके संचालक गिद्धों की तरह अस्पताल में अपना इलाज करने के लिए आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों तथा डॉक्टरों एवं कर्मचारियों के पास मंडराते हुए नजर आते हैं। वहीं एसडीएम विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि उन्होंने राठ सीएचसी का आज निरीक्षण किया है। बताया कि उन्हें सभी व्यवस्थाएं सामान्य मिली हैं। सभी कर्मचारी भी उपस्थित मिले हैं। उन्होंने बताया कि उनके निरीक्षण के दौरान 10 आयुष्मान कार्ड बन चुके थे। ओपीडी में 30 पर्चे भी काटे जा चुके थे। जिसमें से 20 लोग दवा भी ले चुके थे। मेडिकल स्टरों के दलालों और उनके संचालकों की मौजूदगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें मेडिकल स्टरों के दलालों की मौजूदगी की जानकारी नहीं थी। बताया कि इस संबंध में वह सीएचसी अधीक्षक से बात करेंगे साथ ही कहा कि सीएचसी में दलाली करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# शिशु स्वास्थ्य को जागरुकता हेतु "हेल्दी बेबी शो" का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/रेणुकूट।** शिशु स्वास्थ्य को जागरुकता हेतु हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालय रासपहरी में ''हेल्दी बेबी शो'' का आयोजन संस्थान के मुखिया एन. नागेश के मार्गदर्शन में एंव ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख अविजीत के नेतृत्व में किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण माताओं को स्वंय एवं बच्चे की साफ-सफाई, उनके स्वास्थय पोषण, टिकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरुक करना था। इस दौरान कुल 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को उम्र के हिसाब से शून्य से एक, एक से तीन, और तीन से पांच वर्ष की श्रेणियो में विभक्त कर ग्रामीण विकास विभाग के चिकित्सक डॉ. डी.पी. सक्सेना द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सक्सेना ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी श्री राजेश सिंह ने माताओं को जानकारी देते हुए कहा कि समय-समय पर बच्चों के टीकाकरण, साफ-सफाई एवं खान-पान पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है जिससे बच्चों का सही मानसिक एवं शारीरिक विकास संभव हो सके। डॉ. सक्सेना ने बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर निर्णायक की भुमिका का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किया। उन्होंने माताओं को उनके एवं बच्चों के लिए जरुरी पोषण हेतु आहार तालिका की भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगला प्रसाद, राजेन्द्र, मनोज कुमार, रेहाना खातून एंव ग्रामीण विकास विभाग की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# एनसीएल एनएससी ने लगाया निःशुल्क शिविर



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** मंगलवार को नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनसीएल) ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत निःशुल्क न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी और ऑर्थोपेडिक्स शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली के प्रसिद्ध विशेषज्ञों- न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ- डॉ. पीके सचदेवा, नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ- डॉ. अनुपम रॉय, आर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ - डॉ. आशीष तनेजा और कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ- डॉ. रितेश संगुराई के द्वारा उपस्थित सभी का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्जरी की गई। इस दौरान कुल 145 लाभार्थियों ने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया जिसमें से 2 घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी भी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एनएससी) डॉ. एस. के. मिश्रा व उनकी टीम उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनएससी (एनसीएल) द्वारा समय समय पर ऐसे अनेक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन को लेकर सदर विधायक भूपेश चौबे ने दिलाई शपथ



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** मंगलवार को महात्मा गाँधी के पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भाती राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सदर विधायक भूपेश चौबे जी के द्वारा कुष्ठ विभाग से पुष्पेंद्र शुक्ला के द्वारा वार्ड नंबर 20 के नागरिकों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव न करने की तथा कुष्ठ रोग को समाज से मिटाने की शपथ दिलाई गयी साथ ही यह घोषणा की गयी के हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेंगे, कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने का प्रयास करेंगे। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले मे उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेंगे इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यो के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने देंगे इस अवसर पर वार्ड न 20 के सभासद चंद्र प्रकाश दूबे, विशाल सिंह, राजेश चौबे, अखिलेश दूबे आदि वार्ड वासी उपस्थित रहे उसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया साथ ही समस्त कर्मचारियों को कुष्ठ रोग से भेदभाव न करने की शपथ दिलाई गयी इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ जयवर्धन, पी के निगम, महेंद्र कुमार, अल्ताफ अली, मनोज कुमार, नसीम शाह, सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया नगर पालिका दफ्तर का औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**कालपी।** शासन की मंशानुरूप जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी कार्यालय, जन्म मृत्यु पंजीकरण कक्ष,अभिलेखापाल आदि पटलों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका की किराए की दुकान के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा पालिका के आमदनी के स्रोत की जानकारी ली। जलकर गृहकर और भवन कर की कम वसूली पर निर्देशित किया कि वसूली में तेजी लाई जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन से स्वकर प्रणाली के तहत पालिका की आय बढ़ाने के लिए सदन से अनुमोदन कर व्यवसायिकों पर निर्धारित कर लागू किया जाए। उन्होंने जीपीएफ पासबुक, सर्विस बुक, कैश बुक रजिस्टर, लॉग बुक आदि को देखा गया जिसमें अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई। लॉग बुक में न तो ड्राइवर के हस्ताक्षर और न तो सत्यापित अधिकारी द्वारा लॉग बुक को सत्यापित किया गया। जिस पर संबंधित प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र व संपत्ति के नामांकरण लंबित होने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। 15वें वित, राज्य वित्त एवं अन्य मद से कार्य कराये जा रहे, जबकि कार्यदेश निर्गत करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुबंध पर अधिशाषी अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं थे।

# एनटीपीसी रिहंद सीएसआर के तहत ग्राम सुपाचुआं में ग्रामीणों को किया गया कंबल वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा 29 जनवरी को विकास खंड म्योरपुर के ग्राम पंचायत सुपाचुआं में संजीव कुमार गोंड माननीय राज्य मंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाती एवं जनजाति विभाग उत्तर प्रदेश एवं परियोजना प्रमुख रिहंद पंकज मेदीरत्ता तथा मानसिंह गोंड, ब्लॉक प्रमुख (म्योरपुर) की गरिमामयी उपस्थिती में वृद्ध, विधवा तथा दिव्या- महिला एवं पुरुष लाभार्थीयों को एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर के अंतर्गत 600 कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी द्वारा अपने उद्बोधन में एनटीपीसी रिहंद द्वारा संपूर्ण सोनभद्र जिले में किए जा रहे विकासोन्मुखी कार्य तथा सड़कों का निर्माण एवं रखरखाव, विद्यालयों के पठन पाठन सामग्री का वितरण, स्मार्ट क्लास, आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति, एमएमयू द्वारा ग्रामीणों एवं मातृत्व लाभ प्रदान किया जाना आदि सामाजिक कार्यों का उल्लेख किया।

ब्लॉक प्रमुख द्वारा एनटीपीसी रिहंद सीएसआर द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की गई। परियोजना प्रमुख रिहंद पंकज मेदीरत्ता द्वारा ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि समय-समय पर एनटीपीसी रिहंद सीएसआर की ओर से सामाजिक कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर सुपाचुआं के प्रधान राम नारायण जी एवं आस-पास ग्राम पंचायत के प्रधानों के साथ साथ अन्य लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) जाकिर खान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संतोष कुमार उपाध्याय एवं उप प्रबंधक (मानव संसाधन) अरविन्द कुमार शुक्ल के साथ-साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## क्रेन ने वृद्ध को रौंदा, अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**हमीरपुर।** एक अनियंत्रित क्रेन ने राहगीर को रौंद दिया है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे को अंजाम देकर क्रेन चालक क्रेन छोड़ कर फरार हो गया है। लोगों ने बताया की चालाक क्रेन को अनियंत्रित गति से चला रहा था इसी वजह से यह हादसा हुआ है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए क्रेन को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा मौदहा कोतवाली कस्बे में स्टेट बैंक के सामने हुआ है। यहां बांदा की तरफ से अनियंत्रित गति से आ रही एक क्रेन ने स्टेट बैंक के सामने एक वृद्ध को रौंद दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया की कस्बे के रहने वाले 65 वर्षीय वेद प्रकाश गुप्ता गुटका की दुकान से गुटका लेकर सड़क पार कर रहे थे इसी दौरान अनियंत्रित गति से आई क्रेन ने उनको रौंद दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर



**हमीरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर मे स्टेशन रोड स्थित सिचाई विभाग की बंधी काट कर बनायी जा रही है सड़क ममाला कस्बा सुमेरपुर जिला हमीरपुर के लक्ष्मी बाई तिराहा जीत नर्सिंग होम के ठीक समाने का है जहां पर बस स्टाप से लेकर स्टेशन तक सिचाई विभाग की बंधी है जिसका मुकदमा उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे चल रहा है और सिचाई विभाग की बंधी मे स्थित मकानो मे भी बुलडोजर चलने का कोर्ट का आदेश है मगर जिला प्रशासन की सुस्ती के कारण यह मामला ठंडे बस्ते में पड़है वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष ने बंधी के उसपार करोड़ो रुपये की प्रोपार्टी खरीद कर डाल दी है और अपनी प्रोपर्टी महंगी बेचने के लिये बिना आबादी वाली जगह पर नगर पंचायत के पैसे से सड़क नाली का निर्माण कर रहे है जिससे चेयर मेन के प्लाट मंहगे बिक सके इस उद्देश्य से सिचाई विभाग से बिना परमिशन के बंधी काट कर सड़क का निर्माण कर रहे है। वही दूसरी ओर नगर मे सड़के टूटी पड़ी है और नगर के निवासी बरसात मे परेशान होते है आबादी वाली जगह मे विकास न कारा कर चेयर मेन अपनी जमीनो का विकास कर रहे है।

## बाइक सवार को टक्कर मारकर खाई में घुसी कार



**हमीरपुर।** दो सड़क हादसे हुए हैं। इन हादसों में एक बाइक सवार सहित एक ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से बाइक सवार को कानपुर रेफर किया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए हादसे को अंजाम देने वाली ओमनी वैन को कब्जे में ले लिया है। पहला हादसा सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव के पास हुआ है। यहां तेज रफ्तार ओमनी वैन ने बाइक सवार को टक्कर मारी और खुद भी खाई में चली गई। इस हादसे में 20 वर्षीय बाइक सवार विपिन कुशवाहा जो कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव का रहने वाला है गंभीर घायल हुआ है। वहीं वैन में सवार सभी लोग वैन छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए घायल को जिला अस्पताल भेजा था, जहां से उसे कानपुर रेफर किया गया है। दूसरा हादसा मुस्करा थाना क्षेत्र में हुआ है। यहां टेंट का सामान लादकर जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया है। ट्रैक्टर पलटने से ट्रैक्टर चालक नीतू दबकर गंभीर घायल हुआ है। नीतू बिवांर थाना कस्बे का रहने वाला है जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

## दो स्थानों पर छापेमारी कर पकड़े आठ जुआरी



**मौदहा हमीरपुर।** जनपद में अपराध रोकने के आलाधिकारियों के आदेश पर अमल करते हुए थाना प्रभारी सिसोलर ने क्षेत्र के भुलसी और भैंसमरी में छापेमारी कर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे भुलसी निवासी सबी पुत्र शब्बीर,सददाम पुत्र हसमत,भूरा पुत्र जन्नती और कृष्ण कुमार पुत्र राम मनोहर सभी निवासी ग्राम भुलसी और भैंसमरी में छापेमारी कर राजकरन सिंह पुत्र शिवबालक सिंह,राममिलन वर्मा पुत्र स्वामीदीन, सुरेश यादव पुत्र मदनपाल यादव और भवानीदीन वर्मा पुत्र छोटा सभी निवासीगण भैंसमरी को गिरफ्तार किया है। दोनों फड़ो से पुलिस ने लगभग साढेतीन हजार रुपये बरामद कर सभी के विरुद्ध जुए की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में दो घायल, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में हुए दो अलग अलग हादसों में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढोरी निवासी मुबीन(30)पुत्र निसारुददीन और खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम खिरुई कम्हरिया निवासी पंचा (62)पुत्र मुरलया सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए परिजनों द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को गंभीर घोंटो के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# ब्लैक पैंथर टीम ने टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीता

- अतिथियों ने विजेता और उप विजेता टीम को किया पुरस्कृत

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।**पैरा मेडिकल कालेज एंड नर्सिंग स्कूल नरैनी रोड तिंदवारा में मंगलवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 26 जनवरी को टूर्नामे।ट का आगाज डीपीटी वारियर्स बनाम ब्लैक पैंथर के बीच मैच से हुआ था, जिसका मंगलवार को फाइनल मैच ब्लैक पैंथर बनाम रायल चैलेंजर्स के बीच हुआ। इसमें ब्लैक पैंथर ने रायल्स चैलेंजर्स के द्वारा निर्धारित किए गए 90 रन के लक्ष्य को एक विकेट के नुकसान पर हासिल करके बीपीएमसी चैंपियस ट्राफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि एडीएम अमिताभ यादव और विशिष्ट अतिथि इरफान उल्ला खान डिप्टी कलेक्टर रहे। अतिथि के तौर पर फसी उल्ला खान रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता और पराजित टीम को पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैच के अंपायर जितेंद्र कुमार और फेजान मसूदी, स्कोरर डा. आनंद, मनोज त्रिपाठी रहे। यह जानकारी चेयरमैन मकबूल अली खान और डायरेक्टर डा. जरीना खान ने दी। इस कार्यक्रम में कालेज का सभी स्टाफ प्रिंसिपल सीमा सईद, प्रिंसिपल डीपीटी डा. ज्ञान प्रकाश, डा. प्रदीप, शमीम खान, भारिया अहमद, सविता, आकाशदीप, राधेश्याम, प्रियांशु, शिवाकांत, मुकेश आकांक्षा शुक्ला, वैशाली, कृतिका, अनुजा, साक्षी, अंकिता, अजीत, अबरार अहमद, सद्दाम अंसार आदि मौजूद रहे।

# शवदाह गृह रुकवाने की मांग को लेकर डीएम से की शिकायत

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** लगभग एक सप्ताह से अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद तहसीलदार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कराई थी लेकिन उसके दूसरे दिन ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर शवदाह गृह का निर्माण रुकवाने की मांग की है। विकास खण्ड के भुलसी के लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव के बाहर स्थित राम जानकी मंदिर के निकट शवदाह गृह बनवाया जा रहा है जिससे मंदिर के आसपास दुर्गंध और प्रदूषण फैलेगा जिसके चलते शवदाह गृह का निर्माण गांव से बाहर केन नदी के तट पर कराया जाए।इस दौरान संतोष पुजारी, अनारकली, शिवकुमार, हरप्रसाद, राजबहादुर सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।वहीं इस सम्बंध में ग्राम प्रधान लल्लू राम ने बताया कि गांव के लोग ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा किए हुए हैं और जिसके चलते उन्होंने जिलाधिकारी से शिकायत की थी जिसके बाद तहसीलदार अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे और जमीन की नापजोप कराई थी इसी बात को लेकर उक्त लोगों द्वारा शिकायत की गई है।

# तेजी के साथ पूरे किए जाएं विकास कार्य: आयुक्त

**अवधनामा संवाददाता**

- मंडलीय विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की हुई समीक्षा
- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास की प्रगति समीक्षा भी हुई



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विकास कार्यों को तेज गति के साथ गुणवत्तायुक्त तरीके से पूर्ण किया जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वन ड्राप मोर क्रॉप के अन्तर्गत स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सिंचाई के लिए 42 हजार हे0 भूमि का रजिस्टेश्रन किये गये हैं, उसकी टोकन मनी दस प्रतिशत धनराशि जमाकराकर शीघ्र आवेदकों को योजना से लाभान्वित करायें। आयुक्त ने ग्राम विकास के अन्तर्गत एनआरएलएम समूहों को बैंको से सीसीएल कराकर धनराशि दिलायी जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी महोबा एवं बांदा को आवास निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल-जीवन मिशन हर घर नल योजना में लक्ष्य के अनुरूप जल के लिए कनेक्शन दिये जाने तथा खोदी हुई सड़कों की शत प्रतिशत मरम्मत कराकर एक माह में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। अधिशाषी अभियंता जलनिगम ने बताया कि जनपद में 2 लाख 60 हजार पानी के कनेक्शन दिये गये हैं तथा हमीरपुर में 89 प्रतिशत कनेक्शन लक्ष्य के अनुरूप दिये गये हैं। आयुक्त ने पंचायती राज विभाग के द्वारा व्यक्तिगत शौचालय, 15वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त में प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए माडल गॉवों में विकास कार्यों को तेज गति पूर्ण कराये जाने तथा व्यक्तिगत शौचालयों में चित्रकूट जनपद में प्रगति लाने के साथ जीओ टैगिंग का कार्य शत् प्रतिशत रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गौवंश संरक्षण में सुपुर्दगी में किसानों एवं अन्य लोगों को दिये गये गौवंशों का डीबीटी के माध्यम से समय से भुगतान किये जाने तथा शत् प्रतिशत गौवंशों का टीकाकरण कराये जाने एवं कृतिम गर्भाधान में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की समीक्षा करते हुए सेतु के निर्माण के साथ एप्रोच रोड का निर्माण कार्य भी समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि चित्रकूट में 4 सेतुओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा हमीरपुर जनपद में बाईपास का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिस पर आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्य का गुणवत्ता के साथ तेजगति से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना एवं मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना की समीक्षा करते हुए कन्या विवाह सहायता योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने तथा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में चित्रकूट एवं बांदा जनपद में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

# मुकेश शर्मा को लखनऊ लोकसभा के संयोजक की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लखनऊ महानगर संचालन समिति की बैठक उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लोकसभा क्लस्टर प्रभारी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सह प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में संचालन समिति पदाधिकारी के साथ संपन्न हुई। पूर्व महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा को लखनऊ लोकसभा का संयोजक का जिम्मा सौंपा गया है। जबकि अन्य विभिन्न 37 विभागों में संयोजकों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई। सुरेश खन्ना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता है जिनके कठिन परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी पिछले चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करती आई है और आगामी लोकसभा चुनाव में भी सभी को अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए भारी मतों से जीत हासिल करनी है।































